* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 317

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


चंद्रयान-3 और आदित्य-एल 1 के बाद गगनयान की बारीः इसरो द्वारा अक्टूबर महीने में देश के पहले ह्यूमन स्पेस फ्लाइट की परीक्षण उड़ान की संभावना।









# सीएम हेमंत सोरेन पर केस करने का आदेश नहीं दिया है कोर्ट ने

## कोर्ट ने अवैध माइनिंग के लिए पंकज मिश्रा और राहुल यादव पर दिया है आदेश

- जनहित याचिका का निबटारा कर दिया है हाइकोर्ट ने

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने अवैध माइनिंग से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, डीसी रामनिवास यादव, तत्कालीन एसपी सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ केस करने का कोई आदेश नहीं दिया था। कोर्ट ने जनहित याचिका को निपटारा कर दिया था। कहा था कि इस आरोप के संबंध में स्थानीय थाना में एक केस किया जाये। इसमें विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और राहुल यादव का नाम है। आजाद सिपाही के पास कोर्ट के आदेश की प्रति उपलब्ध है। झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने जो आदेश दिया है, उसमें कहा है कि याचिकाकर्ता तीर्थनाथ आकाश और अनुरंजन अशोक ने पंकज मिश्रा और राहुल यादव के खिलाफ हजारों करोड़ के खनन घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाते हुए सीबीआइ निदेशक को इसकी जांच करने की मांग की है। हाइकोर्ट ने कहा कि दस्तावेजों से पता चलता है कि याचिकाकर्ताओं ने इससे संबंधित कोई मामला संबंधित थाने में दर्ज नहीं कराया है। इसलिए इस जनहित याचिका का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ताओं भादवि की समुचित धाराओं में संबंधित थाने में मामला दर्ज कराने की आजादी दी जाती है। यदि वहां मामला दर्ज कराया जाता है, तो संबंधित थाना प्रभारी उसकी जांच करेंगे। यदि उस जांच में प्रथम दृष्टया कोई मामला बनता है, तब सीआरपीसी की धारा 154 के तहत सात दिन के अंदर समुचित आदेश दिया जायेगा।



ORDER

2. By filing the instant W.P (PIL) the petitioners have prayed for directing the Director, CBI to investigate two persons namely Pankaj Mishra & Rahul Yadav for allegedly involvement in mining scam involving thousands of crores of rupees.

3. However, we have gone through the record and find that petitioners have not lodged any FIR before any of the concerned police station having jurisdiction.

हाइकोर्ट के आदेश की प्रति।

### आनलाइन शिकायत की है

तीर्थनाथ आकाश और अनुरंजन अशोक ने साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में ऑनलाइन शिकायत की है, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को आरोपी बनाने का अनुरोध किया है। फिलहाल इस पर कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। न्यायालय ने सीएम के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराने का आदेश भी नहीं दिया है। न्यायालय ने रिट पिटीशन 1954 पब्लिक 2021 मैं जो आदेश दिया है, उसमें मुख्यमंत्री पर केस करने का निर्देश नहीं है।

## न्यूज रील्स

### डुमरी उपचुनाव में 64.84 प्रतिशत मतदान

डुमरी। डुमरी विधानसभा के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदान मंगलवार सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो शाम 5 जे तक चला। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम पांच बजे तक 64.84 फीसदी मतदान हुआ। बारिश के बीच लोगों ने जम कर मतदान किया। चर्चा के मुताबिक मुख्य मुकाबला झामुमो की बेबी देवी और आजसू की यशोदा देवी के बीच है। हालांकि मैदान में 6 प्रत्याशी हैं। अब वोटों की गिनती 8 सितंबर को होगी।

### राहुल की सदस्यता बहाली के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल किये जाने के फैसले के खिलाफ लखनऊ के वकील अशोक पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। मोदी सरनेम केस में गुजरात की एक कोर्ट की तरफ से दोषी करार किये जाने के बाद राहुल की सदस्यता 24 मार्च को रद्द की गयी थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी।

## जी-20: राष्ट्रपति के आमंत्रण पत्र में इंडिया की जगह भारत


# भाजपा खुश तो कांग्रेस समेत विपक्षी दल तमतमाये, जुबानी जंग हुई तेज

- राष्ट्रपति भवन में कार्यक्रम 9 सितंबर को होना है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** 'इंडिया' और 'भारत' को लेकर मंगलवार को अचानक सियासी उबाल आ गया। दरअसल राष्ट्रपति ने जी20 के रात्रिभोज निमंत्रण कार्ड में 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा गया है। इसके बाद भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गयी। इसके उलट कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने इस पर सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने सरकार से कई तरह के सवाल उठाये।

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार आइएनडीआइए (विपक्षी गठबंधन) से डर और नफरत के चलते देश का नाम बदलने में जुटी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल साइट पर लिखा संविधान के अनुच्छेद 1 में पढ़ा जा सकता है। भारत जो इंडिया था, राज्यों का एक संघ होगा। लेकिन अब इस राज्यों के संघ पर भी हमले हो रहे हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सवाल किया कि अचानक क्या हुआ कि 'इंडिया' को सिर्फ 'भारत' कहने की जरूरत पड़ गयी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन बोले कि भाजपा ने 'इंडिया' को बदलने का वादा किया था। अब सिर्फ नाम बदल रही है।



The President of Bharat
requests the pleasure of the company of
Shri Dharmendra Pradhan
at Dinner
on Saturday, September 09, 2023 at 2000 hrs

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि 'इंडिया' हमारे देश के लिए स्वीकार्य नाम है।

वहीं, भाजपा ने जी-20 रात्रिभोज के निमंत्रण में राष्ट्रपति को 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' के नाम से संबोधित किये जाने पर खुशी जाहिर की। पार्टी के नेताओं ने मंगलवार को कहा कि देश के लिए हिंदी नाम का इस्तेमाल उसकी सभ्यता की यात्रा को दिखाता है। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं ने इस बारे में विपक्ष की आपत्तियों को भी खारिज कर दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विश्व नेताओं के जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल 'भारत मंडपम' में शनिवार के लिए राष्ट्रपति की ओर से आयोजित जी20 रात्रिभोज का निमंत्रण पत्र साझा किया। प्रधान ने कहा, 'जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता। जय हो।' केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लिखा कि द प्रेसिडेंट ऑफ भारत। जय हो भारत। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि रिपब्लिक ऑफ भारत, खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमारी सभ्यता अमृत काल की ओर तेजी से बढ़ रही है।

# सनातन धर्म पर टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट से 262 शख्सियतों ने दखल की मांग की

- उदयनिधि के बयान पर 14 जज, 130 ब्यूरोक्रेट्स और 118 रिटायर्ड सैन्य अफसरों ने लिखी चिट्ठी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमिलनाडु।** सनातन धर्म को बीमारी बतानेवाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ 262 शख्सियतों ने सुप्रीम कोर्ट को चिट्ठी लिखी है। इन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट से खुद दखल देने की मांग की है। इनमें 14 जज, 130 ब्यूरोक्रेट्स और सेना के 118 रिटायर्ड अफसर शामिल हैं। इन्होंने तमिलनाडु सरकार के खिलाफ स्टालिन पर कोई एक्शन ना लेने के लिए कार्रवाई करने की मांग की है।

पत्र लिखने वालों में तेलंगाना हाइकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस के श्रीधर राव, पूर्व डिफेंस सेक्रेटरी और राज्यसभा के पूर्व महासचिव आइएएस योगेंद्र नारायण, भारत सरकार के पूर्व सचिव आइएएस समीरेंद्र चटर्जी और आइएएस धनेंद्र कुमार, पूर्व रॉ चीफ आइपीएस संजीव त्रिपाठी भी शामिल हैं। उदयनिधि ने 2 सितंबर को सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की। उन्होंने कहा कि मच्छर, डेंगू, फीवर, मलेरिया और कोरोना ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। सनातन धर्म भी ऐसा ही है। उधर, उदयनिधि अपने बयान पर कायम हैं। उन्होंने 3 सितंबर की शाम को फिर से सनातन धर्म को खत्म करने की बात दोहरायी।

पत्र लिखने की पहल दिल्ली हाइकोर्ट के पूर्व जज एसएन ढींगरा और शिपिंग सेक्रेटरी गोपाल कृष्ण ने की थी। इन्होंने हेटस्पीच रोकने और शांति-व्यवस्था संभालने के लिए विचार करने की मांग भी की है। पत्र में लिखा गया कि उदयनिधि स्टालिन ने भारत के एक बड़े हिस्से के खिलाफ नफरत फैलाने वाला भाषण दिया है। संविधान में भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, इसलिए यह बयान सीधे तौर पर संविधान के खिलाफ है। इसके अलावा तमिलनाडु सरकार ने स्टालिन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि उन्हें बचाने की कोशिश की। यह कानून का उल्लंघन है। गौरलतब है कि 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को नफरत फैलाने वाले भाषण या बयान पर तुरंत एक्शन लेने का आदेश दिया था। पत्र में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का हवाला दिया गया और लिखा कि तमिलनाडु सरकार ने एक्शन लेने में देरी की, यह सुप्रीम कोर्ट का अपमान है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |



# विपक्ष कहता है मोदी हटाओ, लेकिन कैसे, यह कोई नहीं बताता

## ■ सिर्फ बैठक, भोज और मोदी विरोध से तो आइएनडीआइए अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता

## ■ उदयनिधि स्टालिन जैसे बड़बोले नेता भी हैं, जो विपक्षी एकता की हवा निकाल रहे हैं

## ■ राहुल गांधी की बहुप्रचारित मुहब्बत की दुकान पर नफरत परोसा जा रहा है

**तमिलनाडु के युवा मामलों के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद गर्म हुए राजनीतिक माहौल में एक सवाल तैरने लगा है और वह यह कि विपक्ष के मोदी हटाओ के नारे का इस तरह की टिप्पणी के बाद कितना असर पड़ सकता है। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है कि पिछले एक साल से, जब राहुल गांधी की बहुप्रचारित भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई थी और उनकी मुहब्बत की दुकान खुलने का दावा किया जा रहा था, तब से लगातार मोदी हटाओ का नारा बुलंद किया जा रहा था, लेकिन अब जाकर यह नारा लगानेवालों को समझ में आ गया है कि नारा तो ठीक है, लेकिन मोदी को हटाया कैसे जाये, इसका रास्ता क्या हो सकता है, यह तो कोई बता ही नहीं रहा है। विपक्षी दल एकजुट होकर आइएनडीआइए नामक छतरी के नीचे तो आ गये हैं और मजबूत इरादा भी जाहिर कर चुके हैं, लेकिन दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बन चुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां पहुंच चुके हैं, वहां तक इस तरह के हथकंडों की पहुंच नहीं है। केवल बैठक और भोज के सहारे मोदी को हराना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। और इस नामुमकिन टास्क को दुरूह बनाते हैं उदयनिधि स्टालिन जैसे नेताओं के उलजुलूल बयान और इस बयान का समर्थन करते विपक्ष के कई और नेता और तो और ममता-नीतीश-केजरीवाल की महत्वाकांक्षा भी तो है। लालू यादव का राहुल गांधी के लिए प्रेम से परोसा गया मटन भोज से तो मोहब्बत की दुकान तो जरूर चल सकती है, लेकिन चंपारण मटन के फॉर्मूले से मोदी को हराया तो नहीं जा सकता। तो फिर मोदी को हराने का रास्ता तो फिलहाल बंद ही दिख रहा है। क्या है पूरा मामला और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

**थोड़ा** पीछे चलते हैं। 1971 में लोकसभा का चुनाव हो रहा था। इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। चुनाव में इंदिरा का नारा था 'गरीबी हटाओ', जबकि उनके खिलाफ विपक्षी दलों के मोर्चे ने 'इंदिरा हटाओ' का नारा बुलंद किया था। चुनावी सभाओं में इंदिरा कहती थीं, 'वे कहते हैं इंदिरा हटाओ, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ।' इंदिरा गांधी ने इन 10 मामूली शब्दों के साथ उस चुनाव में विपक्षी दलों के विशाल मोर्चे को हरा दिया था। उस 'महागठबंधन' में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (ओ), संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी, स्वतंत्र पार्टी और भारतीय जनसंघ के बीच गठबंधन था। इसमें के कामराज, मोरारजी देसाई, एस निजलिंगप्पा, मीनू मसानी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज नेता थे। इनमें से कुछ नेता इंदिरा गांधी से भी अधिक समय से राष्ट्रीय राजनीति और कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रहे थे। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी को ठीक दो साल पहले 1969 में कांग्रेस (ओ) और कांग्रेस (आइ) के बीच बंटवारे का सामना करना पड़ा था। 'ओ' का मतलब असली था और 'आइ' का मतलब इंदिरा था। इसका मतलब था कि वह कांग्रेस की इकलौती नेता नहीं थीं। सत्ता के लिए उनकी दावेदारी को चुनौती देने के लिए पार्टी के कई दिग्गज एक साथ मिल गये थे। फिर भी उन सबका मिल कर भी इंदिरा गांधी से कोई मुकाबला नहीं था। उन्होंने कांग्रेस के अपने गुट को 518 में से 352 सीटों के साथ भारी जीत दिलायी। उस समय के महागठबंधन को महज 53 सीटें मिलीं।

### महागठबंधन का वर्तमान दौर

अब लौटते हैं वर्तमान हालात और 2024 की संभावनाओं पर। आज भाजपा और इसके सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के सामने 26 विपक्षी दलों के महागठबंधन का एक नया रूप है, जिसकी हाल ही में मुंबई में तीसरी बैठक संपन्न हुई है। पिछले वाले के उलट इसने अपना एक आकर्षक नाम आइएनडीआइए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस या भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन) दिया है। अगर कोई इसके सभी साझेदार दलों के नेताओं के भाषणों को सुने, तो यह साफ हो जायेगा कि इनका मुख्य एजेंडा अगले संसदीय चुनावों में मोदी को हराना है। इसके नेताओं ने नारा तो 'मोदी हराओ' का दे दिया है, लेकिन इसके प्रति ये कितने गंभीर हैं, इसकी विवेचना अभी बाकी है।

एक साल पहले राहुल गांधी ने अपनी बहुप्रचारित भारत जोड़ो



यात्रा के सहारे 2024 में कांग्रेस को पुनर्जीवित करने का अभियान शुरू किया था। साढ़े तीन हजार किलोमीटर की इस यात्रा से उनकी छवि बदली, लेकिन जहां तक कांग्रेस की संभावनाओं का सवाल है, तो यह उनके ही बयानों-टिप्पणियों से धूमिल पड़ती गयी। कभी अमेरिका और ब्रिटेन जाकर भारत विरोधी स्टैंड, तो कभी आर्थिक मसलों पर अनर्गल टिप्पणियों ने राहुल गांधी की सुधरी हुई छवि को बिगाड़ना शुरू कर दिया। उनकी 'मुहब्बत की दुकान' हिमाचल और कर्नाटक विधानसभा चुनावों में जरूर खुली, लेकिन देश के दूसरे हिस्सों पर या तो वैसी दुकानें खुली ही नहीं या फिर उन पर ताला लगने लगा। राहुल चुपचाप यह सब देखते रहे। राजद सुप्रीमो लालू यादव द्वारा दूल्हा करार दिये जाने के बावजूद राहुल 'मोदी हराओ' का रास्ता नहीं बता सके, बल्कि खुद आजादपुर सब्जी मंडी से हरियाणा के खेतों तक और ट्रक ड्राइवरों के साथ शिमला से बाइक से लेह-लद्दाख जाने के रास्ते पर आगे बढ़ते रहे।

लगभग इसी दौरान कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे, राजद के चंद्रशेखर, सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य और टीएमसी की ममता बनर्जी की देखादेखी तमिलनाडु के युवा द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन भी बदजुबानी पर उतर आये। सनातन धर्म, इसके महान ग्रंथों और परंपराओं के खिलाफ इन नेताओं की टिप्पणी से विपक्षी दलों को नुकसान ही होनेवाला है।

### मोदी और भाजपा की लोकप्रियता

विपक्षी दलों के इस असमंजस के बरअक्स एक नजर मोदी और भाजपा की रणनीति पर डालना जरूरी हो जाता है। यदि 1971 में इंदिरा गांधी के 10 शब्दों से उधार लेकर मोदी 2024 में एक नारा बना देंगे, तो कल्पना की जा सकती है कि विपक्ष कहां होगा। पीएम मोदी ने इस साल स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से भारत की तीन समस्याओं का जिक्र किया था। वे समस्याएं थीं, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण। इन तीन में से यदि केवल तुष्टिकरण को ही नारे में ले लिया जाये, तो इसका 140 करोड़ की आबादी और करीब 110 करोड़ मतदाताओं वाले देश में क्या असर होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। नारे से अलग देखें, तो मतदाताओं के सामने मोदी की अपील उनकी सरकार के दो कार्यकाल की कामयाबियों और उन्हें आगे बढ़ाने और मजबूत करने के वादे पर निर्भर करेगी। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत ने 2014 के बाद से कुछ क्षेत्रों में शानदार तरक्की की है। हमारी अर्थव्यवस्था दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले काफी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हमारे बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण और विस्तार जिस तरह हुआ है, वह लोगों को दिखाई देता है। हमारा राजमार्गों का विश्वस्तरीय नेटवर्क पहले के मुकाबले बहुत बड़ा हो गया है। वंदे भारत ट्रेनों की मौजूदगी ने भारतीय रेलवे को एक नया तेवर दिया है और यह मध्यवर्ग की ख्वाहिशमंद जनता की निगाहों से छिपा नहीं है, जिसका आकार बढ़ता जा रहा है। दुनिया में भारत की छवि काफी मजबूत हुई है और यह भी मोदी सरकार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा जहां तक भाजपा के समर्पित हिंदुत्व वोट की बात है, यह विपक्ष के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति से प्रभावित होता रहेगा।

### आइएनडीआइए को भाजपा को हरानेवाली रणनीतियों पर जोर देना होगा

तो फिर सवाल वही है कि मोदी को हराने का रास्ता क्या हो सकता है। अगर महागठबंधन ज्यादा से ज्यादा सीटों पर भाजपा के खिलाफ एक साझा उम्मीदवार खड़ा कर पाता है, तो भाजपा को पिछले दो चुनावों में विपक्षी वोटों के बंटवारे का जो बड़ा फायदा मिला था, वह कम हो सकता है। लेकिन फिलहाल इसकी संभावना नगण्य है। आइएनडीआइए गठबंधन को कई बड़े राज्यों में यह सामंजस्य दिखाने की जरूरत होगी। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में कांग्रेस और इन पार्टियों के बीच पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश और पंजाब/दिल्ली में सीट बंटवारे की व्यवस्था आसान नहीं होगी। हिंदू और हिंदू धर्म को पानी पी-पीकर गाली देने से भाजपा को लाभ ही होगा। अगर विपक्ष यह सोचता है कि हिंदू धर्म को गाली देकर वह अल्पसंख्यकों के वोट को बल्क में अपने पाले में कर लेगा, तो यह भी याद रखना होगा कि जब अल्पसंख्यक आक्रामक होंगे, उनके वोटों का ध्रुवीकरण होगा, तो हिंदू भी अपनी राह तलाशेगा।

# झारखंड के मोस्ट वांटेड 31 नक्सलियों की एनआइए को तलाश

## इन सभी नक्सलियों पर 50 हजार से 15 लाख तक के इनाम हैं घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को झारखंड के मोस्ट वांटेड 31 नक्सलियों की तलाश है। इन सभी नक्सलियों पर एनआइए ने 95.50 लाख का इनाम घोषित कर रखा है।

बता दें कि एनआइए झारखंड टेरर फंडिंग, विदेशी हथियार बरामदगी समेत कई मामले की जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने कई नक्सलियों और टेरर फंडिंग से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। इसके बाद भी 31 नक्सली ऐसे हैं, जिनकी एनआइए को तलाश है।

**किस नक्सली पर कितना इनाम**

| नाम | इनाम | नाम | इनाम |
|---|---|---|---|
| प्रयाग मांझी | 01 करोड़ | रंथु उरांव | 02 लाख |
| पतिराम मांझी | 15 लाख | अनिल तुरी | 02 लाख |
| ब्रजेश गंझू | 05 लाख | प्रदीप खेरवार | 03 लाख |
| आक्रमण गंझू | 03 लाख | निश्चल गंझू | 03 लाख |
| रामदयाल महतो | 03 लाख | कुंदन खेरवार | 03 लाख |
| अजय महतो | 03 लाख | जितेंद्र नगेशिया | 01 लाख |
| चंचल | 02 लाख | सचिन मारडी | 07 लाख |
| शनिचर हेंब्रम | 50 हजार | अमित मुंडा | 05 लाख |
| नवीन | 04 लाख | गुलशन मुंडा | 02 लाख |
| रविंद्र गंझू | 05 लाख | प्रभात मुंडा | 02 लाख |
| छोटू खेरवार | 05 लाख | रवि | 01 लाख |
| नीरज खेरवार | 04 लाख | अतुल महतो | 01 लाख |
| मृत्युंजय भुइयां | 04 लाख | प्रदीप मंडल | 50 हजार |
| मनीष यादव | 03 लाख | अनम हेस्सा पूर्ति | 50 हजार |
| नागेंद्र यादव | 03 लाख | अघनू गंझू | 03 लाख |

# साहिबगंज में पहाड़िया युवती से गैंगरेप

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात तीन युवकों ने पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। युवती ने मंगलवार को पुलिस को दिये बयान में बताया कि सोमवार की देर रात जब वह शौचालय के लिए निकली थी, तभी एक युवक आया और दो अन्य साथियों को बुलाया। तीनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़ित किसी तरह तीनपहाड़ स्टेशन पहुंची, जहां सफाई कर्मचारी को घटना की जानकारी दी। उसने पीड़ित के परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन फौरन स्टेशन पहुंचे और वहां से उसे लेकर तीनपहाड़ थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज करायी।

# हेमंत सरकार लोकहित के हर मोर्चे पर विफल: रघुवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि हेमंत सरकार लोकहित के हर मोर्चे पर विफल रही है। झारखंड में मानसून की सक्रियता के बीच मच्छर जनित बीमारी राज्य में कहर ढा रही है और हेमंत सोरेन सत्ता सुख साधन की सैय्या पर नींद में विभोर हैं। राज्य के 15 जिलों में डेंगू और 10 जिले चिकनगुनिया की चपेट में आ गये हैं। मानसून की इन बीमारियों से निपटने के लिए सरकार की तैयारी नहीं के बराबर है। न तो फागिंग की पर्याप्त व्यवस्था है, न दवा छिड़काव की। यही वजह है कि डेंगू से मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। डेंगू के मरीजों की सर्वाधिक 475 जमशेदपुर की है, इनमें पांच की मौत हाल के दिनों में हुई है। रांची जिला दूसरे स्थान पर है, जहां एक मरीज की मौत हो चुकी है। राज्य की राजधानी रांची में अगस्त तक 26 डेंगू और 47 चिकनगुनिया के मामले मिले थे। राज्य की राजधानी में इन बीमारियों के



नियंत्रण के लिए जब कारगर कदम नहीं उठाये जा रहे हैं, अन्य जगहों की सुध कौन लेगा? उन्होंने कहा कि इस सरकार न तो बिजली की सही ढंग से आपूर्ति कर रही है और न ही स्वास्थ्य सेवाएं दुरूस्त कर पा रही है। एक तरफ लोग स्वास्थ्य विभाग की अव्यस्था के कारण डेंगू और दूसरी मानसून जनित रोगों से मर रहे हैं, तो दूसरी ओर बिजली की कटौती से त्राहि त्राहि कर रहे हैं। पूरे राज्य में लोड शेडिंग कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

# डीजीपी का निर्देश, कोर्ट परिसर और जजों की आवासीय कॉलोनियों में बढ़ायें सुरक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के कोर्ट परिसरों और जजों की आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर मंगलवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीजीपी ने जोनल आइजी, सभी रेंज के डीआइजी से उनके क्षेत्र के अंदर आनेवाले कोर्ट परिसर और जज कॉलोनी की सुरक्षा बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की और कमियों को तुरंत दूर करने का निर्देश दिये। इसके अलावा समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने कोर्ट परिसरों, जज और उनकी आवासीय कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और मिली कमियों को दूर कर उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिये। प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी और बलों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहने के लिए उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग और लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा गया।




### फेंसिंग वायर, सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए मोर्चा, चाहरदीवारी, फेंसिंग वायर और सीसीटीवी कैमरा लगाने और अन्य व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले के एसपी, एसएसपी से कोर्ट परिसर की सुरक्षा को लेकर कार्रवाई के बारे में जानकारी ली, साथ ही कमियों को यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। कोर्ट परिसर और जजों की आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा को लेकर रेंज के डीआइजी और एसपी को अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर बेहतर ढंग से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

1 Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 26.2 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.32 बजे |



## मुख्यमंत्री ने साहिबगंज वासियों को दी बड़ी सौगात

# युवा वर्ग के लिए रोजगार को लेकर राज्य सरकार गंभीर : हेमंत सोरेन

**592 लाभुकों के बीच 4 करोड़ 80 लाख 58 हजार 992 रुपये की परिसंपत्तियों का किया वितरण**

सुनील कुमार गौतम

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के नौजवान रोजगार की चिंता न करें। राज्य सरकार प्रदेश में नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रति गंभीर है। हमारी सरकार ने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। आप सभी को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु राज्य में 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अब राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी आपके प्रखंड, पंचायत एवं गांवों में कैंप लगाकर आपकी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। लाखों की संख्या में आवेदन मिले। राज्य में पहली बार सरकार आपके घर-घर, पंचायत-पंचायत पहुंचकर आपकी समस्याओं को सुना एवं उसका निष्पादन किया। कुछ वर्ष पहले पेंशन के लिए हमारे बुजुर्ग ब्लॉक के चक्कर काटा करता थे। आज राज्य में कोई भी बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग पेंशन से अछूता नहीं है। हमारी सरकार ने ठोस कदम उठते हुए जनहित में कई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने आप को स्वावलंबी बनाने के साथ राज्य के विकास में योगदान दें। मुख्यमंत्री मंगलवार को साहिबगंज के पतना प्रखंड स्थित कुंवरपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित विकास मेला-सह-परिसंपत्ति वितरण समारोह में बोल रहे थे।



### राज्य के नौजवान चिंता न करें, सरकार आपके साथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौजवान रोजगार को लेकर चिंता न करें। सरकार आपके लिए रोजगार सृजन से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं बनायी है। आप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करना चाहते हैं तो आप इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी, पत्रकार बनें। अगर आप स्वरोजगार करने के इच्छुक हैं तो मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत सरकार आपको अनुदान आधारित लोन उपलब्ध करा रही है। आप इस योजना का लाभ उठायें।

### सरकार किसानों के साथ खड़ी है:

मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और कम बारिश के कारण इस वर्ष भी धान की बुआई पर असर पड़ा है। राज्य के किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। सरकार ने खेती-बारी से संबंधित कई योजनाओं का शुभारंभ किया है, ताकि किसानों को ऐसी विपरीत परिस्थितियों में ज्यादा से ज्यादा राहत मिल सके। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आप पशु पालकर आय अर्जित कर सकते हैं। राज्य में शिक्षा व्यवस्था में दिन प्रतिदिन सुधार लाने का प्रयास जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूल के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के छात्र-छात्रा आज उत्कृष्ट विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

### हर वर्ग, हर तबके के लिए चल रहीं योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को पेंशन मिल रही है। किसानों और पशुपालकों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना चलायी जा रही है। पढ़ने वाली बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए मरङ गोमके छात्रवृत्ति योजना चल रही है। आप सभी इसका भरपूर फायदा उठायें एवं अपने बच्चियों को साक्षर बनायें।

### सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस है। शिक्षा की बेहतरी के क्षेत्र में सरकार ने कई अहम कदम उठाये हैं। आज निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालय इसका उदाहरण है। यहां के शिक्षकों को आइआइएम से प्रशिक्षण दिलाया गया है, ताकि वे आधुनिक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा राज्य के बच्चों को दे सकें।

### लाभुकों के बीच वितरण की परिसंपत्ति

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 592 लाभुकों के बीच 4,80,58,992 रुपये की परिसंपत्ति का किया वितरण। इस मौके पर आयुक्त (संथाल परगना प्रमंडल) लालचंद डाडेल, डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम समेत जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस की दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद और दार्शनिक भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शत-शत नमन किया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा व्यवस्था की नींव के रूप में अहम योगदान देनेवाले आप सभी शिक्षकों और आपके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हमने विभिन्न क्षेत्रों में कई योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। समृद्ध झारखंड के निर्माण के लिए हम राज्य के नौनिहालों और युवाओं को उत्तम शिक्षा का हरसंभव अवसर प्रदान करने की ओर बढ़े हैं।

## राम प्रकाश भाटिया ने जमानत याचिका दायर की

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार राम प्रकाश भाटिया ने जमानत याचिका दाखिल की है। भाटिया के अधिवक्ता ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में जमानत की गुहार लगायी है। भाटिया पर निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को व्हाइट करने में सहयोग करने का आरोप है। इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (इडी) ने राम प्रकाश भाटिया के खिलाफ आरोप पत्र (प्रोसिक्यूशन कंप्लेन पीसी) दाखिल की है, जिस पर कोर्ट संज्ञान भी ले चुका है।


**भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान**
**ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE**
कटक - 753006 (ओड़िशा), भारत / CUTTACK-753006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 27/YP/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"पारितंत्र, कृषि व्यवसाय और संस्थान, घटक 1: कृषि प्रौद्योगिकी का प्रभाव आकलन" (ईएपी-407) परियोजना के तहत एक (01) यंग प्रोफेशनल-I** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **10.10.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि अदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-interview will be held on **10.10.2023** for selection of **one (01) Young Professional-I** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Eco-Systems, Agribusiness and Institutions, Component-1: Impact Assessment of Agricultural Technology" (EAP-407).** The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI **website https://icar-nrri.in.**

*प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR*


# इंडिया कहने से ही भाजपाइयों में दहशत मच जाती है: सुप्रियो

## प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर केंद्र पर कसा तंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने देश का नाम इंडिया से बदल कर भारत रखे जाने की बात पर केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब तो इंडिया कहने से ही भाजपाइयो में दहशत मच जाती है। हम अपनी राष्ट्रभाषा में इंडिया बचपन से कहते-सुनते और समझते आये हैं। सुप्रियो ने कहा कि इंडियन रेलवे कहा जाता है, प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया कहा जाता है, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया कहा जाता है, अब इंडिया से इतना डर कि देश का नाम ही बदल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्या इंडिया गेट का नाम भी बदलेंगे? मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया है, क्या उसका नाम भी बदला दिया जायेगा। इंडिया गठबंधन से इतना डर गये हैं? और आपदा में भी अवसर ढूंढ़ लिया।

बता दें कि 9 सितंबर को राष्ट्रपति भवन में जी 20 रात्रिभोज के लिए दिये जा रहे आमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के बदले प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मोदी सरकार और भाजपा पर तीखा प्रहार किया है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि अब सवाल यह खड़ा होता है कि भारत सरकार किस-किस चीज से इंडिया शब्द का नाम हटायेगी। लगता है कि अब सरकार देश में अंकित हर जगह से इंडिया शब्द को मिटाने के लिए करोड़ों नहीं अरबों रुपये खर्च करेगी। इंडिया और भारत के गौरवमयी इतिहास को मिटाने, डॉ भीम राव अंबेडकर के संविधान को बदलने आदि की भी तैयारी हो चुकी है। मंगलवार को श्री भट्टाचार्य पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि अगर यह काम भाजपा ने अपने मदर संगठन आरएसएस और मोहन भागवत के कहने पर किया है, तो भी बहुत गंभीर विषय है। क्या यह देश इनके कहने पर चलेगा। आजादी की लड़ाई के दौरान आरएसएस की क्या भूमिका थी। कैसी-कैसी टिप्पणी की गयी थी, यह किसी से छिपी नहीं है। अगर मोहन भागवत और आरएसएस के कहने पर ऐसा किया जा रहा है, तो यह और भी शर्मनाक है। आखिर यह देश जा कहां रहा है। कहां इस देश को ये लोग ले जाना चाहते हैं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच दिन का संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इसमें कोई गलत नहीं है। क्योंकि यह एक चुनी सरकार का अधिकार है। मगर यह सत्र क्यों बुलाया गया है, यह अब तक देश को बताया नहीं गया है। सारी चीजें सूत्रों के हवाले से चल रही हैं। सरकार की नीयत साफ है, तो देश को बताना चाहिए कि इसमें वह क्या करने जा रही है। अजीब हालात देश में पैदा कर दिया गया है। भट्टाचार्य ने कहा कि लोग पहले से कहते रहे हैं कि इन लोगों का गठबंधन एनडीए का मतलब नेशनल डिजास्टर एलायंस है, जो देश के इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र को बर्बाद करने के लिए बनाया गया है।



### बाबूलाल जी एजी ऑफिस में नौकरी करने लगे हैं

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी द्वारा हेमंत सोरेन सरकार पर 10 हजार करोड़ से अधिक के घोटाले का खुलासा करने पर कहा कि लगता है कि बाबूलाल जी एजी ऑफिस में नौकरी करने लगे हैं। अब कोई भी एजी की रिपोर्ट या एटीआर विधानसभा के पटल नहीं रखी जायेगी। बाबूलाल मरांडी ही काफी हैं। उनसे हर प्रकार के घोटाले का डाटा लिया जा सकता है। झामुमो को नहीं पता था कि बाबूलाल जी इतने हल्के आदमी हो गये हैं।

### इंडिया गठबंधन की पहली जीत होगी

भट्टाचार्य ने कहा कि डुमरी में जिस प्रकार से शांतिपूर्ण और भारी मतदान हुआ, इसके लिए डुमरी के मतदाता बधाई के पात्र हैं। डुमरी के मतदाताओं ने अपने पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ दा को वोट से अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर दी है। इस बार वोट प्रतिशत देख कर लग रहा है कि जीत का आंकड़ा भारी अंतर से रहेगा। इंडिया गठबंधन की पहली जीत होगी।

## प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का हेमंत सरकार पर बड़ा आरोप

# अब तक दस हजार करोड़ से अधिक का घोटाला उजागर: बाबूलाल मरांडी

**कोयला, बालू आदि खनिज संपदा की महालूट का उजागर होना बाकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी हजारीबाग सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में हेमंत सोरेन सरकार पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने गुजरे तीन सालों में घोटालों के रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। घोटाला करना, घोटालेबाजों को बचाना, घोटाले में हिस्सा लेना, दलाल माफियाओं के सहारे पैसे कमाना ही इस सरकार का मुख्य काम रह गया है।

श्री मरांडी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर अगर 6 मई, 2021 को केंद्रीय जांच एजेंसी इडी की कार्रवाई मनरेगा मामले में शुरू नहीं हुई होती, पूजा सिंघल समेत कई लोग पकड़े नहीं जाते, नोटों का भंडार नहीं पकड़ाता, तो राज्य आज घोटाले के मामले में कहां पहुंच जाता? इस बारे में एक छोटी सी जानकारी हम आपके समक्ष रख रहे हैं। हाइकोर्ट के आदेश पर शुरू हुई मनरेगा घोटाले की जांच आगे बढ़ी, तो रोज नये-नये घोटाले उजागर होने लगे।

### बाबूलाल का आरोप: दस हजार करोड़ से अधिक का घोटाला

श्री मरांडी ने कहा कि अब तक जो घोटाले पकड़े गये हैं, उनमें 550 करोड़ का मनरेगा घोटाला के अलावा 1500 करोड़ का उद्योगों के लिए आवंटित कोयला का घोटाला, 1500 करोड़ का अवैध खनन घोटाला, 3000 करोड़ का ग्रामीण विकास के लिए आवंटित फंड के दुरुपयोग का घोटाला, 3000 करोड़ से भी ज्यादा का भूमि घोटाला, 800 करोड़ का टेंडर घोटाला, 100 करोड़ से भी ज्यादा का ट्रांसफर/पोस्टिंग घोटाला और 1500 करोड़ का शराब घोटाला प्रमुख रूप से शामिल है। इस प्रकार 10000 करोड़ से अधिक का घोटाला इस सरकार में उजागर हुआ है। कोयला, बालू जैसे खनिज संपदा की महालूट में क्या-क्या हुआ है? यह उजागर होना अभी बाकी है।

श्री मरांडी ने कहा कि एक छोटा सा उदाहरण आपके सामने रख रहा हूं। जब इंजीनियर विरेंद्र राम और उनसे जुड़े ठिकाने पर छापामारी हुई, वे पकड़े गये, उसके बाद झारखंड सरकार ने विरेंद्र राम के विभागों से जुड़े करीब 3 हजार करोड़ के छह सौ टेंडर, जो निकाले जा चुके थे, उसे रद्द कर दिया।

अगर गलती नहीं थी तो टेंडर क्यों रद्द किया गया? और अगर रद्द किया गया, तो आगे राज्य सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों से लिखित जानकारी मिलने और कार्रवाई के लिए कहने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं की? मनरेगा समेत और कई घोटाले में आरोपित पूजा सिंघल को राज्य सरकार ने उद्योग, और बालू घोटाला कराने के लिए खान विभाग और उद्योग विभाग में बैठाया। उद्योग का कोल लिंकेज घोटाले में इडी ने हजारीबाग के इजहार अंसारी और उनके जुड़े ठिकाने पर छापामारी की, करीब चार करोड़ नगद पकड़े। जांच में पता चला कि पूजा सिंघल के सौजन्य से इस सरकार ने इजहार की 13 कंपनियों को 38258 टन कोयला का आवंटन किया था। ये रियायती दर का कोयला उद्योग के लिए आवंटित था, जिसे बनारस की मंडियों में बेच दिया गया। यह घोटाला इडी की पकड़ में आया तो झारखंड सरकार ने ऐसे 142 संस्थानों का कोयला आवंटन रद्द कर दिया। लेकिन इसके आगे कोई कार्रवाई नहीं की।

श्री मरांडी ने कहा कि जमीन घोटाले में तो इस सरकार ने रिकॉर्ड ही कायम कर दिया। राज्य सरकार की जमीन के साथ ही सेना तक की जमीन को जाली और फर्जी कागज बनवा कर दलाल, बिचौलिया और माफिया के साथ मिल कर बेच खाया गया। ऐसे कई मामले इडी द्वारा पकड़े गये हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जांच के दरम्यान सोरेन परिवार द्वारा आदिवासियों की जमीन कौड़ी के भाव नामी-बेनामी खरीदने के कई मामले पकड़ में आ चुके हैं। मरांडी ने आरोप लगाया कि जांच में रांची में 100 करोड़ मूल्य की 8.5 एकड़ की एक ऐसी जमीन पकड़ में आयी है, जो बेनामी 16 लोगों के नाम से है। ऐसी ही जमीनों के बारे में पूछताछ के लिए इडी हेमंत सोरेन को बुला रही है और वह नहीं जा रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि इस सरकार में एक नहीं दो-दो शराब घोटाले हुए। पहले वाले घोटाले से रिश्वत कम मिल रही थी, तो छत्तीसगढ़ से टीम लाकर और बड़ा घोटाला किया गया।

बाबूलाल ने कहा कि ट्रांसफर-पोस्टिंग का गोरखधंधा कैसे चलता था और चलता है? इसका एक छोटा सा नमूना राजीव अरुण एक्का और विशाल चौधरी कथा के सप्रमाण खुलासे से हुआ है। और भी बातें हैं, जो हम आज बतायेंगे तो अखबार का पन्ना क्या पूरा अखबार कम पड़ा जायेगा। इसलिए आज के लिए इतना ही।

प्रेसवार्ता में सांसद जयंत सिन्हा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, विधायक मनीष जयसवाल, जिलाध्यक्ष अशोक यादव भी उपस्थित थे।



### केंद्रीय एजेंसियों की सूचना पर भी कार्रवाई नहीं हो रही

बाबूलाल ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां जो भी घोटाले पकड़ रही हैं, उनके बारे में राज्य सरकार को लगातार सूचित कर वैसे मामलों में कार्रवाई का अनुरोध करती रही हैं। इन पर राज्य सरकार को अपने स्तर से भी कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन इन घोटालेबाजों पर केंद्रीय एजेंसी की सप्रमाणिक सूचना पर भी कोई विधि सम्मत कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसा आखिर क्यों? हेमंत सोरेन सरकार को इन सवालों का जवाब झारखंड की जनता को देना ही होगा।

## विज्ञापन में बीआरपी-सीआरपी को 50 फीसदी आरक्षण नहीं

# 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक

## जेएसएससी और जेपीएससी को चार हफ्ते में जवाब देने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जेएसएससी के माध्यम से होनेवाली 26 हजार सहायक आचार्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी गयी है। यह रोक झारखंड हाइकोर्ट ने लगायी है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में बीआरपी-सीआरपी को 50 फीसदी आरक्षण नहीं दिये जाने को लेकर याचिका दायर की गयी थी। इस याचिका को लेकर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में कोर्ट ने जेएसएससी को प्रतिवादी बनाया है। साथ ही नोटिस भी जारी किया है। इस मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार, झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल और झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन को चार सप्ताह में जवाब देने को कहा है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की गयी।

**याचिका से जानें पूरा मामला :** सहायक आचार्य नियुक्ति के लिए झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने विज्ञापन जारी किया है। इस नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने एक नयी नियमावली बनायी है। इसे सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 कहते हैं। इस संशोधित नियमावली में अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50% आरक्षण देने का प्रावधान है। इस दायरे में वे कर्मचारी नहीं आते हैं, जो संविदा पर शिक्षा विभाग में काम कर रहे हैं। दायर याचिका के मुताबिक जब सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 लागू हुई, तब केवल पारा शिक्षकों को आरक्षण न देकर इस दायरे में वैसे सभी कर्मचारी आते थे, जो शिक्षा विभाग में संविदा पर काम कर रहे थे। इसी मामले को लेकर हाइकोर्ट का रुख किया गया है।

### 15 सितंबर तक आवेदन का था मौका

झारखंड के 26,001 सहायक आचार्य पद के लिए अभ्यर्थी 16 अगस्त से 15 सितंबर की मध्य रात्रि तक आवेदन कर सकते थे। जेएसएससी के नोटिफिकेशन के अनुसार 17 सितंबर की मध्य रात्रि तक इसके परीक्षा शुल्क जमा होते। 19 सितंबर की मध्य रात्रि तक फोटो और हस्ताक्षर अपलोड किये जाने को कहा गया था। ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन की प्रक्रिया 21 सितंबर से 23 सितंबर की मध्य रात्रि तक होगी। अब रोक लगा देने के बाद से कोर्ट के आदेश का इंतजार करना होगा।

### 26,001 सहायक आचार्यों की होगी नियुक्ति

पहली बार एक साथ 26,001 सहायक आचार्यों की नियुक्ति होनी है। इसमें पारा शिक्षकों के लिए 12,868 पद और गैर पारा शिक्षकों के लिए 13,133 पद आरक्षित रखे गये हैं। पहली से पांचवीं क्लास के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए 5469 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 5531 पद आरक्षित किये गये हैं। छठी से आठवीं क्लास के लिए स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए भाषा, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान-गणित विषय के लिए 7399 पद और गैर पारा शिक्षकों के लिए 7602 पद आरक्षित रखे गये हैं।

आजाद सिपाही

रांची, बुधवार, 06 सितंबर, 2023

www.azadsipahi.in




# बरकट्ठा में हेमंत सरकार पर जम कर बरसे बाबूलाल

## कानून व्यवस्था ध्वस्त, चोरी, डकैती, अपहरण और वसूली की दुकान खुली

अनिल





**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा बरकट्ठा से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के समर्थन से जनसंकल्प यात्रा बन गयी है। हेमंत सरकार से निजात पाने को जनता लालायित दिख रही है। मरांडी मंगलवार को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र बरकट्ठा से संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पौने चार साल की सरकार में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। चोरी, डकैती, हत्या अपहरण और दुष्कर्म के मामले देश में सर्वाधिक हेमंत सरकार में हुए हैं। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को अपराधियों को धर दबोचना था, वह सरकार के इशारे पर हेमंत सरकार के खिलाफ बोलनेवालों पर केस करना और वसूली कार्य में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और सरकारी पदाधिकारी मोबाइल रिचार्ज की तरह वसूली के माध्यम से रिचार्ज कर रहे हैं। अधिकारी बोलते हैं देकर आये हैं, लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, पांच से ज्यादा दुष्कर्म, पांच से ज्यादा अपहरण के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने है, तबसे बेतहाशा अपराध बढ़ा है। अपराधियों में हिम्मत बढ़ गयी है। आम लोग डरे सहमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में जिस प्रकार से कोर्ट में सरेआम पेशकार पर जानलेवा हमला हुआ, इससे प्रतीत होता है कि प्रदेश में तालिबानी शासन है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को उखाड़ फेंकना राज्य की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महाजनों से लड़ते-लड़ते सोरेन परिवार खुद महाजन बन गया। आज झारखंड में सर्वाधिक जमीन सोरेन परिवार के पास है। यह जमीन गरीब गुरबा, मुंडा, उरांव, संथाल आदिवासियों की जमीन है। उन्होंने जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गांव, गरीब, किसान युवा महिलाओं की चिंता करते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर गैस में दो सौ और उज्जवला योजना के तहत मिले गैस पर चार सौ की सब्सिडी देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है, 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

पूर्व सांसद रविंद्र राय ने कहा कि झारखंड की स्थापना भाजपा ने की है और आने वाले समय में इसको भाजपा ही बचायेगी। जिस तरह से झारखंड बनने से पहले इस जगह को झामुमो ने लुटने का काम किया था, वही शासन आज फिर आ गया है। आज राज्य का प्रशासन अपराधियों को बचाने में लगा हुआ है। चारों तरफ चोरी, डकैती, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। सरकार मस्त है।

विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि आज इस राज्य के मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्री कार्यालय, जिला कार्यालय हो या प्रखंड कार्यालय, सभी जगह भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना घूस दिये कोई काम नहीं होता है। हेमंत सोरेन सरकार में जितने सरकारी कर्मी हैं ,सभी सरकार के वसूली मंत्री बने हुए हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि आज जीटी रोड के रास्ते हजारों ट्रक अवैध कोयला लाद कर बिहार भेजा जा रहा है। सैकड़ों ट्रक पशुओं को लाद कर बंगाल ले जाया जा रहा है। वहीं सरकार के अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी छोटे छोटे बेरोजगार युवाओं जो कर्ज लेकर ट्रैक्टर खरीदकर बालू लाते हैं, उन्हें रोक कर केस कर दिया जाता है या फिर महीना बांध दिया जाता है। इतनी भ्रष्ट सरकार कभी नहीं बनी थी। उन्होंने कहा कि आज देश का विकास सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं, इसलिए जनता कोडरमा से भाजपा को जिताने का काम करेगी। जो राज्य और देश की चिंता करे, उनकी सरकार बनानी है। हमने कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के सहयोग से बरकट्ठा विधानसभा में 14 पूल बनाने का काम किया।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह, जिप अध्यक्ष उमेश कुमार मेहता, जिला अध्यक्ष अशोक यादव, नितेश चंद्रवंशी,पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, जिप सदस्य सह महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, भैया अभिमन्यु प्रसाद, केदार नाथ यादव, बटेश्वर मेहता, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

प्रखंड मुख्यालय के मैदान में भाजपा संकल्प यात्रा के दौरान जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक यादव और संचालन बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया।

## शहीद जगदेव प्रसाद की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनायी गयी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बिहार झारखंड और उत्तर प्रदेश के लेनिन कहे जाने वाले शहीद जगदेव बाबू की शहादत दिवस बड़कागांव में मनायी गयी। मौके पर बड़कागांव पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य सुनीता देवी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों ने बड़कागांव टंडवा रोड स्थित सूर्य मंदिर के पास बाबू जगदेव प्रसाद के आदमकत प्रतिमा में माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष उमेश दांगी ने किया। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि शहीद जगदेव बाबू सामंतवाद के विरुद्ध कमजोर वर्ग के लिए अपनी जंग की शुरूआत की थी जिसको लेकर सामंतवादियों ने षड्यंत्र के तहत उनके जीवन लीला समाप्त कर दी जिनकी कुर्बानी बेकार नहीं जायेगी। मौके पर मंच संरक्षक सह पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉक्टर बालेश्वर महतो, टुकेश्वर प्रसाद, मीडिया प्रभारी शिवशंकर कुमार, प्राचार्य कृतिनाथ महतो, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, सरोज सोनी, अरुण मालाकार समेत दर्जनों समाजसेवी मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन तथा मिशन इंद्रधनुष की सफलता को लेकर बैठक की गयी। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार ने बताया कि उपायुक्त स्तर से तिथि निर्धारण के बाद, विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 14 से 18 सितंबर के बीच स्वास्थ्य मेला लगाया जायेगा, जिसमें अनेक प्रकार के बीमारियों का इलाज किया जायेगा। उन्होंने मिशन इंद्रधनुष की चर्चा करते हुए कहा कि 2025 से पहले विष्णुगढ़ को टीबी बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य है। लक्ष्य प्राप्ति को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगे हुए हैं। टीबी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल तक भेजें इसकी जिम्मेदारी हम सबों की है। इसको लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी ने कहा कि विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन से भी प्रसव कराया जा रहा है। प्रसव घर पर ना करायें। घर पर बच्चा बच्चा की क्षति हो सकती है। प्रसव स्वास्थ्य केंद्र में कराएं। बैठक के अंत में दोनों कार्यक्रमो को सफल करने की अपील उपस्थित लोगों से की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा, जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, स्वास्थ्य प्रतिनिधि डोमन गुप्ता, 20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव, पूर्व जिला परिषद सदस्य जय प्रकाश पटेल, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, डॉ योगेंद्र प्रसाद, प्रमोद कुमार, विकास कुमार, नागेश्वर महतो समेत कई स्वास्थ्य महिला कर्मी उपस्थित थी।

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में अनुकंपा आधारित नियुक्ति को लेकर 6 आवेदन प्राप्त हुए, उन आवेदनों पर विचार विमर्श करते हुए सभी अभ्यर्थियों का कागजातों को देखा गया। अनुकंपा आधारित नियुक्ति को लेकर प्राप्त आवेदनों पर विचार विमर्श करते हुए 5 अभ्यर्थी को अनुकंपा आधारित नियुक्ति हेतु अनुशंसा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, स्थापना उप समाहर्ता जयपाल सोय, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर व अन्य मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्या



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याए सुनी और और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। जनता दरबार में घर से आने जाने वाले रास्ते को बंद कर देने के अंदर रहने को मजबूर होने, अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाने, कृषि सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन देने, लाइसेंस की कार्रवाई करने, जमीन हड़पने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये।

## डीडीसी ने संचालित योजनाओं की समीक्षा की



कोडरमा (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सतगावां प्रखंड में उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल सभागार, प्रखंड सतगावां में सभी योजनाओं समीक्षात्मक बैठक की गयी। प्रखंड के प्रखंड प्रमुख श्रीमती ललीता देवी और सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, कनीय अभियंता के साथ प्रखंड में चल रही सभी योजनाओं मनरेगा, प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण), 15वें मद, जिला परिषद, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से संचालित योजनाओं में तेजी लाने आवश्यक निर्देश दिया गया। पुरानी योजनाओं को जल्द से जल्द बंद करने का निर्देश दिया गया। समंवयक और प्रखंड समंवयक द्वारा पंचायत शिवपुर, कटैया, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) के द्वारा पंचायत मरचोई, इटांय, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सतगावां के द्वारा पंचायत खुट्टा, नावाडीह और उप विकास आयुक्त, कोडरमा के द्वारा पंचायत माधोपुर, मीरगंज में योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान मीरगंज पंचायत के पंचायत भवन की स्थिति ठीक नहीं थी, जिस कारण मीरगंज पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक को स्पष्टीकरण किया गया। जिला परिषद से चल रही योजनाओं पंचायत भवन सुदृढीकरण, बासोडीह बाजार में बन रहे सप्ताहिक हाट शेड का भी निरीक्षण किया गया।

## जामुखाड़ी में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** बलराम स्पोर्टिंग क्लब जामुखाड़ी में आज से फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। सभी युवाओं को खेल के प्रति रूचि रखनी चाहिए। खेल हमें अनुशासित के साथ साथ स्वास्थ्य बनायें रखने में मदद करता है। मौके पर युवा भाजपा नेता बिंदेश्वर विराट, सरयू यादव, कैलाश यादव, सीताराम दास, सहदेव रविदास, राजू रविदास, संजय रविदास, प्रकाश दास, बीरेंद्र यादव, बिकाश कुमार बिक्कु, विनोद यादव, सतीश यादव, यशवंत यादव, जीतेन्द्र कुमार, बिकाश यादव, नितीश कुमार, कुलदीप यादव, मनीष यादव, क्लब के पदाधिकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, निदेशक राजा साहनी, टीम मैनेजर लक्ष्मण सिंह, सचिव संजय दास, कप्तान उपेंद्र यादव, उप कप्तान राहुल सिंह, पंकज सिंह, सूरज सिंह, बिनु कुमार दास, रंजीत यादव सहित सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## धुब्बाडीह में अखंड कीर्तन आज से

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत मरकच्चो स्थित ग्राम धुब्बाडीह मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 6 सितम्बर से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी मंदिर कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दी। लोगों ने बताया कि 6 सितम्बर को 9 बजे दिन से विधि विधान के साथ अखंड कीर्तन पाठ का प्रारंभ किया जायेगा जो अनवरत 24 घंटे तक चलेगा।

## कटकमदाग के फतहा जंगल से युवक का शव बरामद

**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदग थाना अंतर्गत फतहा जंगल में दिगवार निवासी देवधारी पासवान के पुत्र अनुज पासवान की लाश मिली। परिजानों ने बताया कि इसकी हत्या हुई है। मृतक अनुज पासवान के पिता देवधारी पासवान ने बड़कागांव, बसरीया निवासी मुकेश पासवान पिता सरयु पासवान और सिरसी निवासी प्रदीप पासवान पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन लोगों ने ही मेरे बेटे को मारा है और इस वारदात में लगभग 14 से 15 लोग शामिल थे। बताया जाता है कि मृतक अनुज पासवान पिछले 2 सितंबर को 11 बजे से ही घर से निकाला था और वापस घर नहीं लौट पाया था। जिसकी गुमशुदगी का आवेदन कटकमदाग, दारू और बड़कागांव थाना में दिया गया था। मृतक के पिता ने कहा कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ था तथा मेरे बेटे को वाह्टसप कर बुलाया गया और उसकी हत्या कर दी गयी। मृतक के पिता के अनुसार लड़की के परिजनों ने कहा था कि हम पंचायत नहीं करेंगे तथा अनुज को जान से मार देंगे। कुछ महीने पहले लड़की के गुमशुदा होने की बात सामने आयी थी पर वापस मीलने के बाद पुलिस के द्वारा समझा बुझाकर कर मामला शांत हुआ था। फिर फेसबुक के माध्यम से इन लोगों ने संपर्क किया और भागने की बात कर रहे थे। बताते चलें कि अनुज शादीशुदा हैं तथा उसका एक लड़का भी है जो 3 वर्ष का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग लें गई और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के द्वारा दिये गये आवेदन पर पुलिस की जांच जारी है।

## यौन शोषण के आरोपी को जेल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया पुलिस ने चिकलावर निवासी विकु कुमार पिता बद्री पासवान को यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। बजरंग नगर निवासी पीड़िता ने आरोपी विक्कू पासवान के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि वह पिछले 1 साल से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब मैं उससे शादी का दबाव डालने लगी तो उसने शादी से साफ इनकार कर दिया। साथ ही धमकी देने लगा कि जो करना है कर लो हम समझ लेंगे। ज्यादा दबाव डालने पर जान मारने की धमकी भी देने लगा। बाद में न्याय के लिए थाना आकर विक्कू पासवान के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

## उप विकास आयुक्त ने किया सतगावां का दौरा




आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को मनरेगा कार्यों के समीक्षा को लेकर उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेई व अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर चल रहे योजना की जनकारी ली। उपस्थित कर्मियों से योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी ली और क्षेत्र में धीमे चल रहे कार्य योजनाओं को तेजी लाने की निर्देश दिया गया। वहीं विभिन्न पंचायत में प्रत्येक माह में बैठक करने सुनिश्चित करने का निर्देश दिए साथ ही साथ सभी पंचायत भवन में साफ सफाई के साथ-साथ पंचायत सेवकों रोजगार सेवकों को पंचायत भवन में रहने का निर्देश दिया है। प्रत्येक पंचायत में ग्राम सभा कर योजनाओं को चयन करने का निर्देश दिया गया है। पंचायत भवनों को जिला परिषद के द्वारा की जा रही सुंदरीकरण पंचायत भवन का सुंदरीकरण की जांच की। मौके पर बीडीओ बैद्यनाथ उरांव, प्रमुख ललिता देवी, बसंत कुमार, सैनी शर्मा, सोनी कुमार, राहुल कुमार, उत्तम सिंह, विरेन्द्र राय, मंटू चौधरी, अमर कुमार, गंगीया देवी, फुलवा देवी, अनीता देवी, शुशीला देवी, पंचायत सचिव बालेश्वर यादव, प्रसाधी यादव, प्रदिप यादव, जेई संदीप कुमार, प्रेम दास, मंजूर आलम, प्रमोद कुमार, फूलदेव दास, सुनील भारती, शिवकुमार ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

## अंबेडकर क्लब राउतपारा बना फुटबाल टूर्नामेंट का विजेता



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम बादम बस स्टैंड मैदान में अंबेडकर युवा मंच के द्वारा तीन दिवसीय खस्सी फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जेवाइसी गाली और अंबेडकर क्लब राउतपारा के बीच खेला गया। फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी महेंद्र नाथ पांडेय, विशिष्ट अतिथि आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष मेहता, और श्रीकांत निराला उपस्थित हुए। मैच से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच में रेफरी की भूमिका शहंशाह खान और सहायक रेफरी की भूमिका दिलदार आलम और कृष्णा दास ने निभाया। दोनों ही टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच के पहले हाफ में राउतपारा की टीम ने वारिस खान के गोल के मदद से बढ़त बनाया। दूसरे हाफ में एक और गोल कर राउतपारा ने 2-0 से बढ़त बना लिया। इंजरी टाइम में गाली ने गोल कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया। अंत में अंबेडकर क्लब राउतपारा 2-1 से मैच जीत कर टूर्नामेंट में कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले वारिस खान को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रमोद कुमार को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरुस्कार दिया गया। विजेता टीम को बड़ा खस्सी और ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को छोटा खस्सी और ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि इस टूर्नामेंट में कुल 26 टीमों ने भाग लिया। मंच संचालन विक्रम गुप्ता और कृष्णा कुमार ने किया। मौके पर मुख्य रूप से विनोद राम, बलदेव गंझु, राजू दास, राजन खान, अनिल कुमार, सतीश ठाकुर, अभय कुमार, कुंदन कुमार, नाजिम खान, बाले राम, चंद्रदेव राम, सहित सैंकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## पेयजल समस्या जल्द दूर होगी: सांसद जयंत सिन्हा



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा विष्णुगढ़ के गोविंदपुर व बनासो में जनसंवाद कार्यक्रम किया। बनासो में ग्रामीणों ने पेयजल समस्या दूर करने की अपील की जिसमे हजारीबाग सांसद ने पेयजल स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से बात कर शीघ्र पेयजल आपूर्ति बहाल करने की बात कही। बनासो में सिंचाई की समस्या को भी संबंध अधिकारियों से बात कर समाधान करने पर जोर दिया। प्रखंड के गोविंदपुर में विद्यालय की चहारदीवारी को और उच्चा कराने की बात पर अधिकारियों को निर्देश दिया। हजारीबाग सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बेहतर काम कर रही है आम जनों का ख्याल रख रही है इसके तहत गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपये कम की गयी है। जनकल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे आमजनों को लाभ होगा। हजारीबाग-बगोदर सड़क मार्ग को फॉर लेंन किये जाने का काम बहुत जल्द शुरू होगा। जिससे आम जनों को हजारीबाग आने जाने में समय की बचत व सुगम होगी। सांसद सिंहा मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा के आवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली व जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। मौके पर मडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, नारायण महतो, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, शंकर वर्मन, सुशील मंडल, किशोर यादव, रोहित वर्मन, कैलाश महतो, राजू यादव, सोमर महतो, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष का जनसुनवाई कार्यक्रम


# फर्जीवाड़ा करने वाले डीलरों के खिलाफ होगी कार्रवाई: हिमांशु शेखर चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी की अध्यक्षता में परिसदन हजारीबाग में सुनवाई और जनसुनवाई कार्यक्रम का अयोजन मंगलवार किया किया गया। इस दौरान अध्यक्ष ने लोगो को मिलने वाली राशन, विद्यालय में मिलने वाली मध्याह्न भोजन, आंगनवाड़ी में मिलने वाली खाद्य सामग्री सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य के सभी जिलों में जनसुनवाई कर खाद्य संबंधित मामलों को ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर लोगो की समस्याओ का समाधान करने की पहल की जा रही है। जनसुनवाई के दौरान अध्यक्ष ने कई शिकायतकताओं की समस्याएं सुनी। इस दौरान राशनकार्ड में नाम जोड़ने, नया राशनकार्ड बनाने, राशन नहीं मिलने, डीलर द्वारा राशन दिये बगैर अंगूठा लगा देने संबंधी शिकायतों से अध्यक्ष को अवगत कराया गया। इसपर उन्होंने शिकायतकर्ता के आवेदनों पर नियमानुसार एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि निष्पादन की प्रक्रिया या वस्तुस्थिति के बारे में आयोग के साथ साथ आवेदकों को जानकारी दें कि काम होगा अथवा नहीं तथा इसमें कितना समय लगेगा, ताकि असंतोष की भावन न हो। मौके पर डीलरों द्वारा फजीर्वाड़ा करने के मामले पर गबन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर वैसे डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं सोशल मीडिया से प्राप्त शिकायतों पर अनुपालित कृत कार्रवाई का रिर्पोट आयोग को भेजने का निर्देश डीएसओ को दिया। साथ ही उन्होंने वंचितों को हरा राशन कार्ड निर्गत करने का निर्देश दिया। डीएसओ द्वारा बताया गया कि वैकेंसी के आधार पर 75 प्रतिशत नाम जोड़ने और 25 प्रतिशत नया राशनकार्ड के लिए आग्रह विभाग से की गई है। पदाधिकारियों ने दी मीड-डे-मील से संबंधित जानकारी मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषाहार, मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाएं, कुपोषित बच्चों को मिलने वाली पोषाहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के सूचनापट्ट के माध्यम से आहार संबंधी सूची डिस्पले करने का निर्देश दिया। मौके पर श्री चौधरी और आयोग की सदस्या शबनम प्रवीण ने जिले के अपर समाहर्ता राकेश रौशन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, शिकायतकर्ता सुनीत देवी, छोटू ठाकुर, जीवन कुमार सहित अन्य आवेदक व संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मीगण मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का खैरा चौक पर हुआ स्वागत



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा का संकल्प यात्रा इन दिनों चल रहा है। उसी यात्रा के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आज दौरा बरकट्ठा ब्लॉक मैदान में मंगलवार को होना निश्चित है। जहां सम्मिलित होने के लिए वे हजारीबाग, इचाक होते हुए खैरा से गुजरने के क्रम में उनका विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में खैरा चौक पर जोरदार स्वागत किया गया। मरांडी जी को गाड़ी से उतरते ही एक एक कर कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उन्हे फूलमाला देकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, प्रखंड भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, मिथिलेश पाठक, कैलासपति सिंह, कौलेश्वर मिश्रा, विजय पांडेय, सुरेंद्र राणा, दशरथ नारायण सिंह, बद्री साव, शंभू महतो, शंभू प्रसाद, प्रवील प्रसाद, बद्री भुइयां, सोबरन प्रसाद, शंकर वर्मा, रामप्रसाद कुशवाहा, जीतन महतो, मिथिलेश कुमार, निर्मल प्रसाद, बटेश्वर प्रसाद मेहता, आरके मेहता समेत काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 06 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
05

## जेएसएलपीएस के कार्यों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# पंचायत भवन में पढ़ सकेंगे बच्चे, प्रस्ताव तैयार करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जेएसएलपीएस द्वारा जिले में किये जा रहे हैं कार्यों को लेकर मंगलवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा किया। इस दौरान बैठक में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीसी को जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं यथा स्वयं सहायता समूह को उपलब्ध कराये जाने वाले क्रेडिट लिंकेज, सोशल मोबिलाइजेशन एंड इंस्टिट्यूशन बिल्डिंग, फाइनेंसियल इंक्लूजन इंश्योरेंस व पेंशन, लाइवलीहुड प्रोग्रेस, बिरसा हरित ग्राम योजना, पलाश मार्ट, फार्म व नन फार्म लाइवलीहुड, फूलो झानो आर्शीवाद अभियान, पीवीटीजी डाकिया योजना, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, जोहार परियोजना सहित अन्य कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी।



**मडुवा की खेती के लिए पर्यावरण अनुकूल स्थलों को चिन्हित करने का दिशा**

बैठक के दौरान डीसी ने डीपीएम जेएसएलपीएस रीता सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ रामगढ़ जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से मडुवा की खेती को बढ़ावा देने के लिए किये जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा के क्रम में मडुवा की खेती से होने वाले फायदे, खेती की प्रक्रिया आदि के प्रति महिलाओं को जागरूक करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मडुवा की खेती के लिए पर्यावरण अनुकूल स्थलों को चिन्हित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ हो डीसी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लंबित क्लेम के निष्पादन के लिए संबंधित बैंकों के साथ समन्वय कर कार्य करने और इससे संबंधित जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**बच्चों के लिए पढ़ने के लिए पंचायत भवन का इस्तेमाल करने का निर्देश**

विशेष पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से डीसी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को ग्रामीण क्षेत्रों के पंचायत भवन में शाम के वक्त बच्चों के लिए पढ़ने के लिए पंचायत भवन का इस्तेमाल करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस संबंध में डीसी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पंचायत भवनों से जोड़ने और इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

**तीव्र गति से आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश**

समीक्षा के क्रम में विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराये जा रहे ऋण की समीक्षा के क्रम में मुद्रा लोन के आवेदनों के निष्पादन में असंतोष जाहिर करते हुए डीसी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को बैंक अधिकारियों के साथ नियमित रूप से समंवय करने और तीव्र गति से आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक करने का निर्देश**

बैठक में डीसी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को बिरसा हरित ग्राम योजना को और भी प्रभावी तरीके से जिले में धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। इसके लिए उन्होंने वर्तमान में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किया जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी डीपीएम से ली। जिसके उपरांत उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को योजना से होने वाले फायदे यथा बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ लेकर जिन भी स्वयं सहायता समूहों द्वारा नर्सरी स्थापित कर हॉर्टिकल्चर पौधे लगाए जायेंगे उन्हें मनरेगा के तहत क्रय कर लिया जायेगा जिससे कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सीधा लाभ होगा के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पलाश मार्ट खोलने के लिए स्थल चिन्हित करने का निर्देश

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीसी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पलाश मार्ट खोलने के लिए स्थल चिन्हित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही डीसी ने डीपीएम जेएसएलपीएस सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में वैसे सरकारी भवन जिनका वर्तमान में इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है उन्हें चिन्हित कर भवनों के सदुपयोग के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

## रामगढ़ उपायुक्त ने रजरप्पा मंदिर में की पूजा



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तीके मंदिर में मंगलवार को रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने सब परिवार अपने परिजनों के साथ मां छिनमस्तिका दरबार पहुंचे और विधि विधान से पूजा अर्चना कर, रक्षा सूत्र बंधवाए, नारियल की बलि चढ़ाए तथा रामगढ़ जिला का सर्वांगीण विकास हेतु सुख समृद्धि की कामना किया। रजरप्पा स्थित प्रशासनिक भवन में उपायुक्त ने मंदिर न्यास समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर रजरप्पा मंदिर क्षेत्र को विकसित करने तथा अन्य विभिन्न तरह की सुविधा श्रद्धालुओं को दिये जाने पर विस्तृत रूप से आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया इस मौके पर प्रशासनिक भवन में बैठक की गयी जिसमें बताया गया कि दामोदर-भैरवी संगम पर नमामि गंगे आरती के आयोजन को लेकर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत रूप से चर्चा की गयी और मंदिर प्रक्षेत्र में पार्किंग की सुविधा सुंदर बनाये रखने के हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर जिला परिवहन विभाग के प्रधान सहायक चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार, अंचल अधिकारी तृप्ति विजय कुजूर और रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह सहित न्यास समिति के सदस्य और कई कर्मचारी मौजूद थे।

## डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आये लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, वंशावली, सार्वजनिक कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## परवरिश एजुकेयर स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** परवरिश एजुकेयर स्कूल में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यर्पण कर किया गया। समारोह का नेतृत्व प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन, प्राचार्य नेहा राज बनर्जी ने किया। वही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने गीतों, मनमोहक नृत्यों, विचारोत्तेजक भूमिका निभाने, शानदार भाषणों समेत विभिन्न प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी सराहनीय प्रदर्शन किया। मौके पर प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने कहा कि शिक्षक हमारे छात्रों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि हम शिक्षा के प्रति उनके अथक समर्पण, जुनून और प्रतिबद्धता को स्वीकार करने और उसका जश्न मनाने के लिए कुछ समय निकालें। वे हमारे छात्रों को जिम्मेदार और दयालु व्यक्ति बनने के लिए प्रेरित, मार्गदर्शन और सशक्त बनाते हैं। वही, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक हमारे समाज की आधारशिला हैं और उनका प्रभाव कक्षा से कही आगे तक फैला हुआ है। संयोजक प्रकाश रंजन ने कहा कि स्कूल में असाधारण शिक्षकों की एक टीम पर गर्व है जो न केवल ज्ञान प्रदान कर रहे हैं बल्कि मूल्यों और नैतिकता के साथ युवा दिमागों का पोषण भी कर रहे हैं। मौके पर शिक्षक व विद्यार्थी गण मौजूद रहे।

## बाल विद्या मंदिर में मना शिक्षक दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर आरा में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष रति महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी जन्मदिन की बधायी। वही, प्रशासनिक अधिकारी गुरमीत धीमान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आरती और पुष्पांजलि दी। विद्यार्थियों ने भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति दी। प्राचार्य रंजीत सिंह ने शिक्षक दिवस की महता बताते हुए कहा कि शिक्षक हमें जीवन में सही मार्ग दिखाते हैं। मौके पर रंजन प्रसाद मिश्रा, कामेश्वर प्रसाद, दुलालचंद कुशवाहा, भागीरथ प्रसाद, कोलेश्वर महतो, कुलदीप कुमार महतो, बैजनाथ प्रसाद, राजेश कुमार दास, सुनीता कुमारी, रीता कुमारी, पुष्पिता कुमारी, बबिता कुमारी, शबनम कुमारी समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

## दामोदर नदी में मिली युवती की लाश

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने दामोदर नदी से एक युवती की लाश बरामद की है। मृतका की पहचान कुजू ओपी क्षेत्र के 20 वर्षीय श्वेता पांडा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार श्वेता सोमवार की रात से ही अपने घर से लापता थी। जिसकी सूचना उसके पिता के द्वारा कुजू पुलिस को दी गयी थी। हालांकि पुलिस को जैसे ही सूचना मिली थी तो सोमवार की रात से ही श्वेता की तलाश शुरू कर दी गई थी। पुलिस ने सबसे पहले मृतका के रिश्तेदारों और दोस्तों के घर उसकी तलाश की। लेकिन जब बाद में यह संदेह हुआ कि वह दामोदर नदी की तरफ गई है, तो पुलिस ने नदियों के आसपास भी उसकी खोजबीन की। मंगलवार को ग्रामीणों ने जब लाश को तैरते हुए देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जब शव को बाहर निकाल तो श्वेता के परिजनों ने ही उसकी शिनाख्त भी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही इस बात की खोजबीन भी शुरू कर दी है कि किस वजह से श्वेता की लाश नदी में मिली यह आत्महत्या है या हत्या, हर बिंदु पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।

## एनपीपीसीएफ ने किया जांच शिविर का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के निर्देशानुसार जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ डॉ तूलिका रानी के नेतृत्व में पंचायत भवन लारी में एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के तहत फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जांच कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान डिस्ट्रिक्ट कन्सल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल ने 50 लोगों की जांच की। जांच के उपरांत 25 लोगों में फ्लोरोसिस के लक्षण पाये जाने पर उनका यूरिन सैंपल लिया गया। साथ ही उनमें फ्लोरोसिस की पुष्टि होने पर उन्हें विटामिन डी और कैल्शियम दावा का वितरण किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ डॉ तूलिका रानी ने बताया गया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है जो धीरे-धीरे हड्डियों को खत्म करने की क्षमता रखती हैं, बचाव ही इसका इलाज है। इस बीमारी से बचाव सभी को अपने खाने में हरी सब्जी, फल और दुध जैसे पदार्थों को शामिल करना चाहिए और काला नमक के उपयोग से परहेज करना चाहिए, क्योंकि काला नमक फ्लोरोसिस बीमारी का एक बहुत बड़ा कारण है। साथ ही उन्होंने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति फ्लोरोसिस की निःशुल्क जांच सदर अस्पताल में करा सकते हैं। शिविर को सफल बनाने में सीएचओ प्रभा कुमारी, एएनएम प्रमिला कुमारी और संबंधित क्षेत्र की साहिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## असहाय और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर है प्रेरणा महिला समिति: नुपुर सिंह



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** अर्पिता महिला समिति के मार्गदर्शन में केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना क्षेत्र की प्रेरणा महिला समिति और रजरप्पा क्षेत्र की अपर्णा महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाने के लिए रामगढ़ स्थित डिवाइन ओंकार मिशन में गरीब व असहाय लोगो के बीच लंगर का अयोजन किया। आयोजन के दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने मिशन में पढ़ रहे अनाथ और असहाय बच्चो के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। मौके पर उपस्थित प्रेरणा महिला समिति के अध्यक्षा नुपुर सिंह ने कहा मानवसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं, जरूरतमंद लोगों की मदद कर ही प्रेरणा महिला समिति ने अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश नेगी को आगे भी मदद करने का भरोसा जताया। मौके पर प्रेरणा महिला समिति के इंदु सिन्हा, परमिता बिस्वास, नीतू सिंह, भारती प्रसाद, अनुराधा टोपनो, प्रियंका सिंह, अपर्णा महिला समिति की मधुलता, श्वेता प्रज्ञा, पुष्पा रजक सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## डीडीसी ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी जनसमस्याएं



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आये आमजनों की समस्याएं सुनी। इस जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेय जलापूर्ति, वृद्धा पेंशन से संबंधित समेत अन्य मामलें शामिल थे। ज्ञात हो कि उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर के अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## पोषण सप्ताह शिविर का आयोजन

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** बंधन हेल्थ प्रोग्राम सोसो व दुलमी शाखा ने संयुक्त रूप से दुलमी प्रखंड कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया। आयोजित आयोजित राष्ट्रीय पोषण सप्ताह थीम में महिला स्वास्थ बच्चा अच्छा के पोषण की महत्व पर प्रकाश डाला गया साथी महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और विकास के लिए गुणवत्ता पूर्ण पोशाक के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ रविंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रकाश चटर्जी, उर्मिला देवी, वासुदेव महतो, बबलू कुमार, ज्योति कुमारी, सुधीर कुमार, सुनीता देवी,आबिला खातून, संजू देवी, कुंती देवी, सविता देवी, रेशमा खातून, शीला देव, इंद्राणी देवी, बसंती देवी, शबनम बानो, आरती रजक के अलावे बंधन हेल्थ प्रोग्राम के कर्मी सुशीला कुमारी, रजनी टोप्पो, शांति बाखला, सावित्री कुमारी, सहयोगी सुषमा यशोदा, पुष्पा, पूनम, मंजू, शीला, सरिता, खुशबू, अंजू, पार्वती, प्रतिमा, ललिला शामिल रहे।

# कुंदरूकला में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**फुटबॉल खेल से शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती बना रहता है: पूर्व विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत अंतर्गत महथा बगीचा मैदान में झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूनोमेंट का शुभारंभ किया गया, जिसके मुख्य अतिथि रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रत्याशी बजरंग महतो शामिल हुए। अतिथियों द्वारा फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल का शुभारंभ किया इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं उसे निखारने की आवश्यकता है खेल में जो अच्छा प्रदर्शन करेंगे उनका भविष्य उज्जवल निश्चित होगा उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेल ऐसा प्रतियोगिता है कि विशेष कर जुआ वर्ग के लिए बहुत ही फायदेमंद है खेलकूद से मानसिक और शारीरिक तंदुरुस्ती बना हुआ रहता है जिसका ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लेना चाहिए झारखंड प्रदेश में खेल की अपार संभावना है और राज्य सरकार खिलाड़ियों के प्रति मदद करने के लिए हमेशा कृत संकल्पित है जिसका गांव के लोगों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी हिस्सा लेना चाहिए।

खेलकूद के शुभारंभ के पहले खेल मैदान में खूब आतिशबाजी की गयी और अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल किक मारकर खेल का प्रारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि बजरंग ने खेल मैदान में उपस्थित खिलाड़ी और ग्रामीणों को संबोधन में कहा कि खेलकूद में हमेशा साथ देने का मैं काम किया हूं और भविष्य में भी आपका मनोबल के बढ़ने के लिए सहायता देने का काम करता रहूंगा। झारखंड प्रतिभा फुटबॉल खेल का पहला दिन का प्रदर्शन मैच सुगिया और झरना के बीच खेला गया जिसमें झरना की टीम विजय घोषित हुई जबकि दूसरे राउंड की खेल में मैच भुरकुंडा बनाम सिक्कीदिरी के बीच में खेल का प्रदर्शन किया गया खेल मैदान में अच्छा प्रदर्शन कर सिकीदिरी की टीम ने 3-1 से विजय हासिल किया।

इस मौके पर रामगढ़ 20 सूत्री अध्यक्ष भरत महतो, गौरी शंकर महतो, सुनील करमाली, मनोज पुजहर, के अलावे आयोजन समिति के अध्यक्ष निरंजन बेदिया सचिव शैलेंद्र महतो कोषाध्यक्ष खेमन महतो महतो विजय केसरी, विनोद करमाली रंजीत करमाली, कमलेश बेदिया, इनायत अंसारी, त्रिभुवन महतो कालीचरण बेदिया, सबलु महतो, नारायण करमाली सुनील मेहता सहित दर्जनों का सहयोग रहा।

## जाति और आवासीय प्रमाण पत्र की समस्या दूर करने के लिए 15 सितंबर तक चलेगा अभियान

# 8432 लंबित आवेदनों के निष्पादन के बाद होगी मॉनिटरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में जाति और आवासीय प्रमाण पत्र को लेकर समस्या बढ़ती जा रही है। आवेदकों के अब तक 8.50 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार ने इस समस्या को दूर करने के लिए अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग की। उन्होंने बताया कि छात्रों को जाति, आवासीय व अन्य कई प्रमाण पत्रों की आवश्यकता पड़ती रहती है। उनकी यह समस्या दूर करने के लिए विशेष कैंप लगाकर प्रमाण पत्र जारी करना होगा । उन्होंने 15 सितंबर तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश भी दिया है। प्रखंडों व अनुमंडल स्तर पर लंबित जाति आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्रों को समय पर निर्गत करना बेहद आवश्यक है। डीसी ने कहा कि अगले 10 दिनों तक विद्यालय स्तर पर विशेष अभियान चला कर बच्चों को जाति, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

**अंचल अधिकारी गंभीरता से करें कार्य**

इस दौरान डीसी ने अंचलवार लंबित कुल 8432 आवेदनों की विस्तृत जानकारी संबंधित अंचल अधिकारियों से ली। आवेदनों का तीव्र गति से निष्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीसी ने जिला स्तर से आवेदनों के निष्पादन के लिए प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों की डेली मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं जल्द से जल्द सभी आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**योग्य बच्चों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश**

इस क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी और मैनेजर आईटी के द्वारा डीसी को बताया गया कि विगत वर्ष से अब तक विद्यालय स्तर पर कुल 25217 बच्चों को जाति, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये गये हैं। और 5757 बच्चों का आवेदन रिजेक्ट हुआ है। इस संबंध में डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को रिजेक्ट हुए सभी आवेदनों की गहन समीक्षा करते हुए जिन बच्चों के आवेदनों में किसी प्रकार की कोई त्रुटि के कारण उनका आवेदन रिजेक्ट हुआ है उनका निराकरण कराते हुए सभी योग्य बच्चों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# रामगढ़ से गिद्दी जा रहा यात्रियों से भरा ट्रेकर पलटा, आधा दर्जन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा रोड में बिंझार पुल के निकट मंगलवार को यात्रियों से भरा एक ट्रेकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक यात्रियों को गंभीर चोटे आयी। सभी घायल यात्रियों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जबकि, सभी घायलों का उपचार सदर अस्पताल में ही किया गया। घायलों में सिरका निवासी 20 वर्षीय हिना परवीन, 24 वर्षीय करण राम, 35 वर्षीय शहनाज परवीन, 35 वर्षीय सागर भुइंया और 35 वर्षीय रजवा देवी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि रामगढ़ से ट्रेकर गिद्दी की ओर जा रहा था। रास्ते में स्पीड काफी अधिक होने के कारण बिंझार पुल के पास अनियंत्रित हो गया और सीधे खड्डे में गिर गया। इस हादसे में ट्रेकर के भी परखच्चे उड़ गये है।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 757 दिनांक 02.09.2023 के अनुसार मैं, आर्मी नं. 14846933 एल रैंक-नायक नाम- विशाल कुमार रजक, पिता- ज्ञान चंद निवास पता- जोरार बस्ती नामकुम थाना-नामकुम जिला-रांची 834010 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि:-

1. यह है कि मैं भारतीय नागरिक हूं।
2. यह है कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
3. यह कि पिंकी कुमारी मेरी पत्नी है जिसका सही जन्म तिथि 15.12.1988 ई. है जो मेरी पत्नी का आधार कार्ड में दर्ज है। संख्या 6911 2630 6078 एवं पैन कार्ड नं. FSFPK2086G है।
4. यह कि मेरा पत्नी का जन्म तिथि 15.12.1989 मेरा सेवा पुस्तिका में भूलवश दर्ज हो गया है।
5. यह शपथ पत्र मैं अपनी पत्नी का सही जन्म तिथि 15.12.1988 सेवा पुस्तिका में सुधार करने हेतु सम्पादित कर रहा हूं।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 158 दिनांक 25.08.2023 के अनुसार **मैं, शशि भूषण कुमार,** पिता- रामलखन प्रसाद, उम्र करीब 50 वर्ष, धर्म हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, साकिन निवास- बाजार रोड, डोमचांच, पोस्ट वो थाना डोमचांच, जिला - कोडरमा (झारखंड) शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड संख्या - 9229 5179 1336 है।
2. यह कि सौरव कुमार मेरा पुत्र है। जो मानस भारती एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स का छात्र था।
3. यह कि मेरे पुत्र सौरव कुमार के मैट्रिक सर्टिफिकेट में मेरे पुत्र के पिता यानि की मेरा नाम गलती से शशि भूषण दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम शशि भूषण कुमार दर्ज है।
4. यह कि मैं शशि भूषण एवं शशि भूषण कुमार दोनों नामों का एक ही व्यक्ति हूं।
5. यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपने पुत्र सौरव कुमार के मैट्रिक सर्टिफिकेट में शशि भूषण के स्थान पर शशि भूषण कुमार दर्ज करने हेतु बना रहा हूं।

# आरक्षण की मांग

महाराष्ट्र के जालना में पुलिस लाठीचार्ज की घटना के बाद जहां एक बार फिर मराठा आरक्षण की मांग ने जोर पकड़ लिया है, वहीं एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली प्रदेश सरकार विरोधियों के निशाने पर आ गई है। आईएनडीआईए गठबंधन से जुड़ी कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद पवार ग्रुप) जैसी पार्टियां तो सरकार की तीव्र आलोचना करते हुए गृहमंत्री देवेंद्र फड़णवीस का इस्तीफा मांग ही रही हैं, बीजेपी के अंदर से भी पंकजा मुंडे जैसे कुछ नेता खुले रूप में और कई दूसरे नेता दबे-छुपे स्वर में इस प्रकरण पर नाखुशी जाहिर कर चुके हैं। हालांकि सरकार ने जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग के समर्थन में चल रही भूख हड़ताल से निपटने के ढंग को लेकर वहां के एसपी को जबरन छुट्टी पर भेज दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी भरोसा दिलाया है कि वह मराठा आरक्षण के पक्ष में हैं और जल्दी ही सरकार इस बारे में कोई ठोस कदम उठाएगी। सरकार की ओर से आंदोलनकारियों से संपर्क करके उन्हें समझाने-बुझाने के प्रयास भी चल रहे हैं। लेकिन राज्य में एक बार फिर से गरमा चुके इस मसले को शांत करने में इन सबसे कितनी मदद मिलती है, यह कुछ समय बाद स्पष्ट होगा। असल में यह महाराष्ट्र की राजनीति का एक ऐसा संवेदनशील मसला है, जिस पर कोई भी विरोध में नहीं दिखाना चाहता। राज्य की आबादी में 30 फीसदी से ज्यादा की हिस्सेदारी रखने वाला मराठा समुदाय प्रदेश की राजनीति पर भी अच्छी पकड़ रखता है। अब तक महाराष्ट्र के ज्यादातर मुख्यमंत्री मराठा ही रहे हैं। यही वजह है 2018 में जब मराठा आरक्षण के सवाल पर राज्य में बड़ा आंदोलन हुआ तो तकरीबन सभी दलों ने इस मांग का समर्थन किया। नवंबर 2018 में विधानसभा में मराठा आरक्षण बिल पास हुआ, जिसके मुताबिक राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में समुदाय को 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। मगर बाद में इसे कोर्ट में चुनौती दी गई और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया। इस आरक्षण को लागू करने से राज्य में 50 फीसदी की अधिकतम आरक्षण सीमा का उल्लंघन हो रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 50 फीसदी की आरक्षण सीमा पर पुनर्विचार करने की जरूरत नहीं है। ऐसे में इस संवेदनशील और भावनात्मक मुद्दे को धैर्य और समझदारी से हैंडल करने की जरूरत है। जालना की घटना इस बात का सबूत है कि पुलिसिया जोर-जबर्दस्ती से हालात और बिगड़ने का ही खतरा है। धीरे-धीरे ही सही, पर समाज के सभी तबकों को यह बात समझने-समझाने की भी जरूरत है कि आरक्षण की नीति से कुछ ज्यादा ही उम्मीदें पाली जाने लगी हैं। सामाजिक संदर्भों में इस नीति की अहमियत भले हो, इसे रोजगार की समस्या का हल मानने वाली सोच हमें शायद ही कहीं ले जा सके।

**मराठा समुदाय को महाराष्ट्र सरकार की नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में दाखिले में 2018 में आरक्षण दिया गया था, जब फड़णवीस राज्य के सीएम थे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में कुल आरक्षण की सीमा 50 फीसदी होने समेत दूसरे कारणों का हवाला देते हुए इसे रद्द कर दिया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुंबई बैठक में एक बार फिर ये भाव उभरकर आया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए गैर भाजपाई दलों की एकता ही एकमात्र उपाय है। विपक्ष की तीसरी बैठक में तीन संकल्पों पर सहमति बनी। इंडिया के सभी दल लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। सीट शेयरिंग के बारे में सभी दल जल्द ही सहमति से फैसला लेंगे। सभी पार्टियों के नेताओं से कहा गया कि वह सहयोगी दलों को कितनी सीटें दे सकते हैं, इस पर जल्द से जल्द अपना पक्ष रखें।**

# विपक्षी गठबंधन को तीन सवालों के जवाब जल्द से जल्द ढूंढ़ने होंगे



**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक हाल ही देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले महानगर मुंबई में संपन्न हुई। विपक्षी गठबंधन की ये तीसरी बैठक थी। पहली बैठक जून में पटना में, जबकि दूसरी बैठक जुलाई में बेंगलुरु में हुई थी। जहां इसे इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) नाम दिया गया। तीन बैठकों के बाद भी विपक्ष तीन सवालों से लगातार मुंह चुरा रहा है या फिलवक्त वो इन सवालों का जवाव ढूंढ़ नहीं पाया है। पहला प्रश्न यह है कि प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन? दूसरा प्रश्न है, सीट बंटवारा कब तक? और अंतिम एवं तीसरा प्रश्न है कि गठबंधन का संयोजक कौन?

मुंबई बैठक में एक बार फिर ये भाव उभरकर आया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए गैर भाजपाई दलों की एकता ही एकमात्र उपाय है। विपक्ष की तीसरी बैठक में तीन संकल्पों पर सहमति बनी। इंडिया के सभी दल लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। सीट शेयरिंग के बारे में सभी दल जल्द ही सहमति से फैसला लेंगे। सभी पार्टियों के नेताओं से कहा गया कि वह सहयोगी दलों को कितनी सीटें दे सकते हैं, इस पर जल्द से जल्द अपना पक्ष रखें। इंडिया के नेता पूरे देश में एक साथ रैली करेंगे। विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक से हासिल क्या हुआ ये कह पाना तो कठिन है लेकिन जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया, जैसा नारा जरूर तय हो गया। इंडिया गठबंधन की ये सबसे बड़ी चुनौती इस समय चल रही है। कैमरे के सामने सभी एकजुट होने का दावा जरूर कर रहे हैं, लेकिन अंदर खाने काफी कुछ चल रहा है। उन तमाम गतिविधियों की वजह से ही अब तक कई चीजों पर आम सहमति बनती नहीं दिख रही है। सबसे पहले इंडिया को ये तय करना था कि उसका संजोयक कौन बनने जा रहा है। कोई बहुत बड़ा सवाल नहीं था, इस पर ज्यादा विवाद भी नहीं होना था। लेकिन 26 पार्टियों वाला ये विशाल कुनबा इस सवाल का जवाब भी नहीं खोज पाया।

**कैमरे के सामने सभी एकजुट होने का दावा जरूर कर रहे हैं, लेकिन अंदर खाने काफी कुछ चल रहा है।**

संयोजक के नाम पर एक राय न होने की वजह साफ है कि विभिन्न नेताओं की महत्वाकांक्षाओं में टकराव है। वैसे तो सभी नेता कहते रहे हैं कि वे इस पद हेतु दावेदार नहीं हैं किंतु वास्तविकता ये है कि कांग्रेस येन केन प्रकारेण अपना संयोजक बनाना चाहती है किंतु आम आदमी पार्टी जैसे छोटे दल भी कांग्रेस की अगुवाई में काम करने के इच्छुक नहीं हैं।

इंडिया गठबंधन के संयोजक के रूप में सबसे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम चल रहा था। उनकी तरफ से क्योंकि इस विपक्षी एकता की रूपरेखा रखी गई, उन्होंने ही शुरूआत में कई नेताओं से मुलाकात कर सियासी पिच खड़ी करने की तैयारी की, ऐसे में उन्हें ये मौका मिल सकता था। लेकिन जब तक ये अटकलें और ज्यादा जोर पकड़तीं, नीतीश ने मुंबई बैठक से पहले ही साफ कर दिया कि उन्हें इस पद की कोई लालसा नहीं है। वे तो किसी भी पद की उम्मीद में नहीं बैठे हैं। उन्हें तो बस विपक्ष को एकजुट करना है। जबकि असलियत यह है कि नीतीश कुमार संयोजक बनने के लिए लालायित हैं। लेकिन अंदरूनी तौर पर बिहार सरकार में ही उनके सहयोगी लालू प्रसाद यादव उनके नाम पर तैयार नहीं हैं। लालू नीतीश को राष्ट्रीय नेता बनते नहीं देखना चाहते।

इसी कड़ी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम ने जोर पकड़ना शुरू किया। सूत्रों से यहां तक खबर मिलने लगी कि मुंबई बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे को ये अहम जिम्मेदारी दे दी जाएगी। लेकिन ऐन वक्त पर पता चला कि मुंबई बैठक में संयोजक का ऐलान नहीं किया जाएगा। एक परेशानी ये भी है कि यदि मल्लिकार्जुन खरगे या नीतीश संयोजक बनते हैं तो ये शरद पवार खेमे को ये नागवार गुजरेगा।

अभी तक हो रही देरी को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया गया है, किसी तरह का कारण भी सामने नहीं आया है। इसी वजह से जानकार मान रहे हैं कि अंदरूनी झगड़ों से बचने के लिए अब तक इंडिया गठबंधन के संयोजक का ऐलान नहीं किया गया है। एक के नाम पर मुहर लगने का मतलब है दो अन्य का नाराज होना। इस स्थिति से लगातार बचने के चलते नाम के ऐलान से भी खुद को दूर रखा जा रहा है। ऐसे में इंडिया के लिए संयोजक तय करना मुश्किल होता जा रहा है। इंडिया गठबंधन के साथ चेहरे को लेकर भी दुविधा खड़ी हो रही है। चेहरे से मतलब है कि पीएम मोदी के खिलाफ किसे विपक्ष अपना पीएम उम्मीदवार दिखाने वाला है। अब ये सवाल भी अपने आप में बड़े सियासी तूफान को जन्म दे सकता है। इस बारे में अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भले ही पचास से ज्यादा नेता इंडिया की बैठक में शामिल होते हैं किंतु जब मोदी के मुकाबले के लिए किसी को सामने लाने का सवाल उठता है तब एक खालीपन महसूस होने लगता है। गठबंधन में ये डर भी देखा जा रहा है कि संयोजक को प्रधानमंत्री पद का चेहरा मान लिए जाने से पूरा मुकाबला इकतरफा हो जाएगा क्योंकि चेहरे और व्यक्तित्व के मामले में प्रधानमंत्री मोदी पूरे विपक्ष पर भारी पड़ते हैं। संयोजक के नाम पर आम राय और विपक्ष का चेहरा कौन होगा के अलावा ऐसी ही परेशानी सीटों के बंटवारे को लेकर है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बैठक में ये मांग कर डाली कि इस मुद्दे पर तत्काल फैसला किया जाए। लेकिन उनकी बात अनसुनी कर दी गई। जिस तरह की जानकारी अंदरखाने से आई हैं उसके अनुसार कांग्रेस संयोजक और सीट बंटवारे को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव तक टालना चाहती है। दरअसल उसे उम्मीद है कि वह कर्नाटक की तरह से ही उक्त तीनों राज्य जीतने जा रही है। और तब संयोजक और सीट बंटवारे के निर्णय में उसका हाथ ऊपर रहेगा। इस प्रकार भले ही राहुल गांधी कितनी भी उदारता दिखाते हुए विपक्षी एकता के प्रति समर्पण भाव व्यक्त करें किंतु गठबंधन का स्वरूप नेचुरल कम आर्टिफिशियल ज्यादा नजर आ रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो ये मजबूरी से उपजी जरूरत है। यही वजह है कि मोदी विरोध के नाम पर एक साथ बैठने के बाद भी नेता और सीटों के बंटवारे पर निर्णय नहीं हो पा रहा है।

सीटों के बंटवारे को जिस तरह से कांग्रेस टरका रही है उसकी वजह से भी अविश्वास बरकरार है। आम आदमी पार्टी जिस प्रकार से दबाव बना रही है उससे बाकी पार्टियां भी परेशान हैं क्योंकि केजरीवाल की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है जिसे न कांग्रेस भाव देगी, न ही ममता बैनर्जी और नीतीश कुमार। जिन तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव आगामी महीनों में होने जा रहे हैं उनमें आम आदमी पार्टी जिस प्रकार से पैर पसार रही है उससे कांग्रेस परेशान है। लेकिन केजरीवाल को रोकने का साहस भी नहीं बटोर पा रही। ऐसा लगता है संसद के विशेष सत्र की घोषणा ने गठबंधन को रुको, देखो और फिर आगे बढ़ने के लिए बाध्य कर दिया है। मुंबई में हुई बैठक के पहले जो माहौल बनाया गया उसे देखकर लग रहा था कि उसमें ठोस निर्णय होंगे किंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ और पांच सितारा होटल में बैठकर गरीबी और बेराजगारी पर केंद्र सरकार की आलोचना कर बैठक खत्म हो गई।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**




**जानकार मान रहे हैं कि अंदरूनी झगड़ों से बचने के लिए अब तक इंडिया गठबंधन के संयोजक का ऐलान नहीं किया गया है। एक के नाम पर मुहर लगने का मतलब है दो अन्य का नाराज होना। इस स्थिति से लगातार बचने के चलते नाम के ऐलान से भी खुद को दूर रखा जा रहा है। ऐसे में इंडिया के लिए संयोजक तय करना मुश्किल होता जा रहा है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# बिरसानगर के डेंगू प्रभावित क्षेत्र का रघुवर दास ने किया दौरा

**डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 जमशेदपुर की है।**

**आजाद सिपाही सवांददाता**





**जमशेदपुर।** पूर्व सीएम व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने बिरसानगर के डेंगू प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। मंगलवार को दास ने बिरसानगर के जोन नं.1 बी के माछपाड़ा निवासी बालिका स्व. विशाखा पाणि के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बताया विशाखा पाणि की मौत 3 सितंबर को डेंगू से हो गयी थी। वहीं दास ने लक्ष्मी नर्सिंग होम व बिरसानगर जोन नंबर 6 निवासी स्व.अशोक घोष के परिजनों से मुलाकात की। पूर्व सीएम रघुवर दास ने दिवंगत पुण्यात्मा के शांति की प्रार्थना कर शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। क्षेत्र के दौरा के दौरान उन्होंने डेंगू से प्रभावित परिवार मुकेश मिश्रा के परिवारजनों से भी मुलाकात की। मौके पर पूर्व सीएम दास ने बिरसानगर में डेंगू के बढ़ते प्रकोप की शिकायत डीसी से की। साथ इससे तुरंत निपटने के लिए आग्रह किया। उन्होंने डीसी से कहा बिरसानगर में बड़ी संख्या में गरीब लोग निवास करते हैं। इनके लिए डेंगू का महंगा इलाज कराना मुश्किल है। ऐसे में आयुष्मान से जुड़े कॉरपोरेट अस्पताल में डेंगू प्रभावित मरीजों की चिकित्सा की व्यवस्था हो तो बेहतर होगा। डीसी ने पूर्व सीएम को आश्वस्त किया बिरसानगर में शीघ्र फागिंग व दवा का छिडकाव के लिए टीम भेजी जायेगी। वही पूर्व सीएम ने राज्य के सीएम ने कहा हेमंत सरकार लोकहित के हर मोर्चे पर विफल रही है। सरकार ना तो बिजली की सही ढंग से आपूर्ति कर रही न ही स्वास्थ्य सेवाएं दुरूस्त कर पा रही। एक तरफ लोग स्वास्थ्य विभाग की अव्यस्था के कारण डेंगू व दूसरी मानसून जनित रोगों से मर रहे हैं तो दूसरी ओर बिजली की कटौती से त्राहि-त्राहि कर रहे। पूरे राज्य में लोड शेडिंग कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। लोग रातभर सो नहीं पा रहे हैं। एक तरफ घर में भीषण गर्मी के कारण नींद नहीं आती तो दूसरी तरफ छत पर मच्छरों की तांड़व से लोग रात को रातजगा करने को बाध्य हैं। उन्होंने कहा सरकार विद्युत आपूर्ति में आयी कमी को दूर करने में पूरी तरह से विफल रही है। मानसून की इन बीमारियों से निपटने के लिए सरकार की तैयारी नहीं के बराबर है। मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। न तो फागिंग की पर्याप्त व्यवस्था न दवा छिड़काव की जा रही। यही वजह है डेंगू से मरने वाली की संख्या बढ़ती जा रही। डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 जमशेदपुर की है। इनमें पांच की मौत हाल के दिनों में हुई। रांची जिला दूसरे स्थान पर है। जहां एक मरीज की मौत हो चुकी है। जमशेदपुर में 3 सितंबर को बिरसानगर की विशाखा पाणि की मौत से पूर्व चार की मौत हो चुकी है। यहां पॉजिटिविटी मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अस्पतालों में मरीजों को बेड नहीं मिल पा रहे। कोटा में पढ़ाई कर रहे झारखंड की एक छात्रा की मृत्यु डेंगू से हुई थी। जिन जिलों को डेंगू ने अपनी चपेट में ले रखा उनमें पूर्वी सिंहभूम के अलावा कोडरमा, रामगढ़, देवघर, चतरा और सरायकेला शामिल है। राज्य की राजधानी रांची में अगस्त तक 26 डेंगू और 47 चिकनगुनिया के मामले मिले थे। राज्य के राजधानी में इन बीमारियों के नियंत्रण के लिए जब कारगर कदम नहीं उठाये जा रहे हैं तो अन्य जगहों की सुध कौन लेगा। इस अवसर पर भाजपा बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, तापस कर्मकार, मुकेश मिश्रा, कोकण पांडे, मनीष पांडे, विकास साहू, बापन बनर्जी, सुशांतो साहू, ओंकार सिंह, संजय पाल, डॉ भोला, भानु प्रताप व अन्य मौजूद रहे।

## सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई होने से भू माफियाओं में हड़कंप



**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर पक्का मकान बनाने वाले के खिलाफ अंचल कार्यालय के निर्देश पर कारवाई होने पर भू माफियाओं में हड़कंप मच गया। मंगलवार को सुबह कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। बताया जा रहा मामला तब प्रकाश में आया जब निर्माण कार्य अंतिम चरण में था। तबतक अंचल प्रशासन मौन थे। जैसे ही मामला मीडिया के जरिये सुर्खियों में आया तब भेद खुलता देख अंचल प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल कार्रवाई से भूमाफियाओं में खलबली मच गई है। सभी की निगाहें अब मंगलम सिटी के पिछले हिस्से में सरकारी जमीन पर है। जहा भूमाफिया के द्वारा धड़ल्ले से कब्जा किया जा रहा।

## शिक्षक दिवस पर विधायक ने वीणापाणि पाठशाला में शिक्षकों को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के द्वारा कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए संचालित निःशुल्क कोचिंग वीणापाणि पाठशाला में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार कोणायोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरजू राय व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों के साथ माता सरस्वती की वंदना कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि आर्पित की। मौके पर बच्चों ने स्वागत गान,गुरु वंदना किया। इस अवसर पर विधायक ने वीणापाणि पाठशाला के अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षक जगबंधु महतो, शिक्षिका पिंकी पाण्डेय व दीपिका कुमार को सम्मानित किया। मौके पर राय बने कहा वीणापाणि पाठशाला का एक वर्ष पूर्ण कुछ ही दिन पहले हुई है। पाठशाला के माध्यम से सैकड़ों छात्रों को लाभ मिल रहा है। इसमें शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राय ने बच्चों को सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की जीवनी से परिचय कराया। साथ ही उनके महान कृत्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक गोयल ने भी शिक्षक दिवस पर कई अहम जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वागता भाषण पिंकी पाण्डेय व धन्यवाद ज्ञापन जगबंधु महतो ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा प्रतिनिधि एस पी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक के निजी सचिव सुधीर सिंह, भाजमो के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, कैलाश झा, अशोक कुमार, किरण सिंह, गीता कुंडू, आसीम पाठक, डी मणि, लता सहित भाजमो सैकड़ो कार्यकर्ता व विद्यार्थी शामिल रहे।

## श्री राधा कृष्णा पूजा मंदिर में छत्तीसगढ़ी यादव समाज ने करमछठ पूजा का आयोजन किया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिष्टुपुर स्थित वोमेन्स कॉलेज के पीछे श्री राधा कृष्णा पूजा मंदिर में छत्तीसगढ़ी यादव समाज के द्वारा कमरछठ पूजा का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित पूजा में छत्तीसगढ़ी यादव समाज के सैकड़ो महिला शामिल रहे। श्री राधा कृष्णा पूजा मंदिर परिसर में कमरछठ पूजा में महिलाओं ने पूजा अर्चना कर अपने परिवार में सुख समृद्धि व बच्चों के लिए लंबी आयु की कामना की। मौके पर मंदिर कमिटी के जय कुमार यादव ने बताया प्रत्येक वर्ष छत्तीसगढ़ी यादव समाज की महिलाओं के द्वारा कमरछठ पूजा का आयोजन की जाती है। पूजा में महिलाओं ने परिवार में शांति व बच्चों के जीवन मे उन्नती व उनकी लंबी आयु के लिए भगवान से कामना करते है। इस अवसर पर खेवन बाई, लक्ष्मी बाई, रीमा बाई,पूनम बाई,नंदनी बाई, कोमल बाई, बसंती बाई,रानी बाई सहित अन्य पूजा में शामिल है। मौके पर मंदिर कमेटी के आनंद यादव, सीनू यादव, सागर यादव गोविंद यादव,अजय कुमार, बासुदेव, दर्शन, कपिल, शंकर, दीपक, अनूप,पुणे,संतोष, गंगा सहित अन्य का सहयोग रहा।

# बालिगुमा में करम पर्व का आयोजन

**आजाद सिपाही सवंवाददाता**



**जमशेदपुर।** बालिगुमा सुखना बस्ती में करम आंखड़ा कमिटी के द्वारा वार्षिक करम पर्व पारंपरिक विधि विधान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 9 दिनों तक 18 युवतियों ने उपवास कर जावा पाताया गया। मौके पर करम डाली को करम आंखड़ा में गाड़ा गया। शाम को पारम्परिक रूप से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर पारम्परिक करम गीतों पर नृत्य किया गया। नृत्य में बालिगुमा समेत अन्य क्षेत्र से 10 टीमों ने भाग लिया। पूजा में जावा पाताया 18 लड़कियों में वर्षा, मोनिका, रुम्पा, जया, रिया, प्रिया, स्वीटी, परी, तानी, पीहू, सेफाली, इरा, वृष्टि, खुशी, माला, उमा, प्रीति, अनिशा शामिल रही। वही आयोजन कमिटी ने बताया वास्तविक संस्कृति व झारखंडी कैलैंडर के अनुसार करम पर्व भाद्र महीने में ही मनाया जाता है। लेकिन बांग्ला व हिंदी केलैंडर के अनुसार इसबार करम आश्विन महीने में होगा। जो झारखंडी संस्कृति के इतर है। इसलिए हमलोगों ने अपने संस्कृति के अनुसार आज करम मनाया। उन्हों ने बताया करम मुख्य रूप से बिजों को संरक्षण का जांच का पर्व है। यदि 9 दिन से पर्व प्रारम्भ किया जाता है तो 9 तरह के बिजों को अंकुरित किया जाता है। 5 दिनों से प्रारम्भ करने से 5 तरह के बीज व 3 दिनों से प्रारम्भ करने से 3 तरह का बिजों को अंकुरित किया जाता है। इस अवसर पर कमिटी के जीत, वरुण, राकेश, रौनक, संध्या रानी महतो, दिलीप कुमार महतो, काकोली महतो, मदन महतो, सिवानी महतो, नेपाल महतो, पूर्णिमा महतो, दीपक रंजीत सहित अन्य शामिल रहे।

## सोनारी में गोली चलने से युवक घायल, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी थाना अंतर्गत सत्तार मुहल्ला में मंगलवार शाम अचानक गोली चलने से देव ठाकुर नामक युवक बुरी तरह घयाल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एमजीएम अस्पताल लाया गया। जहा इलाज चल रही है। बताया जा रहा देव के कंधे पर गोली लगी है। घटना की जानकारी देते हुए देव की मां मीनाबाई ने बताया मगलवार शाम बेटा घर के पास पात्रो मेडिकल के पास ही खड़ा था। इस बीच ही बाइक में सवार होकर तीन लोग आए गोली चलाकर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 06 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का हुआ आयोजन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित डी ए वी लीलावचन पब्लिक स्कूल मे बच्चों के द्वारा शिक्षकों के सम्मान मे शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आरम्भ प्रधानाचार्य के द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया ततपश्चात कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 के छात्र प्रशांत कुमार के द्वारा किया गया इस अवसर पर प्राचार्य मनोज कुमार के कहा की डॉक्टर राधाकृष्णन जी भारतीय संस्कृति के सच्चे संवाहक , प्रख्यात शिक्षाविद् एवं महान दार्शनिक थे। स्वतंत्र भारत के पहले उपराष्ट्रपति एवं दूसरे राष्ट्रपति बने। वे शिक्षा का केंद्र विद्यार्थी को मानते थे। उनका मानना था कि विद्यार्थी में नैतिक,बौद्धिक, आध्यात्मिक,सामाजिक व्यवसायिक आदि मूल्यों का संचरण करने का प्रयास करना चाहिए।उनके अनुसार शिक्षण संस्थानों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति प्रेम,मानवतावाद एवं समन्वय की शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए शिक्षक हम सब के जीवन को अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान भर कर प्रकाशित करते है आज हम शिक्षक दिवस के शुभ अवसर विद्यालय परिवार की तरफ से प्रत्येक शिक्षक /शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देतें है इस अवसर पर बच्चों के द्वारा शिक्षकों के सम्मान मे विभिन्न गीत, नृत्य, भाषण आयोजित किया गया।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर नगर की बैठक में सेवा सप्ताह 17 से 23 सितंबर तक मनाने पर की गयी चर्चा



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर नगर के अध्यक्ष रंजन कुमार के अध्यक्षता में सेवा सप्ताह 17 सितंबर से 23 सितंबर 2023 तक मनाने पर चर्चा की गयी। सेवा सप्ताह के अंतर्गत वैसी जगह पर पौधरोपण का कार्यक्रम करना जहां हरियाली शून्य मात्रा में हो, सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी और सड़क सुरक्षा के नियम को जागरूकता से फैलाना, प्रतिभाओं को निखारने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, आंगनबाड़ी विद्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय के अंदर सिलेट-चौक वितरण का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित नगर प्रखंड अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू, डॉक्टर धर्मचंद लाल अग्रवाल, सचिव अनूप कुमार निराला, गोपाल जयसवाल, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, शुभम कुमार, उमेश कुमार, धीरज अग्रवाल, देव शंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### गढ़वा जिला फुटबॉल एसोसिएशन की बैठक में 10 सितंबर से होनेवाली प्रतियोगिता को लेकर विचार विमर्श




गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर गढ़वा जिला फुटबॉल एशोसिएशन की एक बैठक परिसदन भवन में हुई। इसमें मुख्य रूप से झारखंड फुटबॉल एशोसिएसन के अध्यक्ष मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर तथा महासचिव गुलाम रब्बानी उपस्थित थे। बैठक में आगामी 10 सितंबर से आयोजित होने वाले प्रतियोगिता को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसमें आयोजन को सफल बनाने के लिए खिलाड़ियों को लाने , खाने व उन्हें ठहराने को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया।सभी के लिये कमेटियों का गठन किया गया है। प्रतिदिन चार मैच का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों को मैदान ले जाने के लिए तीन बसों की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता के आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर बैनर सभी प्रखंडों में लगाने का भी निर्णय लिया गया ।उद्घाटन समारोह की भव्यता को लेकर चर्चा किया गया ।इसको मौके पर मार्च पास्ट की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया जाएगा सभी प्रतियोगिता के लिए स्वागत कमेटी गठित की गई है। इसके संयोजक कंचन साहू को मनाया गया इसके अलावे जिन-जिन प्रखंडों में मैच आयोजित होंगे वहाँ गोल पोस्ट को ठीक किया जाएगा।इसके आलावे वहां मेडिकल के टीम भी मौजूद रहेगी रामा साहू स्थित मैदान में मेडिकल टीम मौजूद रहेगी।जहां सारे प्रतियोगिता आयोजित किये जायेंगे।उपायुक्त महोदय के द्वारा प्रचार प्रसार के लिए सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देशित भी किया। जिन-जिन प्रखंडों के मैदान में गोल पोस्ट नहीं है वहां गोल पोस्ट लगाने का कार्य मैच से पहले कर दिया जाएगा। मैच का उद्घाटन 2:00 बजे किया जाएगा।मौके पर संरक्षक उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश राय, पुलिस उपाधीक्षक अवध यादव,आयोजन समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ राज माहेश्वर, सचिव आलोक कुमार मिश्रा,डीएसओ उमेश लोहरा,रेफरी कमिटी के मो फरीद,राघवेन्द्र नारायण सिंह, नसीम अख्तर,उदय नारायण तिवारी,सत्येंद्र प्रसाद यादव,धर्मेन्द्र पाल, शुशील तिवारी,अरविंद कुमार,जगगरनाथ राम,अजयकांत,मनोज संसाई,लक्ष्मण राम,धीरज दुबे,ओम प्रकाश गुप्ता,कंचन कुमार,कमलेश पांडेय,आदि लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने शिक्षक दिवस पर किया गुरुजनों को सम्मानित

# व्यक्ति के सफल जीवन में शिक्षक का होता है अमूल्य योगदान : मंत्री

**मंत्री श्री ठाकुर ने गुरुजनों को शॉल ओढ़ाकर, माला पहना कर, बुके एवं उपहार प्रदान कर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शिक्षक दिवस के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने गुरुजनों को शॉल ओढ़ाकर, माला पहना कर, बुके एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात मंत्री ने सभी गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इससे पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उपस्थित सभी शिक्षकों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर आज मुझे में गुरुजनों का सम्मान करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का परम सौभाग्य मिला है। आप सभी गुरुजनों ने अपने समर्पण और ज्ञान के माध्यम से अनगिनत लोगों के जीवन को नया आकार दिया। शिक्षक हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं। शिक्षकों के बगैर मानव जीवन सार्थक नहीं है। शिक्षक न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि अनुभव और मार्गदर्शन के जरिए जीवन को सफल बनाते हैं। व्यक्ति के सफल जीवन में शिक्षक का अमूल्य योगदान होता है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सबसे पहले गुरु की आवश्यकता होती है। जीवन में शिक्षकों का स्थान सर्वश्रेष्ठ होता है। जीवन में माता-पिता एवं गुरु ही प्रथम पूज्य होते हैं। गुरु के बिना जीवन अधूरा होता है। मेरे शिक्षकों ने ही मुझे इस काबिल बनाया कि आज मैं पूरे राज्य की सेवा कर रहा हूं।

मौके पर सेवानिवृत शिक्षक डीपी सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। सम्मानित किए गए शिक्षकों में सेवानिवृत शिक्षक नरसिंह उपाध्याय, दिनेश्वर प्रसाद सिंह, बलराम तिवारी, पारस तिवारी, अशर्फी राम, सुरेंद्र प्रसाद, अमरनाथ गुप्ता, शेख अब्दुल्ला, दलसिंगार पाल, श्रीमती शिव कुमारी आदि के नाम शामिल हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक ही देश के निर्माता होते हैं : अलखनाथ पांडेय

**आरके पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर व केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मां सरस्वती और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इससे पहले स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निदेशक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। पुष्प गुच्छ देकर विद्यार्थियों ने निदेशक व सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात स्कूल के छात्राओं के द्वारा सुंदर स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। निदेशक ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और समृद्ध जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश का वास्तविक निर्माता शिक्षक ही होते हैं। शिक्षक की महिमा का गुणगान शब्दों में नहीं किया जा सकता। गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है, इसलिए शिक्षकों को भी अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से करना चाहिए। उन्होंने एकलव्य और अर्जुन जैसे छात्रों तथा चाणक्य और गुरु वशिष्ठ जैसे शिक्षकों की भी चर्चा की, जिसे सुनकर बच्चे काफी प्रभावित दिखे। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक और सुदंर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिक्षक दिवस के साथ-साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव भी अपनी चरम पर था। जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा राधा-कृष्ण रूप सज्जा बड़ा ही मनमोहक था। छात्र-छात्राओं के द्वारा टीचर्स के लिए गाने, कविता, भाषण और जन्माष्टमी के गाने पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन कक्षा आठवीं की छात्रा वारिधी पाण्डेय व श्वेता शर्मा के द्वारा किया गया।

हिंदी शिक्षिका श्रीमती अभिलाषा ने अपनी कविता 'मनुजों में सबसे उत्तम शिक्षक' शीर्षक का सस्वर पाठ किया। शिक्षिका जागृति चौबे ने श्री कृष्ण का भजन गाया।

सुगंधा तिवारी ने भी बच्चों को एक कविता सुनाई।

इस मौके पर पी के झा, संतोष पाण्डेय, अनुप कुमार पाण्डेय, अनिल सिन्हा, देवेन्द्र सिंह, नंदलाल गुप्ता, अहमद राजा, विकास तिवारी, शिवदेव सिंह, अनीता सिन्हा, निधि मिश्रा, गीता पाण्डेय, रश्मि शुक्ला, श्वेता पाण्डेय, पूनम राय, नीतू सिंह, स्वाति तिवारी, नितेश पाण्डेय, रंजीत गुप्ता व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी पर्व मनाया गया

**राधा कृष्ण की झाकियों से ओतप्रोत हुआ विद्यालय प्रांगण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नारायणपुर, टंडवा स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताते चलें कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा भारतीय परंपराओं और संस्कृति का मान रखते हुए सभी प्रकार के त्योहारों में कार्यक्रमों का आयोजन करता है। कार्यक्रम की शुरुआत मैनेजमेंट कमिटी के करकमलों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण का पूजन वंदन एवं डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन को माल्यार्पण करने के प्रश्चात दीप प्रज्वलन के साथ की गयी। कार्यक्रम में जूनियर वर्ग के बच्चों द्वारा राधा कृष्ण की पारम्परिक वेशभूषा की थीम का आयोजन किया गया।

वहीं सीनियर वर्ग के छात्रों ने भाषण, नृत्य, गान एवं हास्य नाटिका का आयोजन कर लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान चयनित विद्यार्थियों में वर्ग प्री नर्सरी से समृद्धि सिन्हा एवं सत्यम कुमार मिश्रा, नर्सरी से प्रिशा केशरी एवं समृद्धि साहू, वर्ग प्रेप से अपर्णा निधि एवं अयांश कुमार गुप्ता तथा वर्ग एक से मनीषा चौबे एवं श्रेष्ठ को पुरस्कृत किया गया। साथ ही शिक्षकों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से प्रबंधन से डायरेक्टर अनूप कुमार सोनी, सचिव आलोक सोनी, धीरज राज, आकाश कुमार, मीडिया प्रभारी मो. नूर अजीजी एवं विद्यालय के शिक्षकगण सुमित सर, अमित सर, सूरज सर, सत्य प्रकाश सर, आलोक सर, सुधांशु सर, कविता मैम, सोनी मैम , नेहा प्रीति, अंजलि मैम, सबनम मैम, सादिया मैम, शशि लता मैम, रश्मि मैम, रागिनी मैम एवं सभी कर्मचारीगण भी मौजूद थे।

## अल्पसंख्यक छात्रावास का जीर्णोद्धार कराये जाने पर छात्रों ने मंत्री का जाताया आभार



**मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सभी छात्रों को खेल किट प्रदान किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के जर्जर हो चुके अल्पसंख्यक बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार कराए जाने पर छात्रावास के छात्रों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंगलवार को सभी छात्रों ने मंत्री श्री ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पहुंचकर उन्हें बुके प्रदान कर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी छात्रों को किट प्रदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे गढ़वा को हर क्षेत्र में विकसित करने के लिए कृत संकल्पित हैं । जिले के छात्र, छात्राओं को पढ़ाई का बेहतर सुविधा प्रदान करना उनकी जिम्मेदारी है। अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन वे में पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। भविष्य में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा ग्रहण करने में किसी भी प्रकार के समस्या नहीं आएगी। आने वाले समय में जिले के सभी छात्रावास को बेहतर एवं सर्व सुविधा संपन्न बनाया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ने का बेहतर सुविधा प्रदान किया जाएगा।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, दिलीप गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के विधायक प्रतिनिधि मासूम रजा, झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बैजू कुमार, आस मोहम्मद अंसारी, आफताब हासमी, तौहीद अंसारी, खुशबुल्लाह, अली रजा, सलमान अंसारी, समदानी, महफूज, रिजवान, इबरान, एजाज, सफीउल्लाह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बाबू दिनेश सिंह विवि परिसर में स्थित महाविद्यालयों में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित महाविद्यालयों में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा अनेकों कार्यक्रम किये गये। जिसमें देवकी महावीर होमियोपैथिक रिसर्च एंड हॉस्पिटल, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस, वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन, वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सहित सभी महाविद्यालयों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। साथ में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. उमाशंकर मिश्र, डॉ अरबिंद सिंह, डॉ. मरियम जेसी जकारिया, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. बासवराज कलाली, डॉ. पी.डी. तिवारी आदि उपस्थित रहे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक डॉ. नन्द किशोर प्रसाद, शिवशंकर ओझा, डॉ. अमित सिंह, अरबिंद तिवारी, आनंद कुमार चौबे, शशिकांत सिंह यादव, अशोक यादव, ओम प्रकाश, अभिमन्यु शुक्ला सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। साथ ही सभी प्रशासनिक अधिकारियों में सुभाष कुमार, राकेश कुमार सिंह, मुकेश सिंह, प्रवीण सिंह, हरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। साथ ही सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में चन्दन कुमार, सुधीर कुमार धर दुबे, नीतीश कुमार, पंकज सिंह, बी.एन. सिंह आदि उपस्थित रहे।

### रंका झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष ने बिजली कटौती नहीं करने का दी चेतावनी

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड में बिजली की विकट समस्या को देखते हुए झामुमो रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने बिजली सब स्टेशन में जाकर बिजली विभाग के अधिकारी एवं बिजली मिस्त्री को अनावश्यक बिजली कटौती किए जाने पर बिजली कटौती नहीं करने के लिए चेतावनी दी है। इस अवसर पर राशन संबंधित समस्याओं को लेकर रंका प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से मिलकर अवगत कराया गया और जल्द से जल्द समाधान करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर सिकठ गांव के काफी संख्या में महिला पुरूष एवं बच्चे उपस्थित थे।

**बैठक :** भाजपा जिला कार्यालय में संकल्प यात्रा एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर की गयी चर्चा

# 15 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा गढ़वा पहुंचेगी

**संकल्प यात्रा के दौरान गढ़वा विधानसभा स्तरीय जन महासम्मेलन का होगा भव्य आयोजन : ओम प्रकाश केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में संकल्प यात्रा एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि आगामी 15 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा गढ़वा पहुंचेगी। संकल्प यात्रा के दौरान 15 सितम्बर को गढ़वा विधानसभा स्तरीय जन महासम्मेलन का भव्य आयोजन गढ़वा चेतना में किया जाएगा। कार्यक्रम में गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के एक एक बुथ एवं शक्ति केंद्र से कई हजारो हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के तहत भाजपा जिले भर के हर गांव से मिट्टी एकत्र कर दिल्ली कर्तव्यपथ पर बनने वाले अमृत वाटिका के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के लिए गांव गांव जाकर कार्यकर्ता को मिट्टी एकत्र करना होगा। साथ ही संकल्प यात्रा कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ता मजबूती से तैयारी में लग जाएं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंडल स्तर पर बैठक की जाएगी। बैठक में बूथ स्तर से मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में रामचंद्र केशरी, जवाहर पासवान, सुरज गुप्ता ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री संतोष दूबे ने किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, संजय भगत, उमेन्द्र यादव, महामंत्री विकास स्वदेशी, मंत्री मधुलता कुमारी, महेंद्र सिंह गौरी बिंद, मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, उत्तम पाण्डेय, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र पाठक, कार्यालय मंत्री राम उनय तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता किसान, मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मन राम एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप अखिलेश तिवारी यशवंत मिश्रा बसंत प्रसाद उदय प्रजापति उदय कुशवाहा लखन चौधरी राजेश्वर ठाकुर शशी रंजन दुबे शिवलाल सिंह शिवनारायण चंद्रा मनोज जायसवाल बिरेन्द्रनाथ दुबे उमाशंकर यादव मथुरा पासवान सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल भाजयुमो महामंत्री विकास तिवारी मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय गिरवर यादव भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी ओमप्रकाश पासवान संजय तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पंसस की बैठक में प्रमुख व बीडीओ के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर हुई बहस

**प्रमुख ने सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं देने तथा ब्लॉक का अध्यक्ष नहीं मानने का बीडीओ पर लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की आयोजित बैठक, प्रमुख और बीडीओ में अपने-अपने अधिकार क्षेत्र को लेकर गरमा-गरम बहस के बीच संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पीएचडी, अंचल तथा पशुपालन विभाग के प्रतिनिधियों के उपस्थित नहीं होने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण की मांग की गई। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना, वन विभाग के प्रतिनिधियों ने अपने यहां संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति को प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित उप प्रमुख द्वारा प्रखंड में राशन वितरण का मामला को उठाते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग से अगस्त तथा सितंबर माह का राशन वितरण को लेकर जानकारी मांगी गई, तथा लाभुकों को तुरंत राशन उपलब्ध कराने को कहा। दुलदुलवा पंचायत के मुखिया राम प्रताप साह द्वारा पेशका बाजार में अतिक्रमण का मामला उठाया गया। उन्होंने कहा कि 16 अगस्त को ही अतिक्रमण हटाने का निर्देश अंचल से निर्गत हुआ था लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। बैठक में डीआरडीए के निदेशक सुनील कुमार सुरीन, डीपी एम शाहनवाज हुसैन, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, उप प्रमुख निजामुद्दीन खां, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, विधायक प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह, बीपीओ फिरोज अंसारी, अभियंता देवनाथ गौतम, नजीर सुनील कुमार, सहायक रिजवान अख्तर, बीपीआरओ वसंत पांडे, अभिषेक कुमार, नंदू चौधरी सहित सभी पंचायत समिति सदस्य शामिल थे।

## प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोज जायसवाल (भाप्रसे), प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, रांची आज मंगलवार को लोहरदगा जिला पहुंचे। इस मौके पर परिसदन, लोहरदगा में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जिला समन्वय समिति की बैठक हुई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जिला समन्वय समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में 20 सितंबर 2023 को होनेवाले राष्ट्रीय कृमि दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा हुई और इसके बारे विस्तार से बताया गया। इसमें 1 वर्ष के शिशु से लेकर 19 वर्ष के युवाओं को अल्बेंडाजॉल की गोली खिलाने से संबंधित विस्तृत जानकारी स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी गयी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एल्बेंडाजोल गोली की मात्रा के बारे में जानकारी दी गयी कि 1-2 वर्ष के बच्चों को आधी एल्बेंडाजोल की गोली चूर कर पानी के साथ देना है। 2 से 3 वर्ष के बच्चों को 1 एल्बेंडाजोल की गोली चूर कर पानी के साथ देना है। 3 वर्ष या इससे अधिक उम्र के बच्चों को यह गोली चबा कर खाना है। किसी प्रकार की परेशानी होने पर अपने मेडिकल टीम का परामर्श लेना है। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी सिविल सर्जन, सभी एमओआईसी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कुडू में शिक्षक दिवस पर सी 3 के तहत विद्यालय स्वास्थ्य अभियान की शुरूआत



कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू में शिक्षक दिवस पर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान और सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज सी 3 के सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य अभियान की शुरूआत किया गया। भारत रत्न से अलंकृत सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुलेमानी होरो ने विद्यालय स्वास्थ्य अभियान के बारे में चर्चा की। उन्होने बताया कि विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं बाल्यकाल और किशोरवस्था से ही कान, मुख, आंख, त्वचा, एनेमिया, घेघा, यक्ष्मा, फ्लोरोसिस, तंबाकू सेवन आदि से जनित बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। आज छात्र-छात्राओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य संबंधी भी कई समस्याएं सुनने को मिलती हैं।

## समिति ने दो यूनिट रक्तदान किया



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जय श्रीराम समिति ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए दो यूनिट रक्तदान कर मरीज के इलाज में मदद की। जानकारी के अनुसार हटिया मोहल्ला निवासी संजय कसेरा की पत्नी गुंजा देवी एवं सरना टोली निवासी बिंदु देवी दोनों सदर अस्पताल में इलाजरत थे। डॉक्टर ने अविलंब खून की व्यवस्था करने की बात कही। परिवार के लोग तीन दिनों से परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किए। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य शुभम कुमार और शंभू गुप्ता ने एक - एक यूनिट ब्लड देकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से की। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, वार्ड अध्यक्ष सुशील पटनायक, नगर कोषाध्यक्ष निखिल कास्यकार, संजय कसेरा आदि लोग मौजूद थे।

## भाजपा का मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी का मेरा माटी मेरा देश अभियान हरमू पंचायत के रघु टोली ग्राम में शुरूआत की गयी। रघु टोली गांव के पांच आदिवासी परिवार की महिलाओं द्वारा अपने-अपने घरों के आंगन की मिट्टी लेकर एक कलश में डालकर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को दिया गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोहरदगा जिला ही नहीं झारखंड के प्रत्येक जिला के प्रत्येक गांव की मिट्टी को अमृत कलश में डालकर कर्तव्य पथ में शहीदों के स्मरण में बनने वाली अमृत वाटिका में समर्पित करना है। मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में 75 पौधे भी लगाना है जिसे अमृत वाटिका कहा जायेगा। गांव के विद्यालय में शीला फलक लगवाना है गांव के पंच प्रण प्रतिमा का सामूहिक कार्यक्रम भी करना है। कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत, मनीर उरांव, राज किशोर महतो, बिंदेश्वर उरांव, राजकुमार वर्मा, अजातशत्रु, नंदो उरांव, निनीया उरांव, भादो उरांव और पति उरांव शामिल थी।

## सेन्हा प्रखंड निवासी सैफ अली बने लोहरदगा युवा कांग्रेस के जिला सचिव



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड ग्राम निवासी मंसूर अली के पुत्र सैफ अली को यूथ कांग्रस जिलाध्यक्ष लोहरदगा के पद पर नियुक्त करते हुए पत्र जारी कर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने बताया कि सैफ अली जे निष्ठा और संगठन के प्रति रूचि और इमानदारी को देखकर लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस का जिला सचिव मनोनीत किया गया है। बधाई देने वालो में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद आदि शामिल हैं।

## जंगली हाथी ने फसल को किया बर्बाद



बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत रेंची ग्राम में बीती रात्री जंगली हाथीयों ने किसान के एक एकड़ खेत में लगे धान, अरहर व मक्का के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। जानकारी देते हुए किसान सकेंदर उरांव पिता मंगु उरांव ने बताया की सोमवार की रात्रि जंगली हाथी का झुंड मेरे खेत पर पहुंच कर खेत में लगे धान समेत मक्का, अरहर के फसल को रौंद कर व खाकर नष्ट कर दिया। जिससे मेरा पच्चास हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने संबंधित विभाग से फसल का आंकलन कर मुआवजा की मांग किया है। इधर हाथी के आगमन से पुरे क्षेत्र के किसानों में दहशत का माहौल है।

# कर्मी व जनप्रतिनिधि विकास योजनाओं को दें गति: अरुण

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड चयन किया गया है। इसके तहत प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आकांक्षी प्रखण्ड किस्को चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य रूप से उपस्थित जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार, प्रमुख सुचित्रा भगत, बीस सूत्री अध्यक्ष सामूल अंसारी, सीओ सह बीडीओ बुड़ाय सारू उप प्रमुख गीता देवी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष पुनिता उरांव और अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व प्रखंड प्रशासन की ओर से चिंतन शिविर में मौजूद रहे अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर चिंतन शिविर में प्रखंड में सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि और संबंद्ध योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य, पोषण और विभिन्न विभागों के विकास को लेकर चिंतन की गयी। साथ ही 12 विभागों का 240 कमियों को चिन्हित कर उसपर कार्य करते हुए विभाग के कार्यो को बेहतर करने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही सभी विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से मिलकर कार्य करते हुए कमियों को 2 वर्ष के कार्यकाल में पूरा करने की बात कही गयी। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जिस उम्मीद और भरोसा के साथ किस्को प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड चयन किया गया है उसपर हम सभी को खरा उतरते हुए विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन हेतु समन्वय स्थापित कर कार्य करना है ताकि प्रखंड क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। उन्होंने इसे लेकर सभी कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागीय कर्मी अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे, लापरवाही बरतने वाले कर्मी नपे जायेंगे। इधर चिंतन शिविर में सभी पंचायत के मुखिया पंचायत समिति सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# 18 को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बरवाडीह में, तैयारी जोरों पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद पूरे राज्य भर के विधानसभा स्तर पर चलाए जा रहे हैं संकल्प यात्रा का कारवां आगामी 18 सितंबर को मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह रेलवे क्लब में होने जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में पार्टी के मंडल कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने शिरकत की। बैठक के शुरूआत के पूर्व जहां पार्टी के संस्थापक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर जिला अध्यक्ष के साथ-साथ जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी जिला महामंत्री मनोज प्रसाद समेत अन्य लोगों के द्वारा माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष हरि कृष्ण सिंह ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी का मनिका विधानसभा में पहला प्रवास संकल्प यात्रा के रूप में है जिसके जरिये राज्य की पूरे विधानसभा के साथ-साथ झारखंड राज्य में पार्टी को और मजबूत बनाने और आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र के साथ-साथ राज्य में पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया जायेगा। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष के द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शहीदों के सम्मान में चलाये जा रहे हैं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर भी दिशा निर्देश देने का काम किया गया। मौके पर बाबूलाल मरांडी के करीबी और भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहिबुदिन अंसारी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, मुखिया कालो देवी, प्रखंड महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि कनहाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा नेता कार्यकता मौजूद थे।

## नेतरहाट में 20 दिनों से पानी सप्लाई बंद, भारी किल्लत

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट स्थित पीएचडी विभाग में कार्यरत कर्मीयों की लापरवाही के कारण विगत 20 दिनों से पर्यटक स्थल नेतरहाट में पानी सप्लाई पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। पानी सप्लाई बंद हो जाने से आवासीय विद्यालय नेतरहाट, जंगलवार फेयर स्कूल, बाजारटॉड़ सहित पठार क्षेत्र के आसपास के इलाके व अन्य स्थानो में पानी की जर्बदस्त किल्लत हो गयी है। नेतरहाट विद्यालय के छात्र और शिक्षक, थाना के अधिकारियों सहित पुलिस के जवानों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की आपूर्ति बंद होने की कारण विद्यालय और थाना में भाड़े के पानी टंकी से पानी मंगाकर खाना बनाने और पीने का काम किया जा रहा है। इस संबंध में नेतरहाट विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि सैल हाउस स्थित पीएचडी विभाग द्वारा लगाया गया जलमीनार का मशीन खराब पड़ा हुआ है। बार बार जल सहिया को बनाने बोलने पर फंड नही है कहा जाता है।

## कुएं में डूबने से अधेड़ की मौत

भंडरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मसमानो पंचायत के टोटो छापर टोली के राजमोहन उरांव के खेत में बने कुएं के अंदर से एक दिन पूर्व गिरे 50 वर्षीय अधेड का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान गांव के सुखदेव उरांव के रूप हुई। जिसके बाद डॉक्टर ने शव का पोस्टमाटम कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को शव सौंप दिया।

# चंदवा में आइटीआइ केंद्र में पानी पीने की व्यवस्था नहीं, बच्चे बाहर जाते हैं पानी पीने

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** चंदवा प्रखंड में एनटीपीसी अपने कार्य क्षेत्र बनहर्दी कोल ब्लॉक से जुड़े और प्रभावित परिवार के युवाओं के लिए आईटीआई से प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने की पहल की है। पतरातु एनटीपीसी के जनरल मैनेजर ने चंदवा स्थित आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र का दौरा कर कहा कि हम बन्हर्दी कोल प्रोजेक्ट से प्रभावित युवाओं को कौशल विकास से प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार मुहैया करायेंगे। इस कैंपस में बच्चों को पानी पीने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों को पानी पीने हेतु बेहतर जल की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकार पानी की व्यवस्था क्यों नहीं कर पायी है, यह समझ से परे लगता है।

इस कौशल विकास केंद्र में रखरखाव का काफी अभाव देखा गया। पूरे केंद्र में जहां-तहां झाड़ियां गंदगी वह कई महीनो से ताले नहीं खुले हैं, जिसके कारण ताला में जंग लग गया है। कई महीनो से झाड़ू नहीं हुआ, यानी सफाई का कार्य नहीं हुआ है जिसके कारण जंगल सा दिखता है। लगता है कई महीनो से साफ सफाई नहीं की गयी है। इस शिक्षण संस्था में 168 छात्रों को पढ़ने के लिए नामांकन किया जाता है, लेकिन अभावग्रस्त संस्था होने के कारण यहां बच्चे नामांकन लेने में रुचि नहीं रखते हैं। इस संस्था के प्रभारी मनोज कुमार से एनटीपीसी के अधिकारी बनेश कुमार की सार्थक माहौल में बातचीत हुई है। एनटीपीसी संस्था को बेहतर बनाने के लिए पहल की है, जो की अच्छी बात है। इधर आईटीआई कैंपस में बच्चों के पानी पीने की सुविधा को लेकर चंदवा के प्रखंड विकास विभाग पदाधिकारी विजय कुमार को जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि आईटीआई के लोग अपने विभाग में आवेदन लिखे हैं कि नहीं अगर लिखे हैं तो जल्द ही प्रयास कर पानी पीने की व्यवस्था कर दी जायेगी।

# बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहभागी बनें: नीरज

**बगडू खनन क्षेत्र में हिंडालको सीएसआर द्वारा छात्रवृति का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा संचालित बगडू खनन क्षेत्र अंतर्गत सीएसआर मद से आज 5 सितंबर 2023 को 25 मेधावी बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री क्रय हेतु छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। ग्राम गंगुपारा स्थित आरडीसाहू स्कूल के विद्यार्थियों के बीच हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार और खान प्रबंधक राज सिन्हा द्वारा सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी गयी। मेधावी बच्चों को मार्गदर्शन करते हुए हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने कहा कि बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने में सहभागी बनें। बगडू खान प्रबंधक राजकुमार सिन्हा ने बच्चों को सतत विकास में छात्रवृत्ति को सहायक बताया।

कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा ने की। मौके पर हिंडालको बगडू के मानव संसाधन विकास विभाग के अधिकारी अभिनव ठाकुर, स्टोर और अकाउंट के अधिकारी गिरिराज चित्तौड़ा, सीएसआर विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा, ग्रामीण विकास विभाग के भास्कर दास गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन की ओर से सुबोध साहू, प्राचार्या का वीणा साहू, सविता दास, ममता कुमारी, संगीता देवी नीतू कुमारी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रेलवे सुरक्षा बल टोरी ने अचेत व्यक्ति को इलाज में सहयोग किया



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा रेसुब पोस्ट टोरी के अधिकारी रोहित प्रताप सिंह साथ प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात आरक्षी विमल कुमार गुप्ता के साथ स्टेशन गस्त के क्रम में समय लगभग 20/30 बजे प्लेटफार्म संख्या 05 के शेड के निचे एक वृद्ध आदमी को बेहोशी कि हालत में पाया फौरन पुछताछ करने पर कुछ समय में पीड़ित व्यक्ति के पुत्र बिरजू राम, पिता-श्याम लाल बैठा, वर्तमान कार्यरत - पॉइंट्समेंन, मुख्यालय-बरवाडीह, मौके पर पहुंचे और बताया कि बेहोश आदमी उनके पिता है श्याम लाल, उम्र करीब 68 वर्ष ग्राम खाबथाना-जपला, जिला-गढ़वा को उनके द्वारा इलाज हेतु राँची रिम्स हॉस्पिटल में ले जाया गया था तथा वापस सासाराम इंटरसिटी गाडी संख्या 18635 से बरवाडीह जा रहा था। परंतु जैसे ही गाड़ी टोरी स्टेशन पहुंची उनके पिता कि हालत बिलकुल खराब हो गयी और बेहोस हो गये। हेल्प के लिए इधर उधर भाग रहा था। मौके पर उपस्थित रेसुब/पोस्ट/टोरी के अधिकारी व स्टाफ व स्टेशन मास्टर रंजित कुमार के सहयोग से पीड़ित को निरीक्षक प्रभारी टोरी के द्वारा फौरन ईलाज हेतु रेसुब पोस्ट टोरी के चारपहिया वाहन से साईं नर्सिंग होम में उन्हे भेजा गया।

## रोजगार सेवक ने एक ही योजना की दस बार जियो टैग करके पैसा निकासी करवायी



मुरपा (आजाद सिपाही)। प्रस्तावित प्रखंड मुरपा के पंचायत मुरपा के रोजगार सेवक रेखा देवी पर एक हीं योजना को दस बार जियो टैग करके योजना को पूर्ण करने का आरोप रितेश यादव पिता प्रदीप यादव ने लगाया है। रितेश ने लिखित शिकायत लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन को दी है। आवेदन मे कहा गया है कि रोजगार सेवक के द्वारा मुरपा मे टीसीबी योजना का कार्य मनरेगा के द्वारा चल रहा है जिसमे एक हीं योजना मे दस नया योजना जियो टैग करके पूर्ण किया जाता है। और एक योजना मे 25% अवैध तरीके से वसुली एवं फर्जी जियो टैग करने के लिए एक लाभुक से एक योजना मे तीन हजार रुपए लिया जाता है और जब कोई कुछ बोलता है तो रोजगार सेवक बोलती है कि मै महिला हू तुम्हे फसां दुगीं। इस बार बालूमाथ प्रखंड फिर से नरेगा मे धांधली उजागर होते दिख रही है। अब लोगो को उपायुक्त पर भरोसे का उम्मीद जगी है।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने किया अनुमंडल कार्यालय का निरीक्षण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल द्वारा मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय, लोहरदगा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा सप्ताह में किये जानेवाले एसडीओ कोर्ट, विभिन्न धाराओं में लंबित मामले, निष्पादित मामलों व निष्पादन के तरीकों की समीक्षा की गई। साथ ही, लगान निर्धारण के मामले, नीलाम-पत्र वाद के मामले व निष्पादित मामलों की संख्या, एसडीओ के ई-कोर्ट, भूमि वापसी वाद में लंबित व नये मामले, दाखिल खारिज, सीएनटी एक्ट अंतर्गत भूमि बिक्री वाद के मामले व लंबित मामले, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र के निर्गत की स्थिति, लंबित प्रमाण-पत्रों की स्थिति, भूमि हस्तांतरण के मामले, भूमि बंदोबस्ती के मामले, निर्वाचन अंतर्गत मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा प्रमण्डलीय आयुक्त द्वारा की गयी। प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा सीएनटी एक्ट अंतर्गत भूमि बिक्री अनुमति वाद के मामले में निदेश दिया गया कि अनुमति वाद में नामांतरण की प्रक्रिया अपनाते हुए जो मामले सही हैं, उन्हें 30 दिनों के अंदर निष्पादित करें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी, पवन कुमार, सन्नी कुमार दास, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार और अनुमंडल कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

## जाला में सरना क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेगाड़ा पंचायत के जाला ग्राम में सरना क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का शुभारंभ बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी सेरगड़ा मुखिया नीलिमा तिर्की बालूमाथ प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा व एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा विधिवत फीता काट और फुटबॉल को किक मार के किया गया। सर्व प्रथम मैदान में उपस्थिति ओपनिंग मैच के खिलाडियो से हाथ मिलाकर परिचय लेते हुए सभी को अच्छे से खेलने की बात कही। जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी ने कहा की खेल खेलने से शारीरिक एवम मानसिक विकास दोनो होता है इसलिए सभी को अपने जीवन काल में हामेश कोई ना कोई खेल से जुड़े रहना चाहिए। प्रथम उद्घाटन मैच गुमला टीम vs लातेहार लड़कियों का मैच हुआ। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय ओरांव, विजेंद्र, उमेश, बीरेंद्र यादव, हरिहर, पूर्व मुखिया सुरेंद्र ओरांव समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव



हेरहंज-(लातेहार)। थाना क्षेत्र के मेराल गांव स्थित मेराल मध्य विद्यालय के समीप रामबिलास गंझू के घर से एक अज्ञात युवक का शव बेल्ट के सहारे फांसी से लटका हुआ थाना पुलिस ने बरामद किया है। मृतक युवक के जेब से दो आधार कार्ड भी बरामद की है। आधार कार्ड के मुताबिक बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरगांव के गूँजर गंझू (30) पिता सुधू गंझू अंकित है। थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आधार कार्ड के मुताबिक परिजनों को सूचना दी। वहीं सबइंस्पेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मामला हत्या का आत्महत्या। मृतक के शरीर से दुर्गंध देने लगा था।

## संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

हेरहंज-(लातेहार) (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी के आगमन 18 सितंबर लातेहार खेल मैदान में होने वाला है जिसे लेकर मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक की गयी। इस बैठक में सर्वप्रथम महापुरुष के चित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी। संकल्प यात्रा जनसभा में शामिल होने के लिए रूप रेखा बनायी गयी। सभी पंचायत के संयोजक और बूथ अध्यक्ष को अधिक से अधिक कार्यकर्ता को लेकर जाने की जिम्मेवारी दी गयी। इस बैठक में मुख रूप से हेरहंज मंडल प्रभारी बृजमोहन राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, कन्हाई साहू, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, जिला महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य जसमतिया कुंवर, महिला मोर्चा अध्यक्ष चिंतामणि देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

## नेशनल ओपन ताइक्वांडो के खिलाड़ियों का लायंस क्लब ने किया स्वागत




**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब गुमला ने अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया के नेतृत्व में 14 वें नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 ,दूसरा बिरसा मुंडा प्रतियोगिता में सफल विजेताओं को स्थानीय टावर चौक गुमला में स्वागत किया। अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा इन खिलाडियों ने गुमला जिला का नाम रोशन किया है। सभी खिलाड़ी ने जिस प्रकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह तारीफ के काबिल है। आज ताइक्वांडो में सभी विजेताओं को फूल माला पहनकर सम्मानित किया गया। मौके पर क्लब के सचिव अशोक जायसवाल, अम्बिका प्रसाद, मनोरमा देवी, दामोदर कसेरा, सत्येंद्र प्रसाद, हेमंत कुमार, संजीव उर्वशी, श्वेता गुप्ता, रूपा गुप्ता, जय गुप्ता, खुशबू गुप्ता, बनवारी लाल अग्रवाल, विशाल कुमार आदि लोग शामिल थे, विदित हो की सभी विजेताओं को झारखंड सरकार के खेल निर्देशक सह गुमला के पूर्व डीसी सुशांत गौरव द्वारा भी सम्मानित किया गया है।

## सिमडेगा में वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहे तीन नकली आरटीओ अधिकारी पुलिस के हत्थे चढ़े

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा में नकली आरटीओ अधिकारी बनकर वाहन चालकों से अवैध रूप से वसूली कर रहे तीन लोग ठेठईटांगर पुलिस के हत्थे चढ़े। जानकारी के अनुसार सिमडेगा कुत्रा रोड पर इनोभा वाहन सवार तीन लोग आरटीओ अधिकारी और सुंदरगढ़ डीसी का आदमी बनकर वाहन चालकों को रोकते हुए सबकी कागजात जांच कर रहे थे और उनसे अवैध रूप से वसूली कर रहे थे। इसकी सूचना ठेठईटांगर थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश को मिली। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर नकली आरटीओ अधिकारी बने तीनों को उनके वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। जिसमें जय प्रकाश गुप्ता सुंदरगढ़, टूटू देहरी और प्रवीण प्रधान अंगुल ओडिसा के रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## मरीज से दुष्कर्म के आरोपी झोलाछाप डॉक्टर को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** करंज थाना क्षेत्र के तेतरबीरा गांव निवासी मरीज से दुष्कर्म के आरोपी झोलाछाप डॉ जगरनाथ भगत (35) को सिसई पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जगरनाथ भगत के विरुद्ध थाना क्षेत्र की एक महिला ने इलाज के क्रम में जबरदस्ती दुष्कर्म करने और किसी को बताने पर जहर मिला स्लाइन चढ़ाकर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। दर्ज केस के अनुसार मलेरिया टाईफाइड का इलाज करने जगरनाथ महिला का घर आया करता था। बीते 26 अगस्त को जगरनाथ भगत महिला को पानी चढ़ाने आया था, महिला की बच्ची के रोने पर उसका पति बच्ची को लेकर बाहर चला गया। इसी दौरान झोलाछाप डॉक्टर जगरनाथ भगत ने महिला को अकेले पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जहर मिला स्लाइन चढ़ाकर जान से मार देने और बीमारी से मरने की खबर फैला देने की धमकी देकर चला गया। दुष्कर्म के बाद महिला की तबियत अधिक खराब होने पर उसका पति उसे इलाज के लिए रांची ले गया। तबियत ठीक होकर घर आने के बाद महिला ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। जिसके बाद महिला ने अपने पति के साथ थाना आकर केस दर्ज कराया है।

## गुमला पॉलिटेक्निक में शिक्षक दिवस मनाया गया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्थानीय गुमला पॉलिटेक्निक में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर भारत के उत्कृष्ट शिक्षक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को शिक्षक दिवस के मौके पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पण कर याद किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी सत्र के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान के निदेशक, अभिजीत कुमार ने कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़ते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक महान भारतीय दार्शनिक, शिक्षाविद और स्टेट्समैन का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भारत के पहले उपराष्ट्रपति और फिर भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के रूप में सेवा की। अभिजित कुमार ने राष्ट्रनिर्माण में शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डाला तथा महान दार्शनिक, शिक्षक, उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विभिन्न स्वरूपों को याद कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. शीबा नारायण साहू, प्रशासनिक पदाधिकारी, अजीत कुमार शुक्ल एवं सभी शिक्षकगणों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शिक्षकों की महत्ता को एक उच्च आयाम प्रदान करने हेतु उन्हें धन्यवाद दिया तथा सदियों से इस देश की गुरु-शिष्य परंपरा पर संतोष जताया।

**कार्यक्रम : विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात, मिला आश्वासन**

# समन्वय स्थापित कर किया जायेगा विद्युत समस्याओं का समाधान

**चेंबर अध्यक्ष ने 11 सदस्यीय समिति बनाकर बिजली विभाग के संपर्क में रहने और समस्याओं से अवगत कराने की बात कही**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में गुमला विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। उनसे बिजली संबंधी कई बिदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव बबलू वर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया। अध्यक्ष श्री कसेरा ने चेंबर की नई टीम के पदाधिकारियों की सूची संपर्क नंबर के साथ मुख्य अभियंता को सौंपा और गुमला नगर में विद्युत से संबंधित अनेक प्रकार की जानकारी ली और बताया कि चेंबर ऑफ कॉमर्स कैसे विद्युत विभाग से समन्वय बनाकर आम जन के हित में काम करता है। कार्यपालक अभियंता ने चेंबर को आश्वस्त किया के विभाग की तरफ से हरसंभव सहयोग किया जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं का निदान अवश्य किया जाएगा। किसी तरह की समस्या पर चेंबर के लोग हमसे सीधा संपर्क करें। चेम्बर अध्यक्ष श्री कसेरा ने कई बिंदुओं पर मांग रखते हुए एक सूची तैयार करवाई और इस पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की, जिसमें मुख्य रूप से गुमला की लचर विद्युत व्यवस्था को शीघ्र सुचारू रूप से दुरुस्त किया जाए, गुमला में 50 केवी का जो ट्रॉली ट्रांसफार्मर आया है इसकी संख्या बढ़ाई जाए, नगर में जितने भी जर्जर तार हैं उसे बदलवा दिया जाए, कई जगह पर बिजली के खंबे जो अब बेकार पड़े हैं उसे हटा लिया जाए, और जहां पर नया पॉल लगाने की आवश्यकता है उसे चिन्हित कर वहां लगाया जाए, पालकोट रोड ग्रीड में जो 20-20 केवी का ट्रांसफार्मर है उसे हटाकर 50 केवी का ट्रांसफार्मर लगवा दिया जाए, एसएस हाई स्कूल रोड के देवी मंदिर पास के ट्रांसफर में हमेशा गड़बड़ी होती रहती है, कभी भी दुर्घटना हो सकती है इसलिए उसे बदलवा दिया जाए, बिजली बिल मिलने में कभी-कभी काफी विलंब होता है इसे नियमित कराया जाए, गोपाल मंदिर के पास ट्रांसफॉर्मर का पैनल को मरम्मत करा दिया जाए, नगर के अंदर एक शिकायत कार्यालय होनी चाहिए जहां पर रात दस बजे तक दो-तीन मिस्त्री होने चाहिए कोई भी शिकायत मिलने पर तुरंत उस पर कार्यवाही होनी चाहिए। मुख्य अभियंता ने इसमें सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि अगले शनिवार तक जयपुर रोड स्थित बिजली कार्यालय में ही शिकायत कार्यालय आरंभ कर दिया जाएगा। इसके बाद अध्यक्ष ने कहा के नगर में 11 सदस्यीय समिति बनाई जाएगी जो बिजली विभाग के संपर्क में हमेशा रहेगी और विभाग को समस्याओं से अवगत कराती रहेगी। जिससे विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल रहे। पूर्व अध्यक्ष अमित पोद्दार ने कहा के विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल करने में जिस तरह से आप प्रयासरत रहेंगे चेंबर की तरफ से भी आपको हर तरह का सहयोग मिलता रहेगा।

प्रतिनिधिमंडल में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के साथ पूर्व अध्यक्ष अमित पोद्दार, सचिन बबलू वर्मा, पीआरओ प्रणय साहू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज कार्यकारिणी के प्रतीक अग्रवाल आदि शामिल थे।

# 14वें नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लहराया गुमला का परचम

**गुमला के खिलाड़ियों ने आठ गोल्ड सहित कुल 42 मेडल जीते**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** रांची के खेलगांव में 2 से 4 सितंबर तक आयोजित 14वा नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गुमला के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। 8 गोल्ड मेडल सहित कुल 42 मेडल खिलाड़ियों में अपने नाम किया। मंगलवार की दोपहर गुमला पहुंचने पर टावर चौक में खिलाड़ियों का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एसडीपीओ गुमला मनीषचंद्र लाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। ढोल ताशा की धुन पर थिरकते हुए टावर चौक से पटेल चौक पर विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस जशपुर रोड से होते हुए माहेश्वरी टावर स्थित एकेडमी पहुंची। जहां प्रबुद्धजनों के द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया। बच्चों के साथ कोच बालमुनी कुमारी, अर्पिता अधिकारी, सुरेंद्र कुमार शामिल थे। वहीं, मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष अखिल कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**जगह-जगह पर खिलाड़ियों का विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत :** विजय जुलूस के दौरान शहर के टावर चौक से पटेल चौक तक जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों के द्वारा खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। मारवाड़ी महिला शाखा, युवा मंच, इनरव्हील रोटरी क्लब, लायंस क्लब गुमला सहित अन्य संगठन के लोगों ने बुके, चॉकलेट, डायरी, पेन देकर खिलाड़ियों का स्वागत किया। वहीं विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों ने भी मौके पर पहुंचकर खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में मटकी फोड़ एवं शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**छात्र बने शिक्षक और शिक्षकों ने पढ़ा पाठ**

**राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने सबका मन मोहा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा के देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एके-डमी स्कूल में जन्माष्टमी के पूर्व दिवस पर मटकी फोड़ और शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्लास प्री नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे राधा कृष्ण, ग्वाल बाल, मैया यशोदा सहित विभिन्न स्वरूप में आकर्षक रूप से सजकर विद्यालय पहुंचे थे। जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

शिक्षक दिवस पर छात्रों ने शिक्षक की भूमिका निभायी और शिक्षकों को पाठ पढ़ाया। कोमल कुमारी, अंतर मिंज, पुष्पा कुमारी, संज्ञा गुप्ता, सुहानी उरांव, आभा तिर्की, उर्वशी सिंह, रितिका सिंह, हर्षिका कुमारी, वंशिका गुप्ता, सावन भगत, तरुण कुमारी, अभिषेक कुमार, अनन्या कुमारी, कौस्तुभ भास्कर आदि ने शिक्षकों की बखूबी भूमिका निभाई। वहीं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चों की तरह प्रार्थना आदि करवाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने शिवम मिश्र, सिद्धार्थ दीक्षित, रुचिका कुमारी, निशा कुमारी, रीता देवी, नेहा साहू, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या कच्छप, प्रियंका कुमारी, सुभद्रा देवी, फुलेश्वरी सिंह, सपना कुमारी, आशा टोप्पो और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**कार्यक्रम : जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीएफओ से की मुलाकात, कहा**

# हाथियों के हमले में फसल, घर, जान-माल की क्षति का विभाग जल्द दे मुआवजा

**डीएफओ ने कहा- अंचल कार्यालय से आवेदन सत्यापित कर मेरे पास पहुंचने के बाद मुआवजा की राशि देने में विलंब नहीं किया जाएगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरांव, जिला कमिटी के सदस्यों के साथ गुमला जिला के जारी, चैनपुर, डुमरी, रायडीह, घाघरा, भरनो प्रखंडों में हाथियों के द्वारा खेतों में लगी फसल की क्षति, घरों की क्षति एवं कई लोगों की जानें भी गई हैं। सभी क्षति संबंधित मुआवजा को लेकर डीएफओ गुमला को अवगत कराया। चैतु उरांव ने कहा कि जारी प्रखंड में श्रीनगर, हारा टोली, सीसी करम टोली एवं अन्य गांवों पर लागातार गजराज का ठहराव सा हो गया है, जिससे ग्रामीण जनता परेशान है। ग्रामीण रात-रात भर जागकर सुरक्षा में लगे रहने को मजबूर हैं। फसल एवं घरों को काफी छति पहुंचायी गयी है। कई लोगों को जान भी गंवानी पड़ी है। सरकार के द्वारा जो मुआवजा दिया जाता है जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाये, जिससे कि ग्रामीणों के नुकसान की भरपाई में सहयोग मिल सके। साथ ही गजराज प्रभावित इलाकों में टॉर्च, पटाखा एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाये, जिससे कि ग्रामीणों को सुरक्षा मिल सके।

डीएफओ गुमला ने सभी समस्याओं से अवगत होते हुए कहा कि जल्द ही टॉर्च, पटाखा एवं लाईट की व्यवस्था विभाग के द्वारा सभी हाथी प्रभावित क्षेत्रों में की जाएगी। जिनका भी नुकसान हुआ है उसे सहयोग के रूप में सरकार के द्वारा जो मुआवजा दिया जाता है उसे भी दिया जाएगा। डीएफओ ने कहा कि अंचल कार्यालय से आवेदन सत्यापित कर मेरे पास पहुंचने के बाद मुआवजा की राशि देने में विलंब नहीं किया जाएगा। अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि मैं सभी गजराज प्रभावित प्रखंडों के अंचल अधिकारी से बात कर गजराजों के द्वारा ग्रामीणों की छति पूर्ति आवेदन पर जांच कर जल्द से जल्द निष्पादन कराने की कोशिश करूंगा, जिससे सभी गजराज प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा सही समय में दिया जा सके। मौके पर जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद, फिरोज आलम, सचिव तरूण गोप, प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो, प्रखंड महिला अध्यक्ष पुष्पा टोप्पो आदि लोग मौजूद थे।

## चहल्लुम के जुलूस का आकर्षण केंद्र होगा गोल्डेन क्लब का अखाड़ा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में चेहल्लुम को लेकर काफी जोरदार तैयारी की जा रही है। गुमला में मोहर्रम से अधिक लोग चेहल्लुम के जूस में जोश खरोश के साथ जुलूस निकालते हैं। गोल्डन क्लब हमेशा हटकर कुछ ना कुछ प्रदर्शित जरूर करता है। जिसके कारण गोल्डन क्लब चहल्लुम के जूलूस में हमेशा आकर्षण का केंद्र बना रहा है। इस वर्ष ताजिया को आकर्षक बनाने में डाल्टनगंज के कई कारीगर दिन रात मेहनत कर रहे हैं। गोल्डन क्लब के सदर साजिद रब्बानी, नायब सदर यासीन अंसारी, सचिव शाहजहां अंसारी, खजांची मो. कौसर, साजिद असदकी, अफरोज आलम, मुमताज शेख, शादाब अंसारी साहित गोल्डन क्लब के सभी सदस्य जी तोड़ मेहनत में लगे हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## कृषि विज्ञान केंद्र गुमला ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का किया आयोजन




**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संजय कुमार ने की। डॉ संजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के द्वारा ग्रामीण लोगों को पोषक तत्व के प्रति जागरूक करते हुए उनके स्वास्थ्य हेतु जानकारी देना है। बताया कि भारत सरकार ने 1982 में पोषण सप्ताह मनाने का निर्णय लिया। जिससे कुपोषण के द्वारा होने वाली बीमारियों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। बताया कि कृषि विज्ञान के किसानों के बीच मोटे अनाज के महत्व एवं उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों की जानकारी किसानों को दी गई। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में डॉ निशा तिवारी ने मोटे अनाज के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं उसके महत्व के बारे में बताया कि आने वाले दिनों में मोटे अनाज के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाया जाए क्योंकि मोटे अनाज में विभिन्न प्रकार के पोषक तत्व पाए जाते हैं जो की काफी लाभकारी हैं जो की अन्य अनाजों की अपेक्षा अलग महत्व रखते हैं। कार्यक्रम में सुनील कुमार, अटल बिहारी तिवारी, नीरज कुमार, शुभम कुमार, योगेश कुमार सहित 60 महिलाओं ने भाग लिया।

## सामाजिक क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए जिप सदस्य दिलीप बड़ाइक को भाजपाइयों ने किया सम्मानित



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक को सोमवार को लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत के नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, पूर्व विद्यायक कमलेश उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, मिसिर कुजूर, भुपन साहू, सत्यनारायण पटेल, डुमरी प्रखंड अध्यक्ष बिजय केशरी, मनोहर बड़ाईक, अवधेश प्रताप शाहदेव, अमित पाण्डेय सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जिला परिषद दिलीप बड़ाईक को समाजिक क्षेत्र में अच्छा कार्य करने को लेकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक के द्वारा समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन तथा गुमला के पूर्व डीसी सुशांत गौरव के हाथों पूर्व में भी सम्मानित किया गया है।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय स्वास्थ्य अभियान की शुरुआत



**बसिया (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बानागुटु, बसिया में शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के द्वारा सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज सी3 के सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य अभियान की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार कंसारी ने विद्यालय स्वास्थ्य अभियान के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि झारखंड विद्यालय स्वास्थ्य अभियान का उद्देश्य है कि स्कूली छात्र-छात्राएं शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। इसलिए सरकार ने इस अभियान के तहत विद्यालय के स्तर पर छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य जांच हेतु आरोग्य दूतों/शिक्षकों को बीमारियों की प्रारंभिक जांच का दायित्व सौंपा है। कार्यक्रम में सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज सी3 के प्रकाश सारंगी ने कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य अभियान राज्य सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम में लगभग 160 छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## केओ कालेज में इंटर की पढ़ाई बंद होने की समस्या को लेकर डीसी से मिला जिला छात्र संघर्ष मोर्चा




**गुमला (आजाद सिपाही)।** केओ कालेज में इंटर की पढ़ाई बंद कर देने की समस्या को लेकर जिला छात्र संघर्ष मोर्चा के मंच तले विभिन्न छात्र संगठनों के छात्र नेताओं ने उपायुक्त गुमला कर्ण स्त्यार्थी से मुलाकात की। कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटर की पढ़ाई को कॉलेज प्रशासन के द्वारा बंद किए जाने के निर्णय के खिलाफ शिकायत और इंटर की पढाई को जारी रखने की मांग की छात्र नेताओं ने कॉलेज में हो रही धांधली से भी अवगत कराया। छात्र नेताओं ने बताया कि कार्तिक उरांव महविद्यालय गुमला के बर्सर के द्वारा गलत तरीके इंटर के पैसे का दुरुपयोग किया गया और इंटर की पढ़ाई को बंद किए जाने का एक कारण बताया और आधारभूत संरचना की कमी का हवाला दिया, जबकि लंबे समय से कॉलेज में मौजूदा व्यवस्था के साथ ही इंटर की पढ़ाई चल रही थी, लेकिन कॉलेज में अपना वर्चस्व रखने वाले कुछ लोगों ने साजिश के तहत कॉलेज में इंटर की पढ़ाई को बंद कराया, जिससे कॉलेज में हुए भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ न हो जाए। ज्ञात हो कि इंटर की पढ़ाई बंद हो जाने पर जिले के गरीब आदिवासी मूलवासी छात्रों की पढ़ाई पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। जिसके लिए विभिन्न छात्र संगठनों के छात्र नेता संयुक्त रूप से आंदोलनरत हैं और इंटर की बंद पढ़ाई को शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। छात्र नेताओं द्वारा लगाए गए आरोप पर उपायुक्त गुमला ने कहा कि यदि इससे संबंधित प्रमाण यदि मिलता है तो इसकी जांच कमेटी बनाकर इसकी जांच की जाएगी। मौके पर कुणाल शर्मा, रोहित प्रकाश, कुमार विवेक, कुमार सानू, कुमार सूरज, अनिल साहू, रोहित सिंह, कमलेश कुमार, अनीशा, खुशी, रूचिका सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शिक्षक की गोद में पलते हैं प्रलय और निर्माण : कर्नल



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में शिक्षक दिवस धूम-धाम से मनाया गया।

विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उनके साथ सभी शिक्षक मंच पर उपस्थित थे। छात्र वार्ता प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की छात्राएं अंकिता और गीत शर्मा ने राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व एवं योगदान पर महत्वपूर्ण बातें बताते हुए उन्हें व अपने शिक्षकों को नमन किया।

अतिथियों का स्वागत मंत्रोचार के बीच तिलक लगाकर किया गया। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात गुरु वंदना समूह गीत और हरीश स्तोत्र पर शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत किया गया। छात्र अंकुर ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर सबको मंत्रम मुग्ध कर दिया। शिक्षकों के बीच कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी रखी गयी थी।

मुख्य अतिथि कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने शिक्षकों का महत्व बताते हुए कहा कि आज जो भी अधिकारी, मंत्री, वैज्ञानिक और प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति देश का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं, उन्हें भी किसी शिक्षक ने ही इस योग्य बनाया है। इस अवसर पर मेरा आपके बीच आना एक सुखद एहसास है।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने गुरु महता पर प्रकाश डालते हुए कबीर के दोहा पढा एवं उसकी व्याख्या की। डॉ खान ने कहा कि बच्चों अपने गुरु का सिर्फ आज ही नहीं, सदैव सम्मान करें, क्योंकि गुरु ही आपके व्यक्तित्व व विकास का मार्गदर्शक है। एक शिक्षक का सही मार्गदर्शन हमें उन्नति के सोपान चढ़ने में मदद करता है।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन, विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने किया। इस अवसर पर शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों को उपहार भी दिए गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला अपने धर्म पत्नी संजू शुक्ल के साथ उपस्थित थे। सम्मानित अतिथि डॉ जयकुमार, कामाख्या नारायण सिंह सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति उपस्थित थे। मंच संचालन मीनाक्षी करण, प्रतिमा वर्मा और सुभाषिनी श्रीकंठ ने किया।

विद्यालय के कला शिक्षक श्री प्रवीर कुमार पात्रा ने रेत पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की कलाकृति बनायी, जिसे बच्चों ने देखा और सराहा ।

# राधाकृष्णन के जीवन से कुछ प्रेरणा लेकर लक्ष्य निर्धारित करें : मनोज कुमार सिंह

**हरिहरगंज व पीपरा में देश के महान शिक्षक डॉ राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया शिक्षक दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी तथा गैर शैक्षणिक संस्थानों में मंगलवार को शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त की गयी। वहीं छात्रों ने शिक्षकों को स्वप्रेम उपहार भी भेंट किये। इस दौरान हरिहरगंज शहर के गुरु कृपा कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर भारत के पूर्व उप राष्ट्रपति सह महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिक्षक दिवस मनाया गया। वहीं शिक्षकों ने छात्र छात्राओं के बीच डॉ एस. राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी प्रेरणा और आदर्शों पर चलने की अपील की। मौके पर संस्थान के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताये मार्ग पर छात्रों को चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को उनके जीवन से कुछ प्रेरणा लेकर जीवन में कुछ लक्ष्य निर्धारित कर पढाई करने की बात कही। इसके बाद छात्राओं ने शिक्षकों को उपहार भेंट किया। इस मौके पर बशिष्ठ कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, महेन्द्र कुमार, नविन कुमार सिंह, पप्पु सिंह, देवनंदन मेहता, कमलेश कुमार, पिंटु कुमार, प्रतिक राज, अभिषेक कुमार, नीरा देवी, निर्मला देवी, उषा, पूजा कुमारी, अंजलि, कशीष कायनात, नीरज, अजित कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**संवाददाता विश्रामपुर / पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरसीयू द्वारा संचालित सोहरी चंद्रवंशी बीपीएड कॉलेज,सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज, सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग कॉलेज और स्नातकोत्तर विभाग में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों द्वारा सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शिक्षक दिवस के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। डॉ कल्याण कुमार ने गुरु और शिष्य के संबंध के बारे में बताया। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी प्रस्तुत किया गया। जिसमे विश्वविद्यालय के पीजी विभाग के छात्र छात्राओं ने कई मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल, सहायक कुलसचिव डॉ बिंदा कुमारी, पीजी समन्वयक डॉ अशोक कुमार,डीन विज्ञान डॉ नूतन आर के तिवारी, एसोसिएट डीन डॉ अरिंदम घोष, कॉमर्स डीन डॉ रवीन्द्र केसरी, डॉ सुखदेव साहू, प्रो अजीत महतो, प्रो अमृता, डॉ राजदुलारी, प्रो शांति एक्का, डॉ जयप्रकाश, अजय कुमार, महबूब आलम, रोहित तिवारी, पंकज कुमार, रेशमा कुजूर, कुतुबुद्दीन, अनिल, कौशल किशोर नगर, इदरीश हवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# बच्चों का भविष्य गढ़ते हैं गुरु, उनका करें सम्मान: रामचंद्र



**संवाददाता विश्रामपुर / पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर के रेड रोज पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बाक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह व समाजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने किया। अतिथियों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया। रामचंद्र यादव ने कहा कि गुरु बच्चो का भविष्य गढ़ते हैं उनका हमेशा सम्मान करें। थाना प्रभारी शशि रंजन ने गुरु शिष्य के संबंध की महत्ता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा बच्चों ने भी शिक्षकों को उपहार भेंट किया। मौके पर शिक्षिका पम्मी, सरिता, मेघा, संध्या, पल्लवी, शुभम, दीपक कुमार, सुशांत कुमार, मोनू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## नर सेवा ही नारायण सेवा है : निर्दोष कुमार

**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत अंतर्गत सलैया भूईयां टोला में नारायण सेवा समिति ट्रस्ट सतबरवा के द्वारा अत्यंत गरीब और दिहाड़ी मजदूरी करने वालों के बीच निशुल्क साड़ी धोती शर्ट पैंट फ्रॉक सूट जींस आदि अनेक प्रकार के वस्त्रों का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि विगत कई वर्षों से समिति गरीबों के बीच खाना और कपड़ा निशुल्क वितरण कर रही है और आगे भी करते रहेगी, क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस कार्य में सतबरवा डाल्टनगंज समेत गयी। जगह के व्यवसाईयों का सहयोग होता है। आज हमें मणिका के कपड़ा विक्रेता अजय प्रसाद के द्वारा वस्त्र प्राप्त हुआ था। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। मौके पर संजू भूईयां, मानकी भूईयां, बालेसर भुइयां, भोला परहिया सुमित कई लोगों उपस्थित थे।**

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में समारोह पूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस, कई कार्यक्रम आयोजित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचम्पा और रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा में शिक्षक दिवस भव्य तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर दोनो स्कूलों में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल ने फीता काट कर किया। जिसके बाद अतिथियों ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान स्कुली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य दीपक तिवारी, शिक्षक शैलेश चौबे, लतीफ अंसारी, अजीत तिवारी, विकासदीप चौबे, नंदन ठाकुर, निशिका सिंह, मनीषा कुमारी, शिवानी राज सहित कई लोग मौजूद थे।**

## गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है : सुधा कुमारी



**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने शिक्षक दिवस के मौके पर अवकाश प्राप्त शिक्षक राम लखन सिंह को उनके किड्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सोल, पेंन डायरी और मिठाई देखकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है। भगवान से भी ऊंचा स्थान गुरु को दिया गया है। गुरु का मतलब है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए,वही गुरु है। वही सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंह ने कहा कि गुरु बच्चों के भविष्य गढ़ने में अपना जीवन व्यतीत कर देते हैं। शिक्षा के बिना अच्छे समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है, इसलिए शिक्षा देने वाले गुरु को हमें नमन करना चाहिए। मौके पर समाजसेवी अजय उरांव, सतीश सिंह चेरो समेत कई लोग उपस्थित थे।**

# जन कल्याण के लिए ही होते हैं संत, सरोवर, गुरु व तरुवर : कौशल

**पर्यावरणविद कौशल ने स्कूलों में पौधरोपण कर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की मनाया जयंती**
**गुरु से ज्ञान की और वनों से होता है सांसों का रिश्ता पर्यावरण धर्मगुरु**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु और वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर ने पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड के कंडा प्लस टू उच्च व मध्य विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनायी। जबकि सिमडेगा जिले के ठेठइटांगर प्रखंड के मिशन स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कल्पतरु, चंदन, आम और महोगनी का पौधा लगाया। वहीं वहां उपस्थित लोगों के बीच उन्होंने निःशुल्क पौधा भी वितरित किया। पौधरोपण के दौरान पर्यावरणविद ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाते उन्हें पर्यावरण से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि संत, सरोवर, गुरु और तरुवर दूसरे के परोपकार के लिए ही होते हैं। पर्यावरणविद ने कहा कि गुरु से ज्ञान की और वनों से सांसों का रिश्ता जुड़ा हुआ है। इसीलिए आदि काल से ही हमारे समाज में गुरु और तरुवर की पूजा होते आ रही है। उन्होंने मिशन स्कूल में 15 सौ और प्लस टू उच्च विद्यालय में 50 पौधा दान किया है। उन्होंने कहा कि आज गुरु की ही देन है कि हम चंद्रमा पर भी तिरंगा फहरा कर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराने में कामयाबी हासिल की है। वनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल के नेतृत्व में कंडा प्लस टू उच्च विद्यालय से प्रभात फेरी निकाली गयी। मौके पर प्रिंसिपल अशोक कुमार श्रीवास्तव, रूपेश, सुमित शंकर, निशांत कुमार बर्मन, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, बिगु कुमार, अमरेश सिंह, मुमताज, सुनील कुमार, मनोज सिंह, विजयकांत पांडेय, मेहनाज, विक्रम दुबे, अश्वनी दुबे, विवेक सिंह, श्वेता शर्मा, डा विश्वकर्मा, फादर डेबिट बड़ा, फादर अनफ्रेंड मिंज समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल थी।

## शिक्षक दिवस पर आरपीएस स्कूल और सिद्धनाथ बीएड कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला और सिद्धनाथ बीएड कॉलेज जपला में शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्रिया कलाप, खेल कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को आभार प्रकट करते हुए अपने कार्यक्रमों जैसे- गीत, शिक्षकों के लिए भाषण, नृत्य आदि प्रदर्शित किया। छात्र-छात्राओं के द्वारा स्टूडेंट टीचर की भूमिका निभाई गयी। दोनों संस्थानों के निर्देशक संजय सिंह ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ मेडल का वितरण करते हुए प्रोत्साहित किया। मौके पर निदेशक श्री सिंह ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान के समान पूज्य माना गया है। हमे शिक्षक दिवस के दिन ही नही अपितु जीवनभर अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्या का मूल भूत उदेश्य मानव मात्र की सेवा है और यही हमारी गुरुवो की सच्ची भेंट है। हमें स्वयं को ज्ञान से भरना है और नई पीढ़ी को मजबूत बनाने का भरपूर प्रयास करना है।

## हुसैनाबाद के सरकारी व गैरसरकारी शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सरकारी व गैरसरकारी शिक्षण संस्थान में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में उनके तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर मनाया गया। क्षेत्र के एके सिंह कॉलेज, एसबीएस कॉलेज, आईटीआई कॉलेज, आरपीएस पब्लिक स्कूल, सिद्धनाथ बीएड कॉलेज, डिवाइन पब्लिक स्कूल, सेस स्कूल, सर्वोदय विद्या भारती, श्री मां बाल विकास विद्यालय, ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, शिवशक्ति नगर के समता स्कूल, किडस जोन स्कूल, चाणक्या साइंस एकेडमी, एटूजेड क्लासेस, मध्य विद्यालय, कन्या मध्य बिद्यालय, प्लस टू बालिका उच्च बिद्यालय, सतीश राज पब्लिक स्कूल, दक्ष पब्लिक स्कूल, बुन पब्लिक स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षक को उपहार भेंट कर शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, प्रो डॉ आलोक रंजन, कन्हैया प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, सतीश कुमार, राजेश प्रसाद, इंजीनियर कामरान खान, कौशल किशोरम, राकी मुक्ता, कृष्ण कुमार तिवारी, पंकज कुमार सिंह, दिन मोहम्मद अंसारी, अक्षय कुमार चौहान, तपेन्द्र कुमार सिंह, रवि कुमार गुप्ता, रवि कुमार सिंह, निरंजन प्रसाद सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।**

## स्पोर्ट्स



वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को होना है। वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन की शुरूआत 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मुकाबले के साथ अहमदाबाद से होगी।

# वनडे वर्ल्डकप के लिए टीम इंडिया का एलान

## रोहित शर्मा कप्तान, सूर्यकुमार को मौका, सैमसन और तिलक बाहर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 1.30 बजे टीम के 15 खिलाड़ियों के नाम अनाउंस किया। श्रीलंका के कैंडी में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजित अगरकर के साथ टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी मौजूद थे।

भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरूआत 5 अक्टूबर से हो रही है। भारत का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई के चेपॉक मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### यह है भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।

### एशिया कप के लिए घोषित 18 में से ही चुने गये 15 खिलाड़ी

श्रीलंका में इस समय चल रहे एशिया कप के लिए भारत की जो 18 मेंबर्स वाली टीम चुनी गई थी, उन्हीं में से 15 खिलाड़ी वर्ल्ड कप की टीम में आए हैं। एशिया कप टीम में मौजूद तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और संजू सैमसन वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। टीम में युजवेंद्र चहल को भी मौका नहीं मिला है।



### भारत-पाक मुकाबला 14 अक्टूबर

वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है। भारत वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में करेगा।

### वर्ल्ड कप में खेले जायेंगे 48 मुकाबले

भारत में अक्टूबर-नवंबर में 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड होगा, जिसमें 48 मैच खेले जायेंगे। पहला मैच 5 अक्टूबर को पिछले वर्ल्ड कप की विजेता और उप-विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में होगा। 12 नवंबर तक ग्रुप स्टेज के 45 मैच होंगे। 15 और 16 नवंबर को 2 सेमीफाइनल और 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल खेला जाएगा।

### वर्ल्ड कप की शुरूआत 5 अक्टूबर को होगी

वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन की शुरूआत 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मुकाबले के साथ अहमदाबाद से होगी।

## वनडे वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका टीम घोषित

**टेम्बा बवुमा को सौंपी कमान, 7 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ पहला मुकाबला**

**नयी दिल्ली।** टेंबा बावुमा पहली बार वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका टीम की कप्तानी करेंगे। टेम्बा बावुमा पहली बार वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका टीम की कप्तानी करेंगे। वनडे वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका के 15 सदस्यीय टीम की घोषणा हो गयी है। वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में शुरू होना है। बावुमा सहित 8 खिलाड़ी पहली बार वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा हैं। विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक वर्ल्ड कप के बाद संन्यास लेंगे विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक वर्ल्ड कप के बाद संन्यास लेंगे।

वहीं अफ्रीकी टीम में इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को भी जगह मिली है।

### वनडे वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका की टीम

टेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, सिसंडा मगाला, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन।

## गैंगस्टर प्रिंस गैंग के पांच अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस और बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर धनबाद पुलिस का शिकंजा लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसता जा रहा है। व्यवसायीयों के लिए आतंक का पर्याय बन चुका प्रिंस का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त करने में पुलिस दिन रात लगी हुई है। पिछले दिनों मटकुरिया रोड के कैपिटल मोटर्स और पुराना बाजार के घराना जेवेलर्स पर हुए फायरिंग मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने प्रिंस गैंग्स का 5 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। मंगलवार को एसएसपी संजीव कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर इस आशय की जानकारी दी। एसएसपी ने बताया की पिछले दिनों घटित दो कांडो का पुलिस ने उद्भेदन कर 5 अपराधीयों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। कहा कि प्रिंस खान उर्फ हैदर अली गैंग द्वारा 12 अगस्त को बैंकमोड़ थाना अंतर्गत मटकुरिया रोड में कैपिटल मोटर्स के सामने और 29 अगस्त को पुराना बाजार रोड स्थित घराना ज्वेलर्स में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर दोनों घटना में शामिल प्रिंस खान गैंग के कुल 5 सक्रिय सदस्यों को घटना में प्रयुक्त हथियार एवं मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में से आजाद आलम, गोलु रवानी एवं शिवा कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। घटना को अंजाम देने वाला मास्टर माईंड आजाद है, जो मई महीने में ही जेल से बाहर आया है। हथियार शिवा कुमार के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल चोरी का है जिसे वह आजाद ने पुटकी से 17 हजार में खरीदा था। घटना को अंजाम देने के लिए प्रिंस खान गैंग के द्वारा 25-25 हजार रूपया आजाद आलम को दिये गये थे, जिसे उसने अपने सभी सहयोगी को काम के हिसाब से बांट दिया था। मटकुरिया रोड में गोली आजाद आलम ने खुद चलाया था, जबकि घराना ज्वलर्स में विकास कुमार महतो के द्वारा गोली चलाये जाने की पूछताछ में बात बतायी गयी है।



### एसएसपी की अपील, अपराधियों के बहकावे में न आये नयी पीढ़ी

धनबाद में अपराधियों के बहकावे में आकर कम उम्र के युवा अपराधी बनते जा रहे है। 5/6 हजार के लिए अपराधियों के साथ जुड़कर घटना को फायरिंग जैसी घटना को अंजाम दे रहे है, और पकड़े जाने पर अपनी जिंदगी सहित परिवार को भी दाग दार कर रहे है। कहा की अगर अपराध का खात्मा करना है तो घर परिवार और समाज को अपने लड़कों के गतिविधियों पर नजर बनाए रखना होगा ताकि वह गलत संगत में न पड़े। क्योंकि अपराधी युवा वर्ग को तरह तरह की लालच देकर प्रेरित करते हैं और युवा वर्ग इनके चंगुल में फसते चले जाते है। इससे उनका कैरियर खत्म हो जाता है, और जेल के सलाखों के पीछे जिंदगी बिताते है। कहा की जो अपराध को अंजाम देने वाले किसी भी अपराधी को छोड़ेंगे नहीं। इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले पकड़े गए सभी अपराधी 20 से 21 वर्ष के है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी और बरामद सामान

पुलिस द्वारा अपराधियों में मोहम्मद आजाद आलम उर्फ आजाद खान वासेपुर, विकास कुमार महतो मटकुरिया चेकपोस्ट, जुगनू अंसारी, गोलू कुमार रवानी उर्फ बुम्बा मटकुरिया नियर वासेपुर टीओपी, शिवम कुमार प्रसाद उर्फ शिवा प्रसाद न्यू कॉलोनी धैया धनबाद है। इनके पास से 1 देशी पिस्टल, 8 जिंदा गोली, 3 मोबाइल, 1 मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद किया गया है।

## बोर्रागढ़ पुलिस ने बाइक चोरी मामले का किया उद्भेदन, चार गिरफ्तार



धनसार। बोरागढ़ ओ पी थाना क्षेत्र के अंतर्गत के पिछले दिनों हुई मोटर साइकिल चोरी का उदभेदन करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। इस मंगलवार को बोर्रागढ़ ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दिनों सुरेंद्र कॉलोनी निवासी मुन्ना सिंह के घर के सामने से जेएच10बीई/7078 मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत पुलिस से की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी में संलिप्त चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसका पांचवा साथी फिलहाल फरार है। पुलिस उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी। पकड़े गए नामजद आरोपियों में बोर्रागढ़ सुरेंद्र कॉलोनी निवासी पवन सिंह व मोनू कुमार हैं जबकि दो आरोपी छोटू कुमार उर्फ टेनी और मनीष यादव केंदुआडीह 4 न. खटाल के रहने वाले हैं। मास्टर माइंड छोटू कुमार उर्फ टेनी है। छोटू घर से ही चोरी की गई मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद किया है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि बोर्रागढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गलत काम को नहीं होने दिया जाएगा। गिरफ्तार चारों अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

## मोटे अनाज से बने हुए व्यंजन का सामूहिक भोज

**जैनामोड़(बेरमो)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जैनामोड़ में मोटे अनाज से बने हुए व्यंजन का सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह के द्वारा ने सरस्वती शिशु विधा मंदिर में किया गया। यहां स्कूल के बच्चे, शिक्षक, अभिभावकों के बीच में सामूहिक रूप से मिट अनाज से बने मरवा के लड्डू, इटली, रोटी आदि पकवान का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह ने कहा मोटे अनाज ऐसी फसल है जिसमें अत्यधिक पोषक तत्व होते हैं। इसमें प्रोटीन, खनिज और फाइबर से भरपूर मात्रा होती हैं। जिस कारण गैर मोटे अनाजों की तुलना में इसमें अधिक पौष्टिक प्राप्त होता है। यह फसल मधुमेंह एवं हृदय रोग को नियंत्रित करने में मदद करता है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

**अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-07/2023-24**

**दिनांक –02.09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | रेड़वा नाला पर एकल चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– कामडारा, जिला–गुमला |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 93.937 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 13.09.2023 |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 22.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड,फी,अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.09.2023 3:00 बजे अपराहन् तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। eemidgum@gmail.com 8986890345 |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल,रॉची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

**नोटः**–केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

**PR 306139 (Police Wireless Headquarter)23-24*D**



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

ई०–निविदा आमंत्रण सूचना

ई०–निविदा संख्या–WRD/MID/KHUNTI/ $F_2$-12/2023-24 दिनांक –04.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | फुलकोडोड़ा पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखंड–तोरपा,जिला–खूँटी |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 94.819 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 20.09.2023 |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड,फी,अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2023 3:00 बजे अपराहन् तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी। eemidkhun-cemr-jhr@nic.in 9934355409 |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल,रॉची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई,रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

**नोटः**–केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी**

**PR306244 (Minor Irrigation)23-24*D**


# टूटे पुल का पुनर्निर्माण करवाने की मांग को ले लहरियाटांड के ग्रामीणों ने की सड़क जाम

## गोविंदपुर परियोजना से कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य को किया ठप



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल(बेरमो)।** बोकारो थर्मल स्थित गोविंदपुर सिक्स यूनिट एवं लहरियाटांड को जोड़ने वाली टीसी कॉलोनी में नाले के उपर बने पुलिया 22 अगस्त की रात्रि तेज बारिश में बह गई थी। जिसका पुनः निर्माण को लेकर मंगलवार को लहरियाटांड के ग्रामीणों ने गोविंदपुर मैगजीन के समीप मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जिसे गोविंदपुर परियोजना से होने वाली कोयले का ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप हो गई। ग्रामीणों का सड़क जाम आंदोलन मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे शुरू हुई। वहीं सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे गोविंदपुर स्वांग के परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने आंदोलनरत ग्रामीणों से वार्ता किए। जिसमें पीओ श्री तिवारी ने लगभग एक माह में टूटे हुए पुल के जगह नए पुल का निर्माण करवा देने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया एवं तत्काल ग्रामीणों के आवागमन के लिए परियोजना से गुजरने वाली छतिग्रस्त सड़क में ओबी मिट्टी डंप कर सड़क का वैकल्पिक व्यवस्था कर देने का भी आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने लगभग चार बजे ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप करने का आंदोलन समाप्त कर दिया। आंदोलन का नेतत्व कर रही गोविंदपुर एफ पंचायत समिति सदस्य बेबी रजक ने बताया कि सीसीएल गोविंदपुर प्रबंधन द्वारा सीसीएल के बी टाइप कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी, माइनस कॉलोनी, टीसी कॉलोनी एवं टीएच आदि कॉलोनियों में निर्मित नालों का पानी को बहाने के लिए इस बड़े नाले का निर्माण करवाया गया हैं। जिसे कोनार नदी में प्रवाह किया जाता हैं। इसी बड़े नाले के उपर यह पुलिया बनाई गई हैं। जो पानी के तेज बहाव में बह गई थी। वहीं समाजसेवी किरण देवी, वार्ड सदस्य कांति देवी ने बताया कि इसी छतिग्रस्त पुल के जरिए लहरियाटांड के लोग बोकारो थर्मल स्कूल, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, कथारा आने जाने का एक मात्र साधन हैं। कहे कि इस छतिग्रस्त पुल का निर्माण पिछले वर्ष दिसंबर माह में कारवाई गई थी। मात्र 9 माह में ही पुल टूट कर बह गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य बेबी रजक, वार्ड सदस्य कांति देवी, राजेश रजक, बालगोविंद प्रजापति, बिरसा रजक, कृष्णा रजक, दुलेश्वर प्रजापति, लाल चंद प्रजापति, चूरामण प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, मनिक चन्द प्रजापति, किरण देवी, अनिता देवी, मालती देवी, कुन्ती देवी, इंदु देवी, निर्मला देवी, शांति देवी, पारो देवी, उर्मिला देवी सहित अन्य कई महिला व पुरुष मौजूद रहें।

## पुलिस ने कहा आरोपियों ने नोटिस लेने से किया मना

**लोयाबाद।** बासदेवपुर मे कचरा डंपिंग को लेकर चर रहे विवाद मामले मे लोयाबाद पुलिस ने तीन आरोपियो को नोटिस देने की कोशिश की गई,परंतु आरोपियो ने नोटिस लेने से इंकार कर दिया।नोटिस नही लेने की सूरत मे अब पुलिस उनलोगो के खिलाफ वारंट लेगी, जिसके बाद आरोपियो की गिरफ्तारी की जाएगी। उक्त जानकारी लोयाबाद थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने दी। जबकि रूपा देवी का कहना है कि पुलिस ने अभी तक उन्हे नोटिस नही दी है,नोटिस देने पर जवाब दिया जाएगा। सोमवार को पुलिस ने बासदेवपुर मे कचरा डंपिंग का विरोध जता रही दो महिलाओ को गिरफ्तार कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया था परंतु न्यायालय ने उन्हे नोटिस देकर वारंट निर्गत कर गिरफ्तार करने का आदेश दिया।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

ई०–निविदा आमंत्रण सूचना

ई०–निविदा संख्या–WRD/MID/KHUNTI/ $F_2$-13/2023-24 दिनांक –04.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बुढ़ी पतरा नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखंड–तोरपा,जिला–खूँटी |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 95.923 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 20.09.2023 |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड,फी,अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2023 3:00 बजे अपराहन् तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी। eemidkhun-cemr-jhr@nic.in 9934355409 |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल,रॉची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

**नोटः**–केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी।**

PR 306247 (Minor Irrigation) 23-24 (D)



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

**ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई०–निविदा संख्या– WRD/MID/KHUNTI/ $F_2$-16/2023-24 दिनांक – 04.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बुरूडीह नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखंड–राहे,जिला–रॉची |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 66.112 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 20.09.2023 |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड,फी,अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2023 3:00 बजे अपराहन् तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी। eemidkhun-cemr-jhr@nic.in 9934355409 |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल,रॉची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी**

PR 306253 Minor Irrigation (23-24)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-12/2023-24

दिनांक –02.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | किसनी घोड़ा टोली नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– कामडारा, जिला– गुमला |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 69.448 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 13.09.2023 |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 22.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड,फी,अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.09.2023 3:00 बजे अपराहन् तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। eemidgum@gmail.com 8986890345 |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल,रॉची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

**नोटः**–केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

**PR 306152 Minor Irrigation(23-24)#D**



### कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा
### बीर बुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा

E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com

**आम सूचना**

माह– सितम्बर–2023 में विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवनों एवं पशु अस्पतालों में "दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर" आयोजन हेतू सूची एवं कार्यक्रम का विवरण तिथिवार :–

| क्र. स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | चन्दलासो | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | पंचायत भवन, चन्दलासो | डा0 शकुन्तला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू लेहरदगा 9934038731/9431361554 |
| 2 | | कक्करगढ़े | 11.09.2023 एवं 12.09.2023 | रानीटौंगरी | |
| 3 | | टाटी | 13.09.2023 एवं 14.09.2023 | पंचायत भवन, टाटी | |
| 4 | लोहरदगा | जोरी | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | जोरी | डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| 5 | | तिगरा | 11.09.2023 एवं 12.09.2023 | तिगरा | |
| 6 | | मन्हो | 13.09.2023 एवं 14.09.2023 | बंजार किस्को | |
| 7 | | हेसल | 15.09.2023 एवं 16.09.2023 | हेसल | |
| 8 | | बाघा | 20.09.2023 एवं 21.09.2023 | बाघा | |
| 9 | | जुरिया | 22.09.2023 एवं 23.09.2023 | जुरिया | |
| 10 | सेन्हा | अरू | 05.09.2023 एवं 06.09.2023 | पतराटोली | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| 11 | | झालजमीरा | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | बड़काटोली | |
| 12 | भण्डरा | भीठा | 13.09.2023 एवं 14.09.2023 | पंचायत भवन, भीठा | डा0 संजय उराँव भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी चट्टी 9905411330 |
| 13 | किस्को | बेटहठ | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | पंचायत भवन, बेटहठ | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरचा, 9430190718 |

**नोटः**– लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि/मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बीमारियों से बचाव हेतु टीका/औषधि अवश्य दिलाएँ।

**जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**

**PR.NO.306277 Lohardaga(23-24):D**



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी

**ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– PMAAGY/MID/KHUNTI/F2-1/2023-24**

**दिनांक–04.09.2023**

**कार्य का नामः–**

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | ग्राम | प्रखंड | जिला | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | Construction of PCC Road 700 ft From Kala Road to Kharwa Gadi Toli Tal ab | धुनसुली | कर्रा | खूँटी | 10.15 | 0.025 | 90 दिन |
| 2. | Construction of 700 ft PCC Road From Bilash Singh House to Bajargbali Mandir | लापा | कर्रा | खूँटी | 10.15 | 0.025 | 90 दिन |
| 3. | Construction of 689 ft PCC Road Awc to Sarna | डुमरगड़ा | खूँटी | खूँटी | 10.00 | 0.025 | 90 दिन |
| 4. | Construction of 700 ft PCC Road Siladon Bartoli Main Road to Mela Tard From Gutjora Main Road | सिलादोन | खूँटी | खूँटी | 10.15 | 0.025 | 90 दिन |
| 5. | Construction of 745 ft PCC Road From Lakhiram House to Filed. | सिंभूकेल | खूँटी | खूँटी | 10.80 | 0.025 | 90 दिन |
| 6. | Construction of 744.82 ft PCC Road From Raina Marcha Main Road to Mangal Kandulna's Filed | बालाखेल | रनियॉ | खूँटी | 10.80 | 0.025 | 90 दिन |
| 7. | Construction of 744.82 PCC Road From School to Niyaran Kandulna | टोकेन | रनियॉ | खूँटी | 10.80 | 0.025 | 90 दिन |
| 8. | Construction of 744.82 ft PCC Road From Pahan Toli to Bisram Pahan's House | मनहातू | रनियॉ | खूँटी | 10.80 | 0.025 | 90 दिन |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–08.09.2023
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–14.09.2023 अपराहन 5:00 बजे तक
4. लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी कार्यालय में निविदा शुल्क,अग्रधन की राशि,शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किए गए योग्यता दस्तावेज इत्यादि की एक प्रति जमा करने की तिथिः–15.09.2023 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथिः–16.09.2023 को अपराहन 1:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी/9934355409/email:- midivkhunti@gmail.com
7. परिमाण विपत्र का मूल्य(जो लौटाया नहीं जाएगा) राष्ट्रीकृत बैंक(भारतीय स्टेट बैंक (अन्य)) द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट (निविदाकार के स्वंय के बैंक खाता से निर्गत तथा निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का होना चाहिए) के माध्यम से लिया जाएगा,जो कार्यपालक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी(Executive Engineer, Minor Irrigation Division,Khunti) के पदनाम से निर्गत होगा एवं खूँटी में भुगतेय होगा।
8. अग्रधन की राशि(प्राक्कलित राशि का 2 प्रतिशत) जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से Pledge तथा निविदा प्रकाशन की बाद की तिथि का मान्य होगा।
9. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट–बढ सकती है। तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी**

**PR 306254 Minor Irrigation(23-24).D**

## न्यूज रील्स

### जो बाइडेन की पत्नी जिल कोविड पॉजिटिव

वॉशिंगटन। जी20 के शिखर सम्मेलन के लिए भारत आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन कोविड पॉजिटिव हैं। 80 साल के बाइडेन 7 सितंबर को 4 दिन के दौरे पर भारत आने वाले हैं। इस पर व्हाइट हाउस ने कहा है कि बाइडेन की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आयी है। वहीं, जिल बाइडेन डेलावेयर में उनके घर पर क्वारेंटाइन हैं। व्हाइट हाउस ने बताया है कि उनमें कोरोना के लक्षण काफी मामूली हैं।

### अमित शाह 16 सितंबर को बिहार दौरे पर

पटना। बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर जनसभा की शुरूआत हो चुकी है। गृह मंत्री अमित शाह 76 दिन बाद फिर बिहार में जनसभा करेंगे। वो 16 सितंबर को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। बिहार के मधुबनी जिला के झंझारपुर में उनकी चुनावी सभा होनी है।

### दिनेश शर्मा ने राज्यसभा के लिए नामांकन किया निर्विरोध चुना जाना तय

लखनऊ। लखनऊ में मंगलवार को पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। मौके पर सीएम योगी और दोनों डिप्टी सीएम मौजूद थे। शर्मा ने कहा कि आज शिक्षक दिवस है। भाजपा ने शिक्षक दिवस पर राज्यसभा का उम्मीदवार बना कर गिफ्ट दिया है।

# भद्रक-निर्गुंडी परियोजना पर तेजी से हो रहा काम

## रेलवे सुरक्षा प्राधिकरण (सीआरएस) के निकट तीसरी लाइन के कार्य का निरीक्षण किया

- तीसरी लाइन हरिदासपुर और बैरी रेलवे स्टेशनों के बीच चालू है।
- 92 किमी में से 25.3 किमी पूरा हो चुका है और चालू है।




आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन परियोजना पर काम युद्धकालीन आधार पर चल रहा है, जबकि हरिदासपुर और बैरी रेलवे स्टेशन (16.80 किमी) के बीच तीसरी लाइन पूरी हो चुकी है और चालू हो गयी है। रेलवे खंड का निरीक्षण रेलवे सुरक्षा निदेशालय (सीआरएस), दक्षिण पूर्व सर्कल, कोलकाता द्वारा किया गया था। निरीक्षण के दौरान, सभी सुरक्षा पहलुओं की गहन जांच की गयी और ट्रेन की आवाजाही की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए स्पीड ट्रायल भी किया गया। पूर्व तट रेलवे के खुर्दा रोड रेलवे जोन के तहत भद्रक और कटक रेलवे स्टेशनों के बीच हावड़ा-चेन्नई मुख्य रेलवे लाइन पर भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन परियोजना का निर्माण कार्य पूरे जोरों पर चल रहा है। इस प्रोजेक्ट का 60 फीसदी से ज्यादा निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। यह माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा परियोजना कार्यों की निरंतर समीक्षा के कारण संभव हुआ है ओडिशा में चल रही कई परियोजनाओं के साथ-साथ, वैष्णव क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और विकास कार्यों की निगरानी भी कर रहे हैं। भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन के निर्माण से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और हावड़ा-चेन्नई मुख्य रेल मार्ग को बढ़ावा मिलेगा और परेशानी मुक्त ट्रेन यात्रा प्रदान करेगा। महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को पूर्व तट रेलवे के तहत कई परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। शर्मा ने अधिकारियों को परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों सहित हितधारकों के साथ समन्वय करने की भी सलाह दी।

# जिले का दर्जा देने की मांग को लेकर आज 12 घंटे के लिए कंटाबांजी बंद

आजाद सिपाही संवाददाता






**भूवनेश्वर।** बलांगीर कंटाबांजी को जिले का दर्जा देने की मांग को लेकर आज 12 घंटे के कंटाबांजी बंद का आह्वान किया गया है। यह आह्वान कंटाबांजी जिला संघर्ष समिति ने किया है। आज सुबह से सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सवि मार्केट, स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालय बंद हैं। हालांकि, इस बंद के आह्वान में शहर के 30 से ज्यादा संगठन शामिल हैं। इंदिरा चौक के पास जिला संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं कंटाबांजी में सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक चका जाम की गई है। कंटाबांजी शहर को जोड़ने वाली सड़क अवरुद्ध होने से सैकड़ों वाहन भी फंस गये हैं। इस मांग को शहर के कई व्यावसायिक संस्थानों और कई स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन दिया है। हालांकि, पहले भी जिले का दर्जा देने की मांग को लेकर जोरदार आंदोलन हुआ था। हाल ही में 22 अगस्त को कंटाबांजी जिला संघर्ष समिति ने बंद का आह्वान किया था।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


# हाइकोर्ट में दो नये जजों ने ली शपथ: चीफ जस्टिस ने पद की शपथ दिलायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** कटक हाई कोर्ट में 2 नये जजों ने शपथ ली। जानकारी के मुताबिक जस्टिस शिव शंकर मिश्र और जस्टिस आनंद चंद्र बेहेरा दोनों ने आज हाई कोर्ट के नए जजों के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह हाई कोर्ट की पुरानी बिल्डिंग के नये कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित किया गया। अब हाईकोर्ट जजों की संख्या 22 तक पहुंच गयी है। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शुभाशीष तालपत्र ने इन दोनों जजों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में हाईकोर्ट के सभी जज, पूर्व जज, कई वरिष्ठ वकील, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यकर्ता और सभी अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे ।

# जाली नोट जब्त करने के मामले में एसटीएफ ने आरोपी के घर की तलाशी ली

आजाद सिपाही सवांददाता

**भुवनेश्वर।** सुबर्णपुर जिला उलुंडा थाना मातिखाई नयी बस्ती से नकली नोटों की जब्ती के मामले में आरोपी के घर की फिर से तलाशी ली गयी है। अपराध शाखा एसटीएफ टीम ने कई दस्तावेजों की जांच कर रहे है।





गौरतलब है कि क्राइम ब्रांच डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम मातिखायी नयी बस्ती पहुंची और जाली नोट की मामले में गिरफ्तार आरोपी दीपक मेहर के घर पर तलाशी अभियान शुरू की। पता चला है कि आरोपी के घर पर कई दस्तावेजों की जांच की गई और वे वापस आ गये। अपराध शाखा के एसटीएफ के निरीक्षण के दौरान उलुंडा पुलिस स्टेशन के एसआई सरोज पाणिग्राही और स्मिता दास मौजूद थे। तीन दिन पहले क्राइम ब्रांच एसटीएफ की टीम ने 41 लाख 16 हजार के जाली नोट जब्त किए थे।

# बर्तन निर्माण क्षेत्र में बीआइएस प्रमाण पत्र लेने में जिंदल स्टेनलेस अग्रणी

आजाद सिपाही सवांददाता

**नयी दिल्ली/भूवनेश्वर** पांच सितंबर 2023 भारतीय मानक ब्यूरो, (बीआईएस) भारत में कयी उत्पादों के लिए गुणवत्ता और प्रमाणन मानक स्थापित करने के लिए जिम्मेदार नोडल निकाय ने हाल ही में मानक आईएस के तहत तीन ग्रेड। एन5ए एन6 और एन7 पेश किए हैं। 15997 विशेष रूप से बर्तनों और बर्तन अनुप्रयोगों में उपयोग किये जाने वाले स्टेनलेस स्टील के लिए है। यह उपभोक्ताओं के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है क्योंकि खाद्य संपर्क सामग्री में स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। जिंदल स्टेनलेसए भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील कंपनी उन्नत मानक के तहत उन ग्रेडों के लिए आवेदन करने और प्रमाणन सुरक्षित करने वाली पहली कंपनियों में से एक है। मानक के दायरे में वृद्धि बीआईएस विनिदेर्शों के दायरे में स्टेनलेस स्टील के कम निकेल, (नी एक प्रतिशत के साथ) क्रोमियम मैंगनीज ग्रेड लाती है। यह देखते हुए कि भारत में बर्तनों के लिए उपयोग किए जाने वाले स्टेनलेस स्टील का एक महत्वपूर्ण हिस्सा इस श्रेणी में आता हैए मानक में इन तीन ग्रेडों को जोड़ने से बर्तनों और रसोई के बर्तनों में उपयोग किए जाने वाले स्टेनलेस स्टील के लिए एक नयी गुणवत्ता व्यवस्था शुरू करने में मदद मिलेगी। इस विकास पर टिप्पणी करते हुए जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहाए बीआईएस द्वारा बर्तनों और रसोई के बर्तनों के लिए इन नये ग्रेडों को शामिल करने का निर्णय उपभोक्ता कल्याण की सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। जिंदल स्टेनलेस हमेशा गुणवत्ता क्रांति में सबसे आगे रहा है और हमने उनके प्रयासों में बीआईएस के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया है। मैं सरकार से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए स्टेनलेस स्टीलए विशेष रूप से बर्तन और बरतन क्षेत्र में बीआईएस मानकों का पालन करना अनिवार्य बनाने का अनुरोध करता हूं।

# काठमांडू कलिंग साहित्य महोत्सव में सोआ को सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (सोआ) को 1 से 3 सितंबर तक नेपाल के काठमांडू में आयोजित काठमांडू-कलिंग साहित्य महोत्सव के दूसरे संस्करण में यशस्वी शिक्षा



विश्वविद्यालय पुरस्कार प्रदान किया गया। सोआ संस्थापक अध्यक्ष के विशेष कर्तव्य अधिकारी प्रीतम नायक ने नेपाल के विदेश मंत्री से पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. बिबेक देबरॉय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कलिंग साहित्य महोत्सव के संस्थापक रश्मीरंजन परिडा और इसके नेपाल चैप्टर की सह-संस्थापक सुश्री रंजना भी उपस्थित थी। नृत्य और अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया गया।

# भौतिकी संस्थान ने 49वें स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही सवांददाता

**भुवनेश्वर।** भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर ने आज एक उल्लेखनीय समारोह आयोजित किया जब अपने 49वें स्थापना दिवस चार सितंबर 2023 को मनाया। संस्थान ने अपने समृद्ध इतिहास और भौतिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्म योगदान को मनाने के लिए अपने परिसर मंद उल्लेखनी कार्यक्रमों की एक श्रृंखला की मेजबानी की। विशिष्ट भौतिक विज्ञानी प्रो. पिनाकी मजूमदार, निदेशक, हरिश-चंद्र अनुसंधान संस्थान, प्रयागराज (इलाबाहाद) ने मुख्य अतिथि के रुप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी । प्रो. मजूमदार ने




भारत के व्यापक शैक्षिक परिदृश्य में अनुसंधान संस्थानों की भूमिका और स्थायी प्रासंगिकता परअमूल्य अंत र्दष्टि साझा की। यह कार्यक्रम प्रोफेसर करुणाकर नंद, निदेशक, भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया, संस्थान के शैक्षणिक और अनुसंधान प्रयासों पर एक प्रेरकचचा 'प्रस्तुत की गयी। यह आयोजन जिनके सावधानी पूर्वक योजना और कार्य क्रम समिति के सदस्यों की उपस्थिति के कारण बेहद सफल रहा, वे हैं प्रो. बी. आर. शेखर, अध्यक्ष, स्थापना दिवस आयोजन समिति-2023, डॉ. एस.एन. षडंगी, रजिस्ट्रार और कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बासुदेव मोहांति कार्यक्रम का समापन संस्थान के समुदाय की विविध प्रतिभाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करने वाले एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, अपने अस्तित्व के 50वें वर्ष की शुरूआत करते हुए, अकादमिक उत्कृष्टता के एक और वर्ष और भौतिकी की दुनिया में निरंतरयोगदान की प्रतीक्षा कर रहा है। संपादकों के लिए नोटः यह प्रेस विज्ञप्ति संस्थान के 49वें स्थापना दिवस समारोह को एक समाचार के रूप में कवर करने के लिए मीडिया से अनुरोध के रूप में कार्य करती है।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**